आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 31°C | 27°C |

इनसाइड न्यूज

**सरकारी अस्पताल में गबन का खेल:** 25 महीने तक 7.24 लाख डकारे...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

गुरुवार 28 अगस्त, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 311 | www.janexpresslive.com/epaper



पीएम मोदी और अमित शाह का असम... 12

# पहाड़ों पर तबाही की बारिश और उफान पर नदियां

## जम्मू में 296 मिमी बारिश, 115 साल का रिकॉर्ड टूटा: पंजाब के गुरदासपुर में 400 स्टूडेंट्स-टीचर्स फंसे, 5 फीट पानी, करतारपुर साहिब कॉरिडोर-गुरुद्वारा डूबा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी।
नई दिल्ली/जम्मू।

जम्मू में बारिश का 115 साल का रिकॉर्ड टूट गया। मौसम विभाग के मुताबिक मंगलवार सुबह 8.30 बजे से बुधवार सुबह 8.30 बजे तक 296 मिमी बारिश हुई। इससे पहले 52 साल पहले 1973 में 9 अगस्त को 272.6 मिमी बारिश हुई थी। पंजाब में लगातार बारिश से नदियां उफान पर हैं। बांधों से पानी छोड़ने के कारण बुधवार को पठानकोट, गुरदासपुर, तरनतारन, होशियारपुर, कपूरथला, फिरोजपुर और फाजिल्का में बाढ़ आ गई है। गुरदासपुर के दबुरी स्थित नवोदय विद्यालय में 400 से ज्यादा स्टूडेंट्स और टीचर्स बाढ़ में फंस गए हैं। स्कूल के ग्राउंड फ्लोर पर 5 फीट पानी भर गया है। बच्चों को फर्स्ट फ्लोर पर रखा गया है। स्टूडेंट्स और टीचर्स को निकालने के लिए एनडीआरएफ और सेना की टीमें भेजी गई हैं। राज्य में भारी बारिश के चलते सभी स्कूलों को 30 अगस्त तक बंद करने के आदेश दिए गए हैं।



### सीएम उमर अब्दुल्ला ने पीएम मोदी को बारिश-बाढ़ की स्थिति के बारे में बताया

जम्मू-कश्मीर के बाढ़ प्रभावित इलाकों से 10 हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि किश्तवाड़ जिले के सुदूर मार्गी इलाके में अचानक आई बाढ़ में 10 रिहायशी घर और एक पुल बह गया, लेकिन किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जम्मू क्षेत्र में भारी बारिश और बाढ़ से उत्पन्न स्थिति के बारे में बताया। उमर ने जम्मू-कश्मीर के लोगों को निरंतर मदद करने के मोदी के आश्वासन के लिए आभार व्यक्त किया। मंगलवार को जम्मू प्रांत के बड़े हिस्से में लगातार बारिश हुई, जिससे क्षेत्र में भारी तबाही मची। भूस्खलन, निचले इलाकों में जलभराव और कई सड़कें तथा पुल बह गए। जम्मू-कश्मीर में 24 घंटे बंद रहने के बाद एयरटेल और जियो कंपनी की मोबाइल इंटरनेट, कॉलिंग और फाइबर सेवाएं बहाल कर दी गईं।

### पंजाब के गुरदासपुर में नवोदय विद्यालय में पानी भरा, 400 छात्र-शिक्षक फंसे

पंजाब के गुरदासपुर के डबुरी स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में बाढ़ का पानी भर गया है। स्कूल में करीब 400 स्टूडेंट्स और शिक्षक फंसे हुए हैं। सभी को सुरक्षित निकालने का प्रयास लगातार जारी है। विद्यालय के अंदर और बाहर कई फुट तक पानी भर गया है, जिससे स्थिति गंभीर बनी हुई है। इस वजह से पेरेंट्स परेशान है। बताया जा रहा है कि नावों के जरिए बच्चों को रेस्क्यू किया जाएगा। डीसी दलविंदर जीत सिंह ने बताया कि सुबह प्रिंसिपल ने प्रशासन से संपर्क किया था। बसें भेजी गई, लेकिन जलभराव था। इसके बाद एनडीआरएफ और आर्मी की टीम भेजी गई है।

### आईएमडी ने अरुणाचल प्रदेश में भारी बारिश की चेतावनी जारी की

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बुधवार को अरुणाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में अगले कुछ दिनों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। आईएमडी ने बुधवार के लिए जारी बुलेटिन में पूर्वी कामेंग, लोअर सुबनसिरी, पश्चिम सियांग, चांगलांग, तिरप और लोंगडिंग जिलों के लिए यह चेतावनी जारी की है।

### करतारपुर साहिब कॉरिडोर में भी भरा पानी

वहीं, रावी नदी में बाढ़ के चलते करतारपुर साहिब कॉरिडोर में भी 7 फीट तक पानी भर गया है। इसके कारण पाकिस्तान का श्री करतारपुर साहिब गुरुद्वारा भी डूब गया है। करतारपुर कॉरिडोर 4.7 किलोमीटर लंबी एक रोड है जो भारत में डेरा बाबा नानक को पाकिस्तान में करतारपुर साहिब गुरुद्वारे से सीधे जोड़ता है। इसका उद्घाटन 9 नवंबर, 2019 को किया गया था। दूसरी तरफ, पंजाब के पठानकोट के माधोपुर हेडवर्क्स में सेना ने बाढ़ के पानी से घिरी एक जर्जर बिल्डिंग से 22 सीआरपीएफ जवानों और 3 नागरिकों का हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू किया। रेस्क्यू के लिए सेना का हेलिकॉप्टर जर्जर बिल्डिंग की छत पर उतरा था। छत से उड़ान भरने के बाद ही बिल्डिंग का अगला हिस्सा पानी में समा गया। इसके बाद भी सेना ने जर्जर बिल्डिंग की छत पर फंसे सभी लोगों को बचाया। भारतीय सेना ने रेस्क्यू ऑपरेशन का वीडियो एक्स पर शेयर किया है।

### वैष्णो देवी में लैंडस्लाइड से मौत का आंकड़ा 32 हुआ

जम्मू के कटरा स्थित वैष्णो देवी धाम के ट्रैक पर लैंडस्लाइड में मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर बुधवार को 32 हो गया। हादसा मंगलवार को दोपहर 3 बजे पुराने ट्रैक पर अर्धकुमारी मंदिर से कुछ दूर इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास हुआ। कल देर रात तक 7 लोगों के मरने की खबर थी, लेकिन सुबह आंकड़ा बढ़ गया। बड़े-बड़े पत्थर, पेड़ और मलबा में दबने से ज्यादा नुकसान हुआ है। एक चश्मदीद ने बताया- बड़े-बड़े पत्थर अचानक गिरने लगे और सब तबाह हो गया। प्रशासन का कहना है कि 23 से ज्यादा लोग जख्मी हैं। कई लापता हैं। मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है। फिलहाल, इस इलाके में भारी बारिश की वजह से वैष्णो देवी यात्रा स्थगित कर दी गई है। मंगलवार को जम्मू शहर में 24 घंटे से भी कम समय में 250 मिमी से ज्यादा बारिश हुई। इससे कई जगहों पर बाढ़ जैसे हालात हैं। घरों और खेतों में पानी भर गया है।

### जम्मू में पिछले 24 घंटे में 296 मिमी बारिश

मौसम विभाग के मुताबिक, जम्मू में बारिश का 115 साल का रिकॉर्ड टूट गया। मंगलवार सुबह 8.30 बजे से बुधवार सुबह 8.30 बजे तक 296 मिमी बारिश हुई। इससे पहले 52 साल पहले 1973 में 9 अगस्त को 272.6 मिमी बारिश हुई थी। जम्मू में 1910 में रिसर्च ऑब्जरवेटरी बनाई गई थी। इसके बाद से इतनी बारिश दर्ज नहीं की गई। इस तरह यह भी कहा जा सकता है कि 115 साल में यह पहला मौका है जब इतनी बारिश हुई है। उधमपुर में बारिश का 6 साल का रिकॉर्ड टूट गया। मंगलवार सुबह 8.30 बजे से बुधवार सुबह 8.30 बजे तक 629.4 मिमी बारिश हुई। 6 साल पहले 31 जुलाई 2019 को 342 मिमी बारिश हुई थी।

### राष्ट्रपति ने हादसे को लेकर जताया दुख

राष्ट्रपति ने हादसे को लेकर दुख जताया है। उन्होंने एक्स अकाउंट पर लिखा कि, माता वैष्णो देवी मंदिर के यात्रा मार्ग पर हुए भूस्खलन में कई श्रद्धालुओं की मृत्यु होने की दुखद घटना अत्यंत कष्टदायक है। मैं शोक-संतप्त परिवारों के प्रति गहन संवेदना व्यक्त करती हूं तथा राहत व बचाव कार्य में सफलता की कामना करती हूं।

### सीएम उमर ने पीएम मोदी से की बात, दी हालात की जानकारी

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने प्रदेश में आई आपदा को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी से बातचीत की है। सीएम ने कहा कि मैंने उन्हें जम्मू-कश्मीर के सबसे अधिक प्रभावित इलाकों की स्थिति के बारे में जानकारी दी। मैंने तवी नदी के किनारे जम्मू के उन हिस्सों का दौरा किया। जहां कल काफी नुकसान हुआ था। मैं जम्मू-कश्मीर के लोगों को निरंतर सहायता देने के उनके आश्वासन के लिए आभारी हूं।

### जम्मू और कटरा से आने-जाने वाली 58 ट्रेनें रद्द

उत्तर रेलवे ने बुधवार को रिकॉर्ड बारिश से हुई तबाही के मद्देनजर जम्मू और कटरा स्टेशनों से आने-जाने वाली 58 ट्रेनों को रद्द करने का आदेश दिया, जबकि 64 ट्रेनों को मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर या तो पहले ही समाप्त कर दिया गया या फिर पहले ही रवाना कर दिया गया।

### पीएम नरेंद्र मोदी ने जताई संवेदना

माता वैष्णो देवी में हुए भूस्खलन हादसे पर पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट साझा कर संवेदना जताई है। साथ ही प्रशासन को निर्देश भी दिया है।

### खतरे के निशान से ऊपर बह रहीं नदियां

जिले में बाढ़ की स्थिति पर रामबन के एसएसपी अरुण गुप्ता ने जानकारी देते हुए कहा कि अभी स्थिति गंभीर है। सभी हाई अलर्ट पर हैं। हमें कई जगहों से लोगों को निकालना पड़ा क्योंकि नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। हम स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। हमने पुलिस स्टेशन और चौकी स्तर पर बचाव दल का गठन किया है।

### मौसम विभाग ने दी सतर्क रहने की चेतावनी

मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि आने वाले दिनों में भी उत्तर प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड और हिमाचल में भारी बारिश होगी। प्रशासन ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत-बचाव कार्य तेज कर दिया है। लोगों से सतर्क रहने और सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की गई है।

# 20 साल से बीमार मानसिकता के लोगों ने यूपी को बीमारू राज्य बना दिया: योगी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ के लोकभवन सभागार में नवचयनित 2,425 मुख्य सेविकाओं और 13 फार्मासिस्टों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश और प्रदेश के युवाओं के सपनों को मंच देना सरकार का काम होता है पर जब युवाओं से जाति-धर्म के आधार पर भेदभाव किया जाता है तो क्षति सिर्फ युवाओं की ही नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र का होता है। प्रदेश में 20 वर्षों से यही होता था जब नियुक्ति का मौका आता था तो बंदरबांट होती थी। प्रदेश बीमारू राज्य नहीं था बल्कि राज्य का नेतृत्व करने वाले बीमार मानसिकता के थे पर अब पूरी शुचिता के साथ नियुक्ति की जा रही है। जब चयन प्रक्रिया पारदर्शी और शुचितापूर्ण होती है तो आजमगढ़, शामली और अलग-अलग जिलों की बेटियों का चयन किया जाता है। अभी हमने देखा कि थारू जनजाति की एक बेटियों को अवसर मिला जो कि दिखाता है कि चयन की प्रक्रिया शुचितापूर्ण है। अब जिले और जाति को देखकर नियुक्ति नहीं दी जाती है। मुख्यमंत्री योगी ने चयनित अभ्यर्थियों से कहा कि जब आप ईमानदारी से काम करेंगे और कठिन परिश्रम करेंगे तो सफलता जरूर मिलती है। ऐसे में अभ्यर्थियों की जिम्मेदारी है कि वो भी बिना किसी भेदभाव के काम करें और अपने कर्तव्य को पूरी प्रतिबद्धता के साथ निभाएं।



### 'खुद को सिर्फ सरकारी सेवा तक ही सीमित न समझें'

इस मौके पर राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि 20 साल बाद ये ऐतिहासिक पल आया है। जब 2425 मुख्य सेविकाओं के नियुक्ति पत्र वितरण में आप साझीदार बने हैं। ये बाल शक्ति और मातृ शक्ति का पत्र है। सरकारी कर्मचारी के साथ-साथ आप मां के रूप में सेविका भी हैं। अपने दायित्व को सरकारी सेवा तक ही सीमित न समझे।

### नकारात्मक मुद्दों पर राजनीति करता है विपक्ष

मुख्यमंत्री योगी ने इस मौके पर विपक्ष पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने 20 साल से यूपी को बीमारू राज्य बना दिया था वो अब भी नकारात्मक मुद्दे उठा रहे हैं। हम जर्जर विद्यालयों को ठीक करने का और पेयरिंग करने का काम कर रहे हैं और जो बेहतर विद्यालय हैं वहां पेयरिंग के बाद बाल वाटिका का शुभारंभ कर रहे हैं। इन लोगों ने इसका भी विरोध किया है। अभी एक राज्य में जर्जर विद्यालय ढह जाने से बच्चों की मौत हो गई थी क्या उनका जीवन लाया जा सकता है। हमने आंगनबाड़ी भवन बनाने का भी काम कर रहे हैं। जब प्रदेश का बचपन अच्छा होगा तो जवानी भी अच्छी होगी। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आंगनबाड़ी में मुख्य सेविकाओं की जिम्मेदारी मां यशोदा की तरह है। जिस तरह मां यशोदा ने बच्चों का पालन पोषण किया वैसे ही आपकी भी जिम्मेदारी है कि आंगनबाड़ी केंद्रों की देखरेख करें। याद रखें कि जब भी भगवान श्रीकृष्ण का नाम आता है मां यशोदा का भी नाम आता है।

### वित्त मंत्री बोले, लगातार कन्याओं के सशक्तिकरण के लिए काम कर रहे सीएम योगी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यूपी सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि जिस दिन से सीएम योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की बागडोर संभाली है तब से कन्याओं को आगे बढ़ाने के लिए लगातार काम किए जा रहे हैं। अब अत्याचारियों पर 100 दिन के अंदर कार्रवाई की जा रही है। वित्त मंत्री ने कहा कि कन्याओं के पोषण के साथ ही मार्गदर्शन की जिम्मेदारी भी मुख्य सेविकाओं की है। हमारे समाज में कन्याओं का पोषण ये कहकर किया जाता है कि उन्हें पराये घर जाना है पर मैं कहूंगा कि वो पराये घर जाएं तो स्वालंबी बनकर जाएं। आत्मनिर्भर बनकर जाएं। योगी सरकार ने कन्याओं की पढ़ाई से लेकर उनके विवाह तक के लिए मदद की है। बीते आठ साल में 4 लाख 77 हजार कन्याओं का विवाह प्रदेश सरकार के सहयोग से कराई जा चुकी है। वित्त मंत्री के संबोधन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

### ये दिन प्रदेश की प्रगति का दिन है

इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताते हुए प्रदेश सरकार की महिला कल्याण, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य ने कहा कि ये दिन प्रदेश की प्रगति का दिन है। महिला आत्मशक्ति का दिन है। सहायिकाओं के मार्गदर्शन में आंगनबाड़ी की देखरेख होती है। प्रदेश में दो करोड़ से अधिक लाभार्थियों को पोषण सामग्री दी जा रही है। 14,535 आंगबाड़ी का पुनरोद्धार किया गया। कन्या सुमंगला योजना के तहत अभी तक 26 लाख बालिकाओं को 600 करोड़ से ज्यादा का लाभ दिया गया। 37 लाख महिलाओं को पेंशन दी जा रही है।

## धराली में तबाही के 22 दिन बाद भी राहत का संघर्ष जारी

- वायुसेना से राहत पहुंचाई जा रही, सीएम ने किया पुनर्वास और मुआवज़े का एलान

जन एक्सप्रेस। उत्तरकाशी

**धराली।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के धराली और हर्षिल क्षेत्र में 5 अगस्त को आई प्राकृतिक आपदा के बाद 22 दिन बीत जाने के बावजूद ग्रामीण अब भी मुश्किल हालातों से जूझ रहे हैं। भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ के बाद हालात सामान्य नहीं हो पाए हैं। सेना और प्रशासन की ओर से राहत और बचाव कार्य लगातार जारी हैं। भारतीय वायुसेना के एमआई-17 हेलिकॉप्टरों और अन्य हवाई माध्यमों से प्रभावित क्षेत्रों में राशन और जरूरी सामग्री पहुंचाई जा रही है।

### राज्यपाल ने किया प्रभावित गांवों का दौरा

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह ने सोमवार को धराली, हर्षिल और मुखबा गांव का दौरा किया। उन्होंने स्थानीय लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और राहत कार्यों की समीक्षा की। मुखबा में उन्होंने सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और जिला प्रशासन के साथ बैठक कर राहत कार्यों की प्रगति का जायज़ा लिया।

### हेलिकॉप्टर से हो रही राहत सामग्री की आपूर्ति

प्रशासन के मुताबिक, चिन्यालीसौड़ एयरस्ट्रिप और मटली हेलीपैड से लगातार हेलिकॉप्टरों के माध्यम से खाद्य सामग्री, दवाएं और अन्य जरूरी सामान भेजा जा रहा है। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद राहत दल दिन-रात राहत पहुंचाने में जुटे हैं।



### 5 लाख की आर्थिक सहायता और पुनर्वास

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्पष्ट किया है कि इस आपदा में जिन लोगों ने अपने परिजनों को खोया है या जिनके घर तबाह हो गए हैं, उन्हें ?5 लाख की आर्थिक सहायता दी जाएगी। साथ ही, बेहतर पुनर्वास की व्यवस्था भी की जाएगी ताकि प्रभावित परिवारों को जल्द से जल्द सुरक्षित और स्थायी आवास मिल सके। सीएमओ द्वारा जारी बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में कहा, सरकार आपदा पीड़ितों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। धराली हो या थराली, स्याना चट्टी हो या पौड़ी – हर जगह प्रशासन ने तत्परता के साथ कार्य किया है। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जाएगी।

### प्रशासन का सराहनीय कार्य

मुख्यमंत्री ने उत्तरकाशी, चमोली और पौड़ी जिलों के जिलाधिकारियों की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि संकट की इस घड़ी में प्रशासनिक अमले ने युद्धस्तर पर कार्य किया है, जिसकी सराहना की जानी चाहिए। धराली और आसपास के क्षेत्रों में आपदा के बाद जीवन पटरी पर लाने की कोशिशें जारी हैं। सरकार, सेना और प्रशासन की सामूहिक कोशिशों से राहत कार्यों में गति आई है। अब उम्मीद है कि प्रभावित लोगों को जल्द ही एक नया और सुरक्षित आशियाना मिलेगा।

## एक सितंबर से बिना हेलमेट पेट्रोल पंप पर नहीं मिलेगा पेट्रोल, डीएम खुद करेंगे विशेष निगरानी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

पूरे प्रदेश में 1 से 30 सितम्बर तक 'नो हेलमेट, नो फ्यूल' विशेष सड़क सुरक्षा अभियान संचालित किया जाएगा। यह अभियान जिलाधिकारी के नेतृत्व तथा जिला सड़क सुरक्षा समिति के समन्वय से चलाया जाएगा, ताकि जिला स्तर पर सभी संबंधित विभाग एक साथ नागरिक सुरक्षा के इस प्रयास को आगे बढ़ाएंगे। इस अवधि में पुलिस, राजस्व, जिला प्रशासन तथा परिवहन विभाग के अधिकारी प्रवर्तन की मुख्य जिम्मेदारी निभाएंगे। मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 129 दोपहिया चालक तथा पिलियन के लिए हेलमेट को अनिवार्य करती है, जबकि धारा 194 डी उल्लंघन पर दंड का प्रावधान करती है। परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने कहा कि अभियान से दोपहिया वाहन स्वामी जल्द ही हेलमेट के साथ आने



की आदत विकसित कर लेते हैं। इससे ईंधन बिक्री पर भी प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता। उन्होंने तेल विपणन कंपनियों और सभी पेट्रोल पंप संचालकों से मांग की है कि वे इस प्रयास में सक्रिय सहयोग दें। खाद्य एवं रसद विभाग के माध्यम से पेट्रोल पंप स्तर पर आवश्यक समन्वय, निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। नागरिक, उद्योग और प्रशासन मिलकर सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु व गंभीर चोटों को कम करने के ठोस कदम बढ़ा सकते हैं।

## यूपी में चार आईपीएस अफसरों के तबादले

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

यूपी में चार आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए गए हैं। आईपीएस केशव कुमार चौधरी गाजियाबाद कमिश्नरेट के अपर पुलिस आयुक्त बनें। आईपीएस विजय सिंह मीना को सीतापुर पीटीसी का अपर पुलिस महानिदेशक बनाया गया है। आईपीएस आकाश कुलहरि को झांसी परिक्षेत्र का पुलिस महानिरीक्षक नियुक्त किया गया है। इसी तरह आईपीएस कल्पना सक्सेना को मेरठ सेक्टर का पुलिस उपमहानिरीक्षक नियुक्त किया गया है। इसके पहले शासन ने मंगलवार को पांच आईपीएस अफसरों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया। पॉवर कॉर्पोरेशन में डीजी एमके बशाल को होमगार्ड संगठन का महासमादेष्टा बनाया गया। बीती 31 जुलाई को बीके मौर्या के सेवानिवृत्त होने के बाद होमगार्ड संगठन के महासमादेष्टा का पद रिक्त था।

## स्यानाचट्टी में यमुना का कहर: जलस्तर बढ़ा, झील के मुहाने तक नहीं पहुंची मशीनें

- आपदा प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण करने पहुंचे सीएम धामी, पांचवें दिन भी यमुनोत्री हाईवे बंद
- 400 मीटर क्षेत्र में बढ़ा जलस्तर, लोगों ने छोड़े घर और होटल

जन एक्सप्रेस। उत्तराखंड

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में लगातार हो रही भारी बारिश के चलते स्यानाचट्टी क्षेत्र में यमुना नदी का जलस्तर अचानक तेजी से बढ़ गया। लगभग 400 मीटर क्षेत्र में पानी फैलने से सरकारी और निजी संपत्तियां प्रभावित हो रही हैं। खतरे को भांपते हुए स्थानीय लोगों ने अपने घर और होटल खाली कर दिए और सामान सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया।

### झील के मुहाने पर तीसरे दिन भी नहीं पहुंच सकी मशीनें

स्यानाचट्टी के पास यमुना नदी पर दोबारा बन रही झील के मुहाने को खोलने के लिए सिंचाई विभाग की मशीनें तीसरे दिन भी मौके तक नहीं पहुंच पाईं। कुपड़ा खड्ड के पास तीन पोकलेन मशीनें फंसी हुई हैं, जिन्हें मौके पर लाने के लिए विभाग लगातार प्रयास कर रहा है। इंजीनियर ई. पन्नीलाल ने बताया कि चैनलाइजेशन कार्य तेजी से किया जा रहा है और रास्ता बनाने का कार्य जारी है।



### धामी ने लिया हालात का जायज़ा, दिए निर्देश

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मंगलवार को स्यानाचट्टी पहुंचे और आपदा प्रभावित क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राहत और बचाव कार्य में कोई कमी न छोड़ी जाए और स्थिति पर लगातार नजर रखी जाए। सीएम ने प्रभावित लोगों से भी बातचीत की और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

### यमुनोत्री मार्ग पांचवे दिन भी बंद

गंगोत्री हाईवे पर नलूण के पास बड़ा भूस्खलन जोन सामने आया था, जिससे सोमवार को मार्ग पूरी तरह बंद हो गया था। मंगलवार को [illegible] की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद रास्ता बहाल कर दिया, जिससे स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिली। हालांकि यमुनोत्री हाईवे पर जंगलचट्टी और नारदचट्टी के पास अब भी मार्ग अवरुद्ध है, जिससे धाम सहित पांच गांवों के ग्रामीण प्रभावित हैं।

### भूस्खलन और मलबे ने बढ़ाई मुश्किलें, ड्रोन से निगरानी

जिले में लगातार बारिश के कारण पहाड़ियों से मलबा और पत्थर गिर रहे हैं, जिससे हाईवे खोलने में BRO और एनएच विभाग को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नलूणा भूस्खलन जोन की प्रशासनिक निगरानी ड्रोन के ज़रिए की जा रही है। एनएच के ईई मनोज रावत ने बताया कि मलबा हटाने के प्रयास जारी हैं लेकिन लगातार हो रहे कटाव के कारण कार्य बाधित हो रहा है।

### ग्रामीणों में भय और अनिश्चितता, राहत की राह देख रहे लोग

लगातार बारिश, झील बनने का खतरा, और मार्ग बंद होने से स्यानाचट्टी, यमुनोत्री और आस-पास के गांवों के लोग भय और अनिश्चितता के माहौल में हैं। प्रशासन और सरकार राहत कार्यों में जुटे हैं, लेकिन चुनौती अभी भी बड़ी बनी हुई है। उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों में बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। जलस्तर, भूस्खलन और सड़क बंद होने से न केवल यातायात बाधित हुआ है बल्कि स्थानीय आबादी भी गंभीर संकट में है। सरकार और प्रशासन की तत्परता के बावजूद, अब भी कई क्षेत्रों को त्वरित राहत की दरकार है।

# आईसीडीएस में मुख्य सेविका के पद पर चयनित सात महिला अभ्यर्थियों को वितरित किए गए नियुक्ति-पत्र

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग में मुख्य सेविका के पद पर चयनित 2425 महिला अभ्यर्थियो एवं महिला कल्याण विभाग में चयनित 15 फार्मासिस्ट को लोक भवन लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। इसी क्रम में जनपद में भी कार्यक्रम का आयोजन कर मुख्य सेविका पद पर चयनित सात महिला अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया।

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा बाल विकास सेवा विभाग (आईसीडीएस) में मुख्य सेविका के पद पर चयनित जनपद की सात महिला अभ्यर्थियों को सोनेपुर स्थिति कलेक्टरेट सभागार में नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी पीडी विश्वकर्मा ने बताया कि आयोग द्वारा चयनित सात महिला अभ्यर्थियों परसौंजा निवासी विनीता सिंह, राजापुर निवासी नीलम विश्वकर्मा, पहाड़ी बुजुर्ग निवासी दीपा देवी, कर्वी निवासी आकृति शर्मा व प्रीति जायसवाल, हटवा निवासी मीना देवी व अहिरा करौंदीकलां निवासी अपराजिता राय को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया है।

मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने कहा कि बाल विकास विभाग में कर्मिकों की संख्या कम होने के कारण योजनाओं का सही ढंग से क्रियान्वयन नही हो पा रहा था, अब नई एवं योग्य महिलाओं की नियुक्ति के बाद विभाग की योजनाएं सही ढंग से क्रियान्वित होगी। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा आईसीडीएस विभाग की ओर से नव-नियुक्त मुख्य सेविकाओं को ईमानदारी, निष्ठा एवं सेवा भाव से कार्य करने के लिए शुभकामनाएं दी इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, भाजपा नगर अध्यक्ष रवि गुप्ता, सीडीपीओ पहाड़ी महेन्द्र पटेल, मानिकपुर अनुज प्रताप सिंह सीडीपीओ मानिकपुर, बाल विकास परियोजना अधिकारी बीएल गुप्ता सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रधानाध्यापिका की कारगुजारियों से शिक्षक व अभिभावक परेशान

**जन एक्सप्रेस । बांदा**




पैलानी तहसील के अम्लोर गांव में स्थित कक्षा एक से कक्षा 8 तक कंपोजिट विद्यालय में कार्यरत प्रधानाध्यापिका किरण की करगुजारियों के चलते विद्यालय का स्टाफ तथा बच्चों के अभिभावक बेहद परेशान है।

कंपोजिट विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों के अभिभावक जय प्रताप, राजू, हेमराज, बड़े सिंह, पप्पू प्रजापति तथा समाजसेवी शिव गोविंद सिंह ने विद्यालय में पिछले 9 साल से कार्यरत प्रधानाध्यापिका किरण की करगुजारियों के चलते आरोप लगाते हुए कहा है कि कंपोजिट विद्यालय की हेड मास्टर किरण जो 12 अगस्त को विद्यालय में अनुपस्थित पाई गई थी। जिसकी शिकायत तत्कालीन एबीएसए तिंदवारी से ग्रामीणों ने की थी जिस पर तत्कालीन एबीएसए ने विद्यालय के स्टाफ का उपस्थिति रजिस्टर तथा स्टाफ का जीपीएस का फोटो मंगवाया था। जिस पर उक्त प्रधानाध्यापिका अनुपस्थित पाई गई थी। फिर भी उक्त प्रधानाध्यापिका पर किसी भी प्रकार की आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। अभिभावकों ने आरोप लगाते हुए कहा है कि उक्त प्रधानाध्यापिका के मनमानी के चलते स्कूल का संचालन ठीक ढंग से नहीं चल रहा है जिससे गांव के बच्चों का भविष्य अंधकारमय बना हुआ है। आज खंड शिक्षा अधिकारी आभा अग्रवाल द्वारा अम्लोर गांव के कंपोजिट विद्यालय का निरीक्षण किया गया ग्रामीणों द्वारा शिकायत किए जाने के पश्चात भी एबीएसए जसपुरा तथा तिंदवारी का चार्ज प्राप्त किया।आभा अग्रवाल ने ग्रामीणों को किसी भी प्रकार का आश्वासन न देकर कहा कि ऐसा तो होता ही रहता है।

यह आम बात है हम क्या कर सकते हैं यह पावर बीएसए को है। ऐसी स्थिति में किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही न किए जाने पर ग्रामीणों में भारी गुस्सा है उनका कहना है कि अगर विद्यालय में किसी भी प्रकार का प्रधानाध्यापिका द्वारा सुधार नहीं किया गया तो वह इसकी शिकायत जिला अधिकारी से करेंगे।

# ड्राई राशन की मजदूरी का बकाया पड़ा 2 लाख 75 हजार रूपये का भुगतान दिलाये जाने की जिलाधिकारी से लगाई गुहार

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**




माँ सरस्वती महिला स्वयं सहायता समूह उमरी बिंवार, ब्लॉक मुस्कुरा की अध्यक्ष मीना सोनी ने नवम्बर 2020 से 2022 तक ब्लॉक और कोटे से ड्राई राशन उठान के किये गये अपने काम के बकाया पड़े 2 लाख, 75 हजार, रुपये का भुगतान दिलाये जाने की जिलाधिकारी से गुहार लगाई है।

बिंवार थाना क्षेत्र के उमरी गाँव निवासी मीना सोनी पत्नी सुभाष ने बताया कि वो माँ सरस्वती समूह के अध्यक्ष के पद पर नवम्बर 2020 से काम कर रही है। शासन से पैसा न आने के बावजूद उसने नवम्बर 2020 से नवम्बर 2022 तक ब्लॉक और कोटे से गेहूं, चावल, दलिया, सोयाबीन, दूध, घी,तेल, चना जबकि दाल बाजार से अपने पैसे से खरीदने के साथ ही झोला और पन्नी छपवाकर मुस्कुरा ब्लॉक के सातों आंगनवाड़ी केन्द्रों में बंटवाया गया है। अध्यक्ष मीना सोनी ने बताया कि उसने ड्राई राशन उठान का किराया, मजदूरी और सारा खर्च कर्ज लेकर अपने पास से लगाया है।

जबकि मेरे किये गये काम का पैसा 1 अक्टूबर 2022 को 105391-00, जबकि 21 अक्टूबर 2022 को 64087-75, वही 6 मार्च 2023 को 25068-00, जबकि 9 नवम्बर 2023 को 24723-00, वही 27 मई 2024 को 24308-00, जबकि 14 नवम्बर 2024 को 26864-25, वहीं 13 दिसम्बर 2024 को 26864-25 खाते में आ चुका है। लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी पीड़ित के ड्राई राशन उठान की मजदूरी सहित किराये (भाड़े) का नवम्बर 2020 से लेकर नवम्बर 2022 तक का 2 लाख 75 हजार रुपये का भुगतान नहीं किया जा रहा है। जिस्से वो और उसका परिवार भुखमरी की कगार पर पहुँच गया है।

# पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के तहत 12 हजार घरों को किया जाएगा रोशन: महेन्द्र नाथ

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपी एनईडीए) द्वारा उपभोक्तओं को सोलर प्लांट लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में मंगलवार को सदर ब्लाक में ग्राम पंचायत अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। मंगलवार को सदर ब्लॉक में आयोजित की गई बैठक में यूपी नेडा के परियोजना अधिकारी महेंद्र नाथ प्रताप ने सभी ग्राम पंचायत अधिकारियों से कहा कि जनपद में 12 हजार सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य दिया गया है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए युद्ध स्तर पर गांव में जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। बताया कि इस योजना का लाभ लेने वाले उपभोक्ता विकास भवन स्थित कार्यालय में आकर जानकारी ले सकते है या फोन नंबर 9451840336 में संपर्क कर सकते है। योजना के महत्व को बताते हुए खंड विकास अधिकारी महिमा विद्यार्थी ने सभी सचिवों से कहा कि सभी अपने गांवों में कम से कम 5 सोलर पैनल जरुर लगवाए और ग्रामीणों के बीच जाकर उनको जागरूक करें कि सोलर पैनल लगवाने से बिजली का बिल नहीं आएगा। जिले में सोलर पैनल कंपनी के डायरेक्टर नवीन कुमार दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से जिले के उपभोक्ताओं का बिजली बिल बिल्कुल कम हो जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना के तहत कनेक्शन लेने पर उपभोक्ताओं को अधिकतम एक लाख आठ हजार रुपये की सब्सिडी भी दी जा रही है। वहीं, कुल लागत की 80 फीसदी धनराशि पर सात प्रतिशत की वार्षिक ब्याज दर से बैंकों द्वारा ऋण भी दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के तहत उपभोक्ताओं को एक किलोवाट से लेकर दस किलोवाट तक के सोलर कनेक्शन दिए जा रहे हैं। इसमें उपभोक्ताओं को न्यूनतम 45 हजार रुपये और अधिकतम एक लाख आठ हजार रुपये की सब्सिडी दी जा रही है। बताया कि योजना के तहत जिले में लगाए जा रहे शिविर और जागरुकता की वजह से अभी तक करीब 500 उपभोक्ताओं को योजना के तहत कनेक्शन दिए जा चुके हैं और करीब पांच हजार उपभोक्ताओं को सोलर कनेक्शन देने की प्रक्रिया चल रही है।

# दस्यु बबुली कोल गिरोह के सदस्य लवलेश को छह साल का कारावास

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

मुठभेड़ के दौरान पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर दस्यु बबुली कोल गिरोह के कैजुअल मेम्बर लवलेश कोल को न्यायालय ने छह वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 8,000 अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोपाल दास ने बताया कि वर्ष 2015 में तत्कालीन राजापुर थाना प्रभारी आरबी सिंह मानिकपुर और मारकुण्डी थाने की पुलिस टीम के साथ दस्यु बबुली कोल गिरोह द्वारा कल्याण सेंचरी जंगल के वन कर्मियों के साथ मारपीट किए जाने की सूचना पर घटना स्थल की ओर जा रहे थे। इस दौरान मुखबिर ने बताया कि दस्यु सरगना इनामी बदमाश बबुली कोल अपने साथियों के साथ नागर गांव के ठर्री पहाड़ में मौजूद है। जिसके बाद पुलिस टीम ठर्री पहाड़ पहुंच गई। यहां पहाड़ पर मौजूद दस्यु बबुली कोल के सदस्यों ने राइफल और बन्दूकों से पुलिस पर फायरिंग शुरु कर दी। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की, किंतु बदमाश जंगल की भौगोलिक स्थिति का फायदा उठाकर भाग निकले। इस मामले में दस्यु सरगना बबुली कोल समेत कई लोगों का नाम प्रकाश में आया था। कुछ दिनों बाद दस्यु सरगना बबुली कोल पुलिस मुठभेड़ में मारा गया था, जबकि गिरोह का कैजुअल मेम्बर मानिकपुर थाना क्षेत्र के निही चिरैया गांव का निवासी लवलेश कोल गिरफ्तार कर लिया गया था।

## सिद्धपुरा ग्राम पंचायत प्रकरण डीएम ने लिया संज्ञान, महिला एसडीएम को सौंपी जांच

**जन एक्सप्रेस/उरई (जालौन)।** तहसील माधौगढ़ के सिद्धपुरा ग्राम पंचायत में तैनात महिला पंचायत सहायक ने जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के जनता दर्शन में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी ने प्रार्थना पत्र को गंभीरता से लेते हुए इसकी निष्पक्ष जांच महिला उप जिलाधिकारी कोंच ज्योति सिंह को सौंप दी। साथ ही माधौगढ़ उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि संबंधित लेखपाल को तत्काल प्रभाव से मुख्यालय तहसील से सम्बद्ध किया जाए। बताते चलें कि कुछ दिन पूर्व विभागीय कार्य से ग्राम सिद्धपुरा गए लेखपाल के साथ ग्रामीणों द्वारा मारपीट की गई थी। घटना के दो दिन बाद एक ग्रामीण की पत्नी ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि उक्त लेखपाल द्वारा उन्हें अश्लील संदेश भेजे जाते हैं। जिलाधिकारी ने मामले को गम्भीर मानते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या पक्षपात बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने महिला उप जिलाधिकारी को निष्पक्ष जांच कर शीघ्र आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

## चौबीस घंटे में महज साठ सेमी कम हुआ यमुना का जलस्तर

**जन एक्सप्रेस/कालपी (जालौन)।** यमुना के जलस्तर का कम होने का सिलसिला जारी है लेकिन रफ्तार बेहद धीमी है जिसके चलते 24 घण्टे में नदी का पानी महज 60 सेमी कम हुआ है जिससे अभी प्रभावित क्षेत्रों में परेशानी कम नहीं हुई है। इस बार यमुना नदी तलहटी में बसे लोगों के लिए किसी मुसीबत से कम नहीं है पहले 28 जुलाई से नदी का जलस्तर बढ़ना शुरू हुआ था और 2 अगस्त को 112 मीटर पार कर गया था जिससे कई गांवों में पानी घुस गया था तो हजारों हैक्टेयर खरीफ की फसलें नष्ट हो गई थी हालांकि कुछ किसानों ने फिर से फसलों की बुबाई करना शुरू कर दी थी लेकिन गत शनिवार से फिर से यमुना का जलस्तर बढ़ना शुरू हुआ था और महज दो दिनों में खतरे के निशान को पार कर गया था।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में कराएं अधिक से अधिक वादों का निस्तारण: जिला जज

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




13 सितम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को प्रभावी रूप से सफल बनाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में विभिन्न प्रशासनिक विभागों के अधिकारियों के साथ पंचम चरण की बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिला जज ने अधिक से अधिक वादों को लोक अदालत में निस्तारित कराने के निर्देश दिए। बैठक में जनपद न्यायाधीश ने राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर निस्तारण कराने के लिए सभी अधिकारियों से कहा कि विभागों से सम्बन्धित समस्त ऐसे मामले, जिन्हें लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किया जा सकता है, को अधिक से अधिक चिन्हित कर उनमें पक्षकारों को कम से कम दो बार नोटिस तामीला कराते हुये राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित कराएं। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव सचिन कुमार दीक्षित ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में शमनीय आपराधिक वाद, धारा-138 एनआई एक्ट, मोटर एक्सीडेंट क्लेम वाद, श्रम वाद, बैंक वसूली वाद, विद्युत अधिनियम और जल वाद, सर्विस मैटर्स, पारिवारिक/वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, राजस्व/ चकबन्दीवाद, किरायेदारी वाद, सुखाधिकार वाद, स्थायी निषेधाज्ञा व सिविल वाद, मनी वसूलीवाद, विनिर्दिष्ट अनुतोष वाद, मोटर वाहन ई-चालान/लघु आपराधिक वादों, श्रमवाद, प्री-लिटिगेशन के माध्यम से ऐसे वाद जो अभी न्यायालय के समक्ष नही आये हैं (विशेषकर पारिवारिक मामले), उपभोगता फोरम तथा आर्बिट्रेशन सम्बन्धित वादों का निस्तारण किया जाना है। इस मौके पर लोक अदालत के नोडल अधिकारी व विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट राममणि पाठक, अपर जिला जज व लोक अदालत की सहायक नोडल अधिकारी नीलू मैनवाल, खादी ग्रामोद्योग अधिकारी राममिलन, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई शशिकान्त प्रसाद, जिला पंचायतराज अधिकारी इन्द्र नारायण सिंह, उपनिबन्धक राजेश सिंह, यूपी नेडा महेन्द्रनाथ प्रताप, डीपीओ सीडीएस बीएल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# संकुल स्तरीय गणित-विज्ञान मेला एवं सांस्कृतिक बोध प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




जिला मुख्यालय के बेड़ीपुलिया स्थित बैजनाथ भारद्वाज सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलिज में बुधवार को संकुल स्तरीय गणित-विज्ञान मेला एवं सांस्कृतिक बोध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान संकुल विज्ञान प्रमुख धीरेन्द्र बाजपेयी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम में आयोजित संकुल स्तरीय गणित-विज्ञान मेला और सांस्कृतिक बोध प्रतियोगिताओं में विभिन्न जनपदों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। जिसमें बैजनाथ भारद्वाज सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलिज कर्वी के विद्यार्थियों ने सर्वाधिक अंक अर्जित कर प्रथम स्थान, सरस्वती विद्या मंदिर चरखारी महोबा के विद्यार्थियों ने द्वितीय स्थान तथा सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलिज शास्त्री नगर बांदा के विद्यार्थियों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर झांसी-बांदा संभाग निरीक्षक शिवकरन सिंह, संकुल प्रमुख रमेश गुप्ता, राजकुमार, विद्यालय प्रबंधक श्यामसुंदर मिश्रा, प्रधानाचार्य राघवेंद्र पाण्डेय, शिशु मंदिर कर्वी के प्रधानाचार्य गिरिजाकांत, विद्यालय के सर्वव्यवस्था प्रमुख शिवनायक, मीडिया प्रभारी विश्वास पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# जालौन में नव चयनित 13 मुख्य सेविकाओं को मिला नियुक्ति पत्र



**जन एक्सप्रेस । उरई (जालौन)**

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में चयनित 2,425 मुख्य सेविकाओं को आज राज्यभर में नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। मुख्यमंत्री ने राजधानी लखनऊ स्थित लोकभवन सभागार में नव चयनित मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र देकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जनपद जालौन के विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में किया गया।

जनपद जालौन से नव चयनित 13 मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान तथा कालपी विधायक प्रतिनिधि आशीष चतुर्वेदी ने संयुक्त रूप से वितरित किए। सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने नव चयनित मुख्य सेविकाओं को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ भर्ती प्रक्रिया पूर्ण कर युवाओं के सपनों को पंख दिए हैं। माधौगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन ने कहा कि जनपद की तीनों तहसीलों से चयनित 13 मुख्य सेविकाओं को प्रदेश की सेवा करने का अवसर मिला है।

उन्होंने अपेक्षा जताई कि नई सेविकाएं समर्पण व निष्ठा के साथ कार्य करेंगी। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने नियुक्ति पत्र वितरण के दौरान कहा कि नव चयनित सेविकाएं ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करते हुए विभाग की योजनाओं को लाभार्थियों तक पहुंचाएं। मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह ने कहा कि चयनित सभी मुख्य सेविकाएं योग्य और निपुण हैं, और उनसे अपेक्षा है कि जहां भी तैनाती होगी वहां उत्कृष्ट कार्य करेंगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी शरद कुमार अवस्थी ने बताया कि सभी चयनित सेविकाओं का मेडिकल फिटनेस और पुलिस वेरीफिकेशन पूर्ण हो चुका है। जल्द ही विभागीय पोर्टल पर इनकी तैनाती की जाएगी।

# आईटीआई में प्रवेश तीस अगस्त तक किये जायेंगे

**जन एक्सप्रेस । उरई (जालौन)**

नोडल प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान उरई नूपुर कश्यप ने बताया कि जनपद के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में चतुर्थ चरण प्रवेश प्रकिया के अन्तर्गत अभ्यर्थियों द्वारा रिक्त सीटों के सापेक्ष प्रवेश कार्यवाही चल रही थी, जिसकी अन्तिम तिथि 25 अगस्त 2025 थी।

उप्र शासन के निर्देशानुसार अधिशाषी निदेशक प्रशिक्षण परिषद उप्र लखनऊ के पत्र 26 अगस्त के द्वारा चतुर्थ चरण के प्रवेश की अन्तिम तिथि 30 अगस्त कर दी गई है। बढी हुई तिथि पर रिक्त सीटों के आधार पर पूर्व पंजीकृत व नवीन अभ्यर्थियों के पंजीकरण, प्रवेश पद सिद्धांत के अनुसार 30 अगस्त तक किये जायेंगे।

# जिलाधिकारी ने संभाली छात्रा की शिक्षा की जिम्मेदारी

**जन एक्सप्रेस । उरई (जालौन)**

बुधवार को जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के पास एक मासूम छात्रा और उसकी मां की अपनी व्यथा लेकर पहुंची जिसे सुनकर वह भावुक हो उठे। इसके बाद डीएम ने बेटी जानवी की शिक्षा-दीक्षा का भार स्वयं उठाने की बात कही तो जनता दर्शन में बैठे अन्य फरियादियों ने पहल को न सिर्फ सराहा, बल्कि बच्ची के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की।

बताया जाता है कि पार्वती देवी अपनी पुत्री जानवी वर्मा के साथ जनता दर्शन में पहुंचीं। उन्होंने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा, जिसमें बीमा पॉलिसी की राशि न मिलने की पीड़ा दर्ज थी। जिलाधिकारी ने आत्मीयता से बातचीत करते हुए पार्वती देवी से पूंछा आपका घर कैसे चलता है, पार्वती देवी ने गीली आंखों से कहा साहब मैं घर-घर जाकर काम करती हूँ।

इसके बाद जिलाधिकारी ने छात्रा जानवी से पूंछा बेटा, तुम पढ़ाई कर रही हो मासूम ने जवाब दिया जी मैं नाइंथ क्लास में पढ़ती हूँ। इस पर जिलाधिकारी ने मुस्कुराकर कहा मन लगाकर पढ़ो, जो ठाना है उसे पूरा करके दिखाना। बातचीत के दौरान जब छात्रा ने पिता के 2019 में निधन की बात बताई तो माहौल भावुक हो गया। जिलाधिकारी ने तुरंत घोषणा करते हुए कहा कि जानवी की शिक्षा-दीक्षा की पूरी जिम्मेदारी अब वह स्वयं उठाएंगे। जनता दर्शन का यह क्षण वहां मौजूद हर व्यक्ति के हृदय को छू गया।

# दो दिवसीय शास्त्रीय व सुगम संगीत प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, संस्कृति विभाग,लखनऊ द्वारा आयोजित दो दिवसीय संभागीय शास्त्रीय एवं सुगम संगीत प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ नटराज संगीत महाविद्यालय में किया गया। मुख्य अतिथि अवधेश द्विवेदी मृदंग मार्तण्ड, विशिष्ट अतिथि गोपाल मिश्रा, विनय पांडेय सहित निदेशक व प्रतियोगिता संयोजक धनंजय सिंह, प्राचार्या अनुराधा सिंह, योगेश सिन्हा, विक्रम कुमार समन्वयक संस्कृति विभाग लखनऊ द्वारा दीप प्रज्ज्वलन किया गया तत्पश्चात शास्त्रीय ख्याल गायन, ठुमरी गायन, बाल वर्ग, किशोर वर्ग एवं युवा वर्ग की प्रतियोगिता प्रारंभ की गई। तत्पश्चात पखवाज वादन, तबला वादन की प्रतियोगिता प्रारंभ हुई तथा कथक नृत्य की प्रतियोगिता केवल बाल वर्ग में हुई जिसमें आराध्या सिंह मौर्या, सौम्या, देवयानी, पिंकी ने प्रस्तुति दी। गायन वादन एवं नृत्य तीनों शास्त्रीय विधाओं में कुल 47 प्रतिभागियों ने प्रतिभा किया प्रतिभागियों में प्रत्येक वर्ग में एक से एक बढ़कर प्रतिभाओं ने अपनी प्रस्तुतियां दी लखनऊ से पधारे निर्णायक की भूमिका में डॉक्टर प्रतिभा मिश्रा, आस्था एवं मनीष कुमार द्वारा सभी प्रतिभाओं का मूल्यांकन मंच प्रदर्शन के आधार पर किया गया। समन्वयक रूप में पधारे विक्रम कुमार ने कहा कि प्रथम दिवस की यह प्रतियोगिता आज शास्त्रीय विद्या की संपन्न हुई है। आज इसी स्थान पर नटराज संगीत महाविद्यालय के इस रंगशाला में सुगम गायन की प्रतियोगिता प्रारंभ होगी, जिसमें भजन एवं गजल की प्रतियोगिता संपन्न की जाएगी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता करने का अवसर मिलेगा तथा ऐसे प्रतिभागी जिन्होंने द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया है उनको स्मृति पत्र, प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

इस अवसर पर विनय कुमार पांडे चित्रकूट गोपाल मिश्रा, तिलक यादव, संगीता, सत्यनारायण सोनी तबला वादक, धनीराम, शिव शंकर नामदेव सारंगी वादक, जमाल खान सारंगी वादक, सुरेश कुमार बबेरू, योगेश सिंह, देवांशी गुप्ता शिवानी शुक्ला जयचंद आचार्य जी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दयानंद सिंह ने किया तथा व्यवस्था में सहयोग कुसुम साहू, अर्चना द्विवेदी एवं प्रीति यादव ने भूमिका निभाई आए हुए सभी अभिभावकों का आभार डॉक्टर धनंजय सिंह निदेशक नटराज संस्थान ने व्यक्त किया।



**हिमाचल: भूस्खलन से राज्य में सैकड़ों सड़कें...**

हिमाचल प्रदेश में दो दिन तबाही मचाने के बाद बुधवार को मौसम तो खुल गया लेकिन दुश्वारियां बरकरार हैं। राज्य में 584 सड़कें बंद हैं। 1,155 बिजली ट्रांसफार्मर व 346 जल आपूर्ति योजनाएं भी प्रभावित हैं। इससे दर्जनों गांवों में बिजली-पेयजल आपूर्ति सहित... पढ़ें पेज 12 पर...

# सरकारी अस्पताल में गबन का खेल

## 25 महीने तक 7.24 लाख डकारे, एफआईआर के बाद लौटाई रकम-सिस्टम में सड़ांध का खुलासा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

राजधानी की सेहत पर सियाही पोतने वाला घोटाला सामने आया है। रानी लक्ष्मीबाई संयुक्त चिकित्सालय में जो रकम मरीजों की सुविधा के लिए थी, वही 25 महीने तक दबाकर रखी गई। यह गबन किसी छोटे-मोटे कर्मचारी का शरारती खेल नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की नंगी हकीकत है। 7.24 लाख डकार लिए गए और अफसरशाही खामोश रही।

### दो साल की लूट, सिस्टम नींद में

जांच में खुलासा हुआ कि तत्कालीन वरिष्ठ सहायक रेखा तोमर ने अक्टूबर 2019 से दिसंबर 2021 तक मरीजों से वसूली गई रकम बैंक में जमा नहीं की। नियम कहता है कि यह पैसा हर हफ्ते रोगी कल्याण समिति के खाते में जाना चाहिए। लेकिन यहां हफ्तों की बजाय पूरे 25 महीने का खेल हुआ। जनवरी 2022 में जब मामला तूल पकड़ा और एफआईआर की सिफारिश हुई, तभी रेखा तोमर ने घबराकर रकम लौटाना शुरू किया। अप्रैल तक सात किस्तों में पैसा वापस किया गया। सवाल उठता है - अगर रकम दबाने के पीछे कोई गलत मंशा नहीं थी, तो एफआईआर से पहले क्यों नहीं लौटाई गई?

### कमीशनखोरी का गंदा चेहरा उजागर

सूत्रों की रिपोर्ट ने बड़ा राज खोला-सीएमओ दफ्तर में मेडिकल बिलों पर कमीशनखोरी का गंदा खेल चलता है। जांच में सामने आया कि 30त्न तक का कमीशन तय है, और खुद रेखा तोमर ने बयान में कहा, 80 प्रतिशत रकम सीएमओ तक जाती है। इतना ही नहीं, फर्जी मेडिकल क्लेम के नाम पर भी लाखों का गोरखधंधा चलता है। 12 लाख के फर्जी बिल पास कराने के लिए 5 लाख की रिश्वत का सौदा हुआ।



**लखनऊ के सीएमओ दफ्तर में 'रिश्वत की रानी' का राज**

हर मेडिकल बिल पर 30 प्रतिशत की वसूली, करोड़ों की बेनामी संपत्ति का खेल

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

सुशासन का दावा, लेकिन सीएमओ दफ्तर बना भ्रष्टाचार का अड्डा यह हकीकत है लखनऊ के मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय की, जहां तैनात रेखा तोमर ने सरकारी सिस्टम को अपनी जेब का गुलाम बना दिया है। आरोप है कि मेडिकल प्रतिपूर्ति कराने वाले हर दावेदार से 30 प्रतिशत वसूली के बिना कोई बिल पास नहीं होता। महिला कर्मचारी होने का फायदा उठाते हुए रेखा तोमर सुलेआम कहती है 80प्रतिशत रकम सीएमओ तक जाती है, 30 प्रतिशत में नोडल डॉ. अखंड प्रताप सिंह का हिस्सा है, बाकी मेरा मेहनताना। यानी सरकारी स्वास्थ्य सेवा के नाम पर खुली लूट।

मेडिकल बिल से फार्महाउस तक का सफर

पद का दुरुपयोग कर रेखा तोमर ने करोड़ों की बेनामी संपत्तियां बनाई हैं। आलीशान मकान, कमर्शियल दुकानों से लेकर फार्महाउस तक इनके कब्जे में हैं। म्यूचुअल फंड और शेयर में मोटा निवेश भी सामने आया है। सूत्रों के अनुसार, इनकी मासिक आमदनी 4-5 लाख रुपये है और अब तक 4 से 5 करोड़ रुपये की काली कमाई हो चुकी है।

12 लाख का फर्जी क्लेम, 5 लाख की रिश्वत

ताजा मामला चौंकाने वाला है। 12 लाख रुपये के मेडिकल रिम्बर्समेंट को पास करने के लिए 5 लाख की मोटी वसूली की गई। नियमों को ताक पर रखकर यह क्लेम बलरामपुर या सिविल अस्पताल के टेस्ट के बिना ही पास कर दिया गया। मिलीभगत इतनी गहरी है कि डॉ. अखंड प्रताप सिंह, संजीव श्रीवास्तव और डॉ. रवि पांडेय ने इस भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए शासन-प्रशासन में पैरवी की।

पिछले गबन में भी मिली क्लीन चिट

रेखा तोमर पहले भी आईएलबी हॉस्पिटल में तैनाती के दौरान सरकारी धन के गबन में फंस चुकी हैं। रकम वापस करने के बाद मामला दबा दिया गया। बड़े अफसरों के रसूख से इनका ट्रांसफर तक नहीं हुआ।

क्या योगी सरकार में भी बचेंगे ऐसे लोग?

सवाल यह है कि जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति की बात करते हैं, तब सीएमओ दफ्तर में खुलेआम चल रहे इस भ्रष्टाचार को कौन रोकेगा? शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री, राज्यपाल, लोकायुक्त से लेकर स्वास्थ्य मंत्री तक कार्रवाई की मांग की है। अगर सरकार ने जांच की तो न सिर्फ रेखा तोमर, बल्कि उनके संरक्षण में बैठे बड़े अफसरों की भी पोल खुल सकती है।

**सवाल जो सरकार से जवाब मांगते हैं**

- एफआईआर के डर से ही रकम क्यों लौटी?
- दो साल तक अफसर चुप क्यों रहे?
- क्या सिर्फ रेखा तोमर दोषी हैं या पूरा रैकेट है?
- गबन साबित होने के बाद भी वह सीएमओ दफ्तर में क्यों बैठी हैं?
- सूत्र बताते हैं इस जांच रिपोर्ट को दबाने के लिए रिश्वत की रानी नें बीस लाख का सौदा तय किया हुआ है।
- अगली कड़ी में खुलासा—कौन है इस खेल का असली मास्टरमाइंड? किस बड़े अफसर की शह पर यह रैकेट चलता है? पढ़ते रहिए जन एक्सप्रेस।

**इतिहास भी काला, सिस्टम भी गंदा**

यह पहली बार नहीं है जब रेखा तोमर का नाम गबन में आया हो। सूत्र बताते हैं कि आईएलबी हॉस्पिटल में भी वह रकम हड़पने के मामले में फंस चुकी हैं। फार्मूला हर बार एक—पकड़े जाने पर रकम लौटाओ, और मामला रफा-दफा करो। अब शिकायत मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और लोकायुक्त तक पहुंच चुकी है। अगर निष्पक्ष जांच हुई तो सीएमओ दफ्तर के कई बड़े अफसर सलाखों के पीछे होंगे।

# किस्तों में सपनों का सौदा, फिर ठगी का जाल सम्राट सिटी नॉर्थ ने लूटे सैकड़ों अरमान

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

परिवार के उज्जवल भविष्य के लिए प्लॉट खरीदने का सपना देखने वाली तारावती गुप्ता के लिए यह सपना अब दुस्वप्न बन गया है। उन्होंने सालों तक किस्तें भरीं, लेकिन बदले में न तो प्लॉट मिला और न ही रजिस्ट्री। मामला लखनऊ के चर्चित प्रोजेक्ट 'सम्राट सिटी नॉर्थ' से जुड़ा है, जिसे रूपेश चंद्र श्रीवास्तव और उनकी टीम ने बड़े-बड़े दावों के साथ लॉन्च किया था।

### छह साल तक 3000 जमा, बदले में धोखा

तारावती गुप्ता बताती हैं कि 2014 में उन्होंने सम्राट सिटी नॉर्थ में प्लॉट बुक कराया। हर महीने 3000 की किस्त जमा करती रहीं। छह साल में ?2,04,000 तक चुका दिए। लेकिन जब रजिस्ट्री का समय आया, तो कंपनी ने टालमटोल शुरू कर दी। रूपेश चंद्र और सुनील अरोड़ा बार-बार आश्वासन देते रहे। लेकिन न रजिस्ट्री हुई और न कब्जा मिला। आखिरकार मैंने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत की, तारावती ने बताया। शिकायत के बाद कंपनी ने 3,75,000 रुपये मय हर्जाना लौटाने का लिखित वादा किया है। तय हुआ है कि राशि 2 अगस्त से 2 नवंबर 2025 के बीच दी जाएगी। लेकिन पीड़िता को अब भी शक है कि यह वादा भी सिर्फ कागजों तक न सिमट जाए।

**कंपनी की शर्तों में ही फंसा धोखा**

एग्रीमेंट की शर्तों पर नजर डालें तो साफ हो जाता है कि ग्राहकों के साथ ठगी की जमीन पहले ही तैयार थी।

**तीन माह की किस्त बकाया पर बुकिंग रद्द**

रद्द करने पर 20 प्रतिशत रकम ज़ब्त बुकिंग राशि पर ब्याज नहीं यानी पैसा देने वाले के लिए सख्त नियम, और लेने वाले के लिए खुला खेल

**न मंजूरी, न नक्शा: फिर भी चल रहा था धंधा**

जांच में सामने आया है कि प्रोजेक्ट के लिए न तो प्राधिकरण से मंजूरी थी और न ही मानचित्र स्वीकृत। इसके बावजूद प्लॉट की बिक्री धड़ल्ले से की गई। अब बड़ा सवाल यह है कि जब रेरा पुलिस और जिला प्रशासन मौजूद थे, तो यह ठगी का खेल कैसे चलता रहा?

### लखनऊ में क्यों बढ़ रहा रियल एस्टेट फ्रॉड?

यह पहला मामला नहीं है। शहर में कई कॉलोनाइजर बिना अनुमति कॉलोनियां काट रहे हैं। लोग अपनी जीवनभर की कमाई ऐसे प्रोजेक्ट्स में फंसा देते हैं और फिर न्याय के लिए सालों भटकते रहते हैं। तारावती गुप्ता का कहना है, अगर 2 नवंबर तक कंपनी पैसा नहीं लौटाती तो एफआईआर दर्ज कराऊंगी। यह सिर्फ मेरी लड़ाई नहीं, बल्कि उन सैकड़ों परिवारों की लड़ाई है जिनके सपने इन कंपनियों ने लूटे।

### प्रशासन को जवाब देना होगा

लखनऊ में निवेश सुरक्षित है या नहीं, यह अब प्रशासन पर निर्भर करता है। अगर ऐसे माफियाओं पर नकेल नहीं कसी गई, तो शहर में भरोसे का संकट गहराता जाएगा।

# किसानों की जीत की गूंज

## लखनऊ में खड़ा हुआ किसानों का अपना 'किसान भवन', ठहरना-खाना सब मुफ़्त




जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ। यह सिर्फ़ एक इमारत नहीं, यह किसानों की मेहनत, संघर्ष और संकल्प की गवाही है। लखनऊ की धरती पर आज एक ऐसा सपना साकार हुआ है, जो 13 साल से अधूरा पड़ा था। भारतीय किसान मज़दूर यूनियन दसहरी संगठन ने किसानों के लिए वह ठिकाना तैयार कर दिया है, जहां कोई किसान भूखा नहीं रहेगा, और किसी को सड़क किनारे रात नहीं गुज़ारनी पड़ेगी। नाम है-'किसान भवन'।

### यह सुविधा कैसी होगी?

देश के किसी भी कोने से आने वाला किसान, चाहे वह छोटा किसान हो या बड़ा, यदि लखनऊ आता है, तो उसे यहाँ ठहरने और खाने की सुविधा पूरी तरह मुफ़्त मिलेगी। सिर्फ़ तीन चीज़ें चाहिए-आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फ़ोटो और मोबाइल नंबर। न कोई शुल्क, न कोई रिश्वत। यह किसानों के लिए, किसानों के द्वारा बनाया गया ठिकाना है।

### 13 साल का इंतज़ार, संघर्ष की कहानी

इस भवन का सपना 2011 में देखा गया था। 2012 में नींव पड़ी, ज़मीन खरीदी गई। लेकिन फिर शुरू हुआ लंबा संघर्ष-कभी आर्थिक तंगी, कभी बाधाएं। 13 साल तक इस विचार को जिन्दा रखने वालों ने हार नहीं मानी। आज जब यह भवन खड़ा है, तो यह सिर्फ़ ईंट और गारे का ढांचा नहीं, बल्कि किसानों की जीत का प्रतीक है। 28 सितंबर 2025-शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती-यह तारीख किसान आंदोलन के इतिहास में दर्ज हो जाएगी। इस दिन 'किसान भवन' का भव्य उद्घाटन होगा। पूरा देश इस नज़ारे का गवाह बनेगा, जब किसान एकजुट होकर यह संदेश देंगे सपने साकार होते हैं, अगर इरादे मज़बूत हों।

**कौन-कौन बने सहारा?**

इस भवन को साकार करने में भारतीय किसान मज़दूर यूनियन दसहरी संगठन, दसहरी ट्रस्ट एंड फाउंडेशन भारत, शहीद मेला चैरिटेबल ट्रस्ट उत्तर प्रदेश, और ममता महिला सेवा संस्थान उत्तर प्रदेश की अहम भूमिका रही। यह सामूहिक प्रयास बताता है कि जब किसान ठान लें, तो बदलाव मुमकिन है।

**स्थान:** प्रदेश कार्यालय के सामने, दसहरी चौराहा, हयात हॉस्पिटल के पास, हरदोई रोड, दुबग्गा, लखनऊ।

**यह भवन एक संदेश है:** किसान झुकता नहीं, थकता नहीं। जब तक न्याय और सम्मान नहीं मिलता, तब तक संघर्ष जारी रहता है। और यह भवन उसी संघर्ष की जीत का पत्थर है।

# नटखेड़ा में आस्था का महाकुंभ, बप्पा के जयकारों से गूंजेगा आसमान

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

**आलमबाग/नटखेड़ा।** भूल जाइए रोज़मर्रा की भागदौड़, क्योंकि अब नटखेड़ा में उतरने वाला है श्रद्धा का सैलाब और आस्था का महाकुंभ। 27 अगस्त से 4 सितम्बर तक नटखेड़ा बनेगा बप्पा का दरबार, जहां गूंजेगा एक ही नाम

### गणपति बप्पा मोरया

यह सिर्फ उत्सव नहीं, यह है हमारी संस्कृति, हमारी जड़ों और हमारी एकता का जीवंत प्रमाण। जब डोल-ताशों की गड़गड़ाहट और आरती की मधुर गूंज पूरे नगर में प्रतिध्वनित होगी, तब हर दिल में बस एक ही भावना होगी-भक्ति और उल्लास की। 03 सितम्बर को विशाल भंडारा-यह सिर्फ प्रसाद नहीं, बल्कि प्रेम और एकता का स्वाद होगा, जहां हजारों लोग एक साथ बैठकर बप्पा का आशीर्वाद ग्रहण करेंगे। और फिर आएगा वह क्षण, जो हर भक्त के दिल को झकझोर देता है-04 सितम्बर को बप्पा का विसर्जन। हर्ष और विषाद का अद्भुत संगम, जब जयकारों के बीच आंसुओं के साथ बप्पा को विदा किया जाएगा। लेकिन इस भव्य आयोजन के पीछे है अनथक प्रयास, समर्पण और त्याग। अग्रणी भूमिका में हैं पीयूष दीवान (पार्षद) और उनकी टीम- विपिन सोनकर, देवी पंसारी, वैभव सरीन, आशीष सिंह वरिष्ठ पत्रकार, सैम्पी भाई, रंजीत काका, सोनू राजपूत, अभिलाश राणा, रितेश सोनकर, जितेन्द्र सोनकर, निखिल साउंड सर्विस और कृष्णा सोनकर, जिन्होंने नटखेड़ा में आस्था का यह महाकुंभ रचने के लिए दिन-रात एक कर दिया। यह सिर्फ एक उत्सव नहीं... यह एक संदेश है। जब समाज में नफरत की दीवारें खड़ी की जा रही हैं, तब बप्पा का यह दरबार हमें याद दिलाता है कि आस्था जोड़ती है, तोड़ती नहीं। आइए, नटखेड़ा में उमड़ें, बप्पा का स्वागत करें और साबित करें कि हमारी ताकत हमारी एकता है। जो आया बप्पा के दरबार, उसके जीवन में उतरी बहार। आइए, नटखेड़ा चलें-जहां बप्पा का जयकारा गूंजेगा और दिलों में बंधन फिर से मजबूत होंगे।

# सीतापुर हाईवे पर कार ने दो बाइक को मारी टक्कर, डिवाइडर फांदकर दूसरी लेन में पहुंचीं कार

- चार व्यक्ति घायल, दो गंभीर, बीकेटी पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट के बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर एक बड़ी सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें बीकेटी थाना मोड़ के पास इटेश्वर हनुमान मंदिर के निकट सीतापुर की ओर जा रही स्विफ्ट डिजायर कार ने पहले स्प्लेंडर बाइक को टक्कर मारी और कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर विपरीत दिशा में पहुंच गई और लखनऊ की तरफ आ रही बुलेट मोटरसाइकिल से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार उछलकर दूर जा गिरे। बीकेटी पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए पास के रामसागर मिश्र शौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय ले जाया गया, घायलों में मधुकांत शुक्ला बहादुरपुर, लहरपुर, सीतापुर, महेंद्र कुमार 30 वर्ष, सीतारामपुर, मानपुर, सीतापुर, मनोज राठौर कमलापुर, सीतापुर, भूपेंद्र त्रिवेदी बहादुरपुर, लहरपुर, सीतापुर घायल हुए हैं। जिसमें डॉक्टरों ने मधुकांत शुक्ला और महेंद्र कुमार की गंभीर स्थिति को देखते हुए, उन्हें लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। बीकेटी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कक्षा तीन के छात्र का शव तालाब के पास मिला, शरीर पर चोटों के निशान


- पुलिस घटनास्थल पर की जांच पड़ताल, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट के गुडंबा थाना क्षेत्र अंतर्गत सादामऊ गांव के बबलू रावत का 8 साल का बेटा वीरू रावत कक्षा तीन में पढ़ता था,मंगलवार शाम को वह अचानक लापता हो गया। छात्र 12 घंटे से लापता था, तभी परिजन गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराकर बच्चे की तलाश कर रहे थे। वहीं परिजनों के अनुसार, वीरू मंगलवार शाम 6ः30 बजे शौच के लिए जाने की बात कहकर घर से निकला था, जब एक घंटे तक वापस नहीं आया, तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की, लेकिन वह नहीं मिला,तब परिजनों ने मंगलवार रात में गुडंबा थाना पर गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने तलाश शुरू की, लेकिन कुछ भी पता नहीं चला। वहीं बुधवार सुबह करीब 6 बजे गांव के दीपांशु ने तालाब में वीरू का शव उतराता देखा, उसने वीरू के बड़े भाई विवेक को जानकारी दी। मामले की पुलिस को भी सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू की। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि छात्र वीरू के चेहरे और शरीर पर चोट के निशान हैं, जिससे मामला हत्या का लग रहा है। सूत्रों के अनुसार, बच्चे की बेरहमी से हत्या की गई है। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। घटना के बाद से गांव में मातम पसरा है। वहीं मासूम की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। जानकारी अनुसार, मृतक वीरू रावत प्राइमरी स्कूल सादा मऊ में कक्षा तीन का छात्र था, उसके पिता बबलू रावत लकड़ी की ठेकेदारी करते थे। कुछ दिनों से काम बंद था। मां उमा देवी हाउस वाइफ हैं, उनके छह बच्चे विवेक, रूपेश, अनुमेश, अनिकेत, वीरू और अभिजीत हैं। पुलिस आसपास के सीसीटीवी? कैमरे खंगाल रही है पुलिस की जांच पड़ताल जारी है।

# हिमाचल के राज्यपाल से मिले राज्य सूचना आयुक्त भेंट की अपनी तीन पुस्तकें



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री ने लखनऊ के निमिषारण्य अतिथि गृह में शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को अपनी तीन पुस्तकें जनसूचना से जनसेवा सेवा और समर्पण राज्यपाल की संवैधानिक सक्रियता भेंट की।

# नीरज सिंह का जन्मदिन हनुमान चालीसा, भंडारा विभिन्न आयोजनों के साथ उल्लास के साथ मनाया गया



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी वरिष्ठ नेता नीरज सिंह के जन्मदिन अवसर पर लखनऊ में सामूहिक सुन्दर कांड एवं चालीसा पाठ मंत्रोच्चार के साथ उनके दीर्घायु जीवन और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। विभिन्न स्थानों पर भंडारा एवं फल विरतण का आयोजन हुआ। वहीं भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने पश्चिम विधानसभा के बुद्धेश्वर स्थित राजकीय दृष्टि बाधित में बच्चों को भोजन करवाने साथ फल वितरण किया साथ में पश्चिम उपविजेता अंजनी श्रीवास्तव उपस्थित रहें। भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह, महामंत्री अभिषेक गुप्ता द्वारा हनुमान सेतु मन्दिर में सामूहिक सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया समापन के समय लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने पहुंचकर श्री हनुमान जी महाराज की आरती कर नीरज सिंह की दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना की। वहीं व्यापारियों द्वारा लखनऊ महानगर की बाजारों में भंडारा एवं फल का वितरण कर जन्मदिन मनाया हजरतगंज स्थित दक्षिणमुखी हनुमान जी मंदिर में व्यापारी नेता अजय त्रिपाठी मुन्ना द्वारा भंडारा का आयोजन किया गया, भाजपा नेता पंकज सक्सेना ने यज्ञ अनुष्ठान किया। भाजपा महानगर मंत्री लखविंदर पाल सिंह एवं कार्यकता रणवीर सिंह कलसी, मनमोहन सिंह लाली, राजेंद्र सिंह दुआ, राजवंत सिंह बग्गा, कुलदीप सिंह सलूजा द्वारा नाका गुरुद्वारा में गुरु ग्रंथ साहिब जी के चरणों में उनके दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य के लिए चढ़नी कला की अरदास की है।

# 31 तक आवेदन करें निशुल्क तोरिया बीज मिनीकिट के लिए किसान

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

प्रदेश सरकार द्वारा कृषि विभाग के अन्तर्गत संचालित ÷राज्य सहायतित निःशुल्क तिलहन बीज मिनीकिट वितरण, प्रदर्शन एवं प्रसार कार्यक्रम÷ के अन्तर्गत तोरिया लाही फसल का दो किलोग्राम मात्रा का बीज मिनीकिट निःशुल्क प्राप्त करने हेतु कृषि विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत कृषकों के द्वारा आनॅलाइन आवेदन हेतु 1 अगस्त से 31 अगस्त तक की अवधि तक पोर्टल खोला गया है। कृषकों द्वारा पोर्टल पर तोरिया बीज मिनीकिट की बुकिंग की जा सकती है। आनॅलाइन आवेदन करने वाले कृषकों को बीज मिनीकिट आवेदन अवधि में प्राप्त आवेदकों के मध्य लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होने की दशा में आनॅलाइन लॉटरी के माध्यम से लाभार्थियों का चयन किया जायेगा। एक कृषक को केवल एक मिनीकिट प्राप्त हो सकेगा। चयनित कृषकों को पीओएस मशीन के माध्यम से राजकीय कृषि बीज भण्डारों से बीज मिनीकिट वितरित कराया जायेगा। कृषक निःशुल्क बीज मिनीकिट प्राप्त करने हेतु विभाग के पोर्टल पर अपना ऑनलाइन आवेदन करें।

# मंत्री दारा सिंह चौहान ने कारागार प्रशिक्षण संस्थान में ग्रहण किया दीक्षांत परेड का मान प्रणाम

- कारागार सेवा को पवित्र दायित्व समझते हुए ईमानदारी से कार्य करें: दारा सिंह
- कारागार सेवा, न्याय, सुधार और मानवता का आधार



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

डॉ सम्पूर्णानन्द कारागार प्रशिक्षण संस्थान में दीक्षांत परेड में मुख्य अतिथि के रूप में कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने प्रशिक्षु अधिकारियों और जेल वार्डरों को संबोधित करते हुए कहा कि आज प्रशिक्षण की समाप्ति नहीं बल्कि यह एक नई यात्रा, नई जिम्मेदारी और नए संकल्प की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि कारागार सेवा को केवल नौकरी नहीं बल्कि एक पवित्र दायित्व समझते हुए प्रशिक्षुओं को ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और मानवता के साथ कार्य करना होगा। श्री चौहान ने कहा कि 1940 में स्थापित डॉ सम्पूर्णानन्द कारागार प्रशिक्षण संस्थान एशिया का पहला जेल प्रशिक्षण संस्थान है, जिसने अब तक 1,719 अधिकारियों और 13,277 जेल वार्डरों को प्रशिक्षित कर सेवा में योगदान देने का गौरवशाली इतिहास बनाया है। इस संस्थान से भारत के साथ-साथ नेपाल, तंजानिया और सूडान जैसे देशों के कारागार कर्मी भी प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं, जो इसकी अंतरराष्ट्रीय पहचान का प्रमाण है। दीक्षांत परेड में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ राज्य के 131 प्रशिक्षु शामिल हुए। इनमें उत्तर प्रदेश राज्य के 8 डिप्टी जेलर, छत्तीसगढ़ राज्य के 3 जेल अधीक्षक तथा 6 सहायक जेल अधीक्षक 120वाँ सत्र और 114 प्रशिक्षु जेल वार्डर 177वाँ सत्र सम्मिलित रहे। कार्यक्रम में निरीक्षण करते हुए कारागार मंत्री ने प्रशिक्षुओं के अनुशासन और प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने विशेष रूप से छत्तीसगढ़ की अश्विनी पूजा तिर्की बेस्ट कैडेट अधिकारी संवर्ग और उत्तराखंड की दिव्या चौहान बेस्ट कैडेट जेल वार्डर संवर्ग को महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रेरणादायी उदाहरण बताते हुए सराहना की।इस अवसर पर महानिदेशक कारागार पीसी मीना ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान आचरण नियम, नए आपराधिक कानून, जेंडर संवेदीकरण, ई-प्रिजन, मनोविज्ञान, अपराधशास्त्र, समाजशास्त्र और जेल मैनुअल जैसे विषयों पर गहन अध्ययन कराया गया, साथ ही शारीरिक दक्षता और अनुशासन को भी प्राथमिकता दी गई। समारोह के अंत में मंत्री ने सभी प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि वे कारागार विभाग की कार्यप्रणाली में नए मानक स्थापित करें और अपने कार्य से समाज को यह संदेश दें कि कारागार सेवा, न्याय, सुधार और मानवता का आधार है।

# मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाएगी भाजपा: धर्मपाल

- बीजेपी कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची में जोड़वाना है नवमतदाताओं के नाम

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

बीजेपी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक विभिन्न सेवा कार्यों के माध्यम से सेवा पखवाड़ा मनाएगी। भाजपा नर सेवा, नारायण सेवा के संकल्प के साथ रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता कार्यक्रमों सहित विभिन्न सेवा कार्यों के माध्यम गांव, गली, मोहल्लों, शहरों, कस्बों, पगडंडियों तक पहुंचेगी। उन्होंने पंचायत चुनाव तथा 2027 विधानसभा चुनाव में पूर्व तैयारी-पूर्ण तैयारी की नीति के साथ बूथ समिति तथा मजबूत बूथ व्यूह रचना की रणनीति पर चर्चा की। धर्मपाल सिंह गोरखपुर क्षेत्रीय कार्यालय में क्षेत्रीय पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष एवं जिला प्रभारियों की संगठनात्मक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे।प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों तथा योजनाओं में गरीब, शोषित, वंचित, उपेक्षित वर्ग के सामाजिक और आर्थिक उत्थान का भाव सर्वोपरि है। भाजपा एक राजनैतिक दल है जो राजनैतिक कार्यो के साथ जनसेवा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण सहित समाज के प्रत्येक सुख-दुख में साथ रहकर गतिशील रहता है। यही कारण है कि भाजपा संगठन और भाजपा कार्यकर्ता अन्य राजनैतिक दलों से अलग विशिष्ठ पहचान के साथ सर्वग्राही, सर्वस्पर्शी तथा सर्वसमावेशी हैं। सेवा पखवाडें में पार्टी पदाधिकारी, सांसद, विधायक सहित जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं को मोदी का संदेश लेकर सेवा कार्यो के माध्यम से जनता के बीच पहुंचना है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का संकल्प साकार रूप ले रहा है। इस संकल्प को जन-गण-मन का संकल्प बनाने के लिए हमें लोगों जुड़कर उन्हें इस संकल्प से जोड़ना है। देश निरन्तर प्रगति के मार्ग पर बढ़ रहा है।

# सांसद प्रमोद तिवारी बोले, राम मंदिर निर्माण की पक्षधर रही कांग्रेस, सुप्रीम कोर्ट की वजह से हो पाया संभव

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा हमेशा ही राम मंदिर मुद्दे को जिंदा रखना चाहती थी। वो कभी नहीं चाहती थी कि मंदिर का निर्माण हो।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी बुधवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले हनुमानगढ़ी में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद अयोध्या राज परिवार के मुखिया और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य रहे दिवंगत बिमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र के निधन पर राज सदन में उनके परिवार से मुलाकात कर शोक संवेदना प्रकट की।

इस दौरान संवाददाताओं से बातचीत के दौरान प्रमोद तिवारी ने कई बड़े मुद्दों पर खुलकर अपनी राय रखी। उन्होंने भाजपा पर तीखा हमला बोला। तिवारी ने कहा कि भाजपा कभी नहीं चाहती थी कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो। भाजपा हमेशा इस मुद्दे को जिंदा रखना चाहती थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सोच हमेशा स्पष्ट रही है, कांग्रेस शुरू से ही अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण की पक्षधर रही है। उन्होंने साफ कहा कि मंदिर का निर्माण सुप्रीम कोर्ट के आदेश की वजह से संभव हो पाया है, इसलिए इसके लिए हम कोर्ट के आभारी हैं।




गृह मंत्री अमित शाह पर बोला हमला, कहा- गरिमा के अनुरूप नहीं कर रहे व्यवहार

उपराष्ट्रपति चुनाव पर बोलते हुए तिवारी ने जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी को सबसे उपयुक्त उम्मीदवार बताया। वहीं, गृह मंत्री अमित शाह पर भी उन्होंने करारा हमला बोला। तिवारी ने कहा कि शाह भले ही देश के गृह मंत्री हैं, लेकिन गरिमा के अनुरूप व्यवहार नहीं कर रहे हैं। बी. सुदर्शन रेड्डी पर दिया गया उनका बयान कहीं से भी उचित नहीं है। उन्होंने सवाल उठाया कि भाजपा की सरकार 11 साल से सत्ता में है, अगर कोई समीक्षा करनी थी तो पहले क्यों नहीं की, अब अचानक इस तरह का बयान क्यों दिया जा रहा है।

बिहार में 65 लाख वोट काट दिए गए, फर्जी मतदाता जोड़ने का हुआ खेल बिहार चुनाव को लेकर भी प्रमोद तिवारी ने गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि एसआरआई सिस्टम लोकतंत्र खत्म करने और वोट की चोरी के लिए बनाया गया है। तिवारी ने आरोप लगाया कि बिहार में 65 लाख वोट काट दिए गए हैं और फर्जी मतदाता जोड़ने का भी खेल हुआ है।

# अचानक बछरावां बस स्टेशन पहुंचे परिवहन मंत्री, गंदगी देख अधिकारियों को लगाई फटकार

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

सोमवार देर रात्रि 10:30 बजे के आसपास प्रयागराज से लखनऊ वापस जाते समय परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह का काफिला अचानक बछरावां बस स्टॉप के सामने रुक गया. इस दौरान उन्होंने बस स्टॉप का औचक निरीक्षण किया. साथ ही बस स्टॉप पर खड़ी बसों में बैठी सवारियों से उनके सफर के बारे में जानकारी ली. बस स्टॉप पर जल भराव को लेकर परिवहन मंत्री का पारा चढ़ गया उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाई।



बस स्टॉप पर मौजूद लोगों ने परिवहन मंत्री से दिव्यांग जनों के चढ़ने के लिए बने प्लेटफार्म को कैंटीन संचालक द्वारा अतिक्रमण कर बंद कर दिए जाने की शिकायत की है. और यह भी बताया कि कैटीन बस स्टॉप पर बने कैंटीन भवन में संचालित नहीं है. जिससे यात्रियों को असुविधाएं हो रही हैं. जिसको लेकर उन्होंने जल्द से जल्द दिव्यांग जनों के प्लेटफार्म को अतिक्रमण से मुक्त करने के दिशा निर्देश दिए हैं. बस स्टेशन परिसर में जगह -जगह गंदगी का आलम देखने को मिला . कैंटीन के आसपास भी गंदगी का आलम रहा. जिसको लेकर उन्होंने गहरी नाराजगी जाहिर की है. उन्होंने कहा कि जल्द व्यवस्थाओं में सुधार न किया गया तो दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# अयोध्या के राम मंदिर परिसर में गणपति पूजन का आयोजन, सुरक्षा दीवार का भी हुआ श्रीगणेश



**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि परिसर में बने नवनिर्मित गणेश मंदिर में पहली बार गणेश चतुर्थी का पूजन हुआ। इसी शुभ तिथि पर लगभग चार किलोमीटर लंबी सुरक्षा दीवार के निर्माण कार्य का भी श्रीगणेश किया गया। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में बुधवार को गणेश चतुर्थी पर विशेष आयोजन हुआ।

नवनिर्मित गणेश मंदिर में भगवान श्रीगणेश का विधिवत पूजन किया गया। नवनिर्मित मंदिर में पहली गणेश चतुर्थी है जिसे लेकर लोगों में विशेष उत्साह दिखाई दिया।

इसी पावन अवसर पर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए आज ही लगभग चार किलोमीटर लंबी सुरक्षा दीवार के निर्माण का कार्य प्रारंभ हुआ।

पूजन-अनुष्ठान और दीवार निर्माण के शुभारंभ के अवसर पर राम मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी, निर्माण एजेंसियों से जुड़े अधिकारी और कई गणमान्य मौजूद थे।

## राष्ट्रीय हैंड-टू-हैंड फाइटिंग स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में अनुज ने हासिल किया स्वर्ण पदक



**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर, रायबरेली के कक्षा 11 ब के छात्र भैया अनुज पाल ने हाल ही में आयोजित राष्ट्रीय हैंड-टू-हैंड फाइटिंग स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय, जनपद एवं प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता जबलपुर, मध्यप्रदेश में 23 और 24 अगस्त 2025 को आयोजित हुई थी। उनकी इस उत्कृष्ट उपलब्धि के आधार पर भैया अनुज पाल का चयन अंतरराष्ट्रीय हैंड-टू-हैंड फाइटिंग प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो दिसंबर माह में रूस (ऋह्वह्यह्यद्बड्ड) में आयोजित की जाएगी। बुधवार को वंदना सभा में प्रधानाचार्य श्रवण कुमार अवस्थी द्वारा भैया अनुज पाल को सम्मानित किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# सम्पूर्ण विश्व का भारतीय पुरातन परंपराओं के प्रति बढ़ रहा है आकर्षण : डॉ. सुदेश अग्रवाल

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

आज सम्पूर्ण विश्व भारत की संस्कृति, सभ्यता और पुरातन परंपराओं की ओर आकर्षित हो रहा है। अनेकानेक देशों के छात्र, नागरिक, और वैज्ञानिक भारत की चिरपुरातन व्यवस्थाओं को अपने अपने तरीके से स्वीकार करके लाभान्वित हो रहे हैं। यह बातें ओहियो अमेरिका के क्लीवलैंड क्लीनिक फाउंडेशन के पूर्व वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं उद्यमी, स्मिथ स्कूल ऑफ़ लाइफ लॉन्ग लर्निंग के असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ सुदेश अग्रवाल ने प्रौढ़ एवं सतत शिक्षा विभाग, डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या में आयोजित एक शैक्षिक संवाद में कहीं। छात्र-छात्राओं के साथ संवाद में डॉक्टर सुदेश अग्रवाल ने कहा कि हमें अपनी संस्कृति परंपरा को अपने दैनिक जीवन और कार्य पद्धति में और अधिक शोधपरक विकसित करते हुए गहनता से अंगीकृत करने की आवश्यकता है।



उन्होंने बताया कि कोविड- 19 के पूर्व अमेरिका के इंडियन स्टडीज प्रकल्प के साथ कई वर्षों तक विदेशी छात्र-छात्राओं के कुछ दल भारतीय परंपराओं के अध्ययन के लिए आते थे। अपने-अपने क्षेत्रीय समूह में वह भारत के ग्रामीण परिवेश और संस्कृतियों को अनेकानेक पूर्वाग्रह से मुक्त होकर स्वीकार करने के लिए आकर्षित होते रहे और कई परियोजनाएं इस पर काम भी कर रही हैं। अब हमें अपने संस्कृति, सभ्यता को और अधिक विस्तार देने का समय आ गया है। प्रौढ़ एवं सतत शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सुरेंद्र मिश्र जी ने डॉ. सुदेश अग्रवाल का स्वागत करते हुए कहा कि भारत की प्रतिभाएं संपूर्ण विश्व में अलख जगाए हुए हैं उन्हीं महत्वपूर्ण प्रतिभा संपन्न व्यक्तियों में से एक डॉ. सुदेश जी का सानिध्य हमारे छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणा एवं मार्गदर्शन प्रदान करेगा। भारत की संस्कृति सभ्यता पर निरंतर राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे शोध इस बात की ओर संकेत करते हैं कि युगों युगों से हमारे पूर्वजों द्वारा विकसित ज्ञान परंपरा कितनी समृद्ध और लोक कल्याणकारी है। हमें इस प्रक्रिया को निरंतर सुचारू रूप प्रदान करते हुए विश्व कल्याण के लिए चिंतनशील और अध्ययनरत रहना नितान्त आवश्यक है। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी विदेश संपर्क विभाग, अवध क्षेत्र, उत्तर प्रदेश के संयोजक रवि तिवारी ने डॉ. सुदेश जी का आभार एवं विश्वविद्यालय तथा प्रौढ़ एवं सतत शिक्षा विभाग के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए कहा कि हमें अपने दैनिक जीवन में अपने संस्कारों को गहनता पूर्वक स्थान देना वर्तमान कालखंड की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। इस अवसर पर डॉ. शालिनी पांडे, डॉ. सरिता सिंह,रत्नेश यादव, विनीता पटेल, सरिता पाठक, शोध छात्र विनय शर्मा, मोनिका , दीक्षा एवं विभाग के छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकारी अधिक से अधिक वादों का करायें निस्तारण : एडीएम

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** अपर जिलाधिकारी (वि0 एवं रा0)/नोडल अधिकारी रा0लो0अ0 अमृता सिंह ने समस्त उपजिलाधिकारी/तहसीलदार, नगर मजिस्ट्रेट, बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी, लीड बैंक अधिकारी, सहायक श्रमायुक्त, वरिष्ट निरीक्षक बाट माप, विद्युत, आबकारी, परिवहन, नगर पालिका विभागों के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये है कि 13 सितंबर 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित अधिक से अधिक वादों का निस्तारण करायें।

## प्राइवेट एवं शासकीय कार्यालय में गठित कमेटी के अध्यक्ष/सदस्यों का विवरण शी बॉक्स पोर्टल पर कराना करें सुनिश्चित : जयपाल वर्मा

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा ने बताया है कि मा0 उच्चतम न्यायालय में योजित सिविल याचिका संख्या 2482/2014 के संबंध में निर्देश पारित किये गये है, जनपद में संचालित समस्त निजी/प्राइवेट कंपनियों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, फर्मों के मुख्यालयों में गठित आंतरिक शिकायत कमेटी का पंजीकरण शी बॉक्स के पोर्टल पर पंजीकरण कराये, एवं सभी प्राइवेट एवं शासकीय कार्यालय में गठित कमेटी के अध्यक्ष/सदस्यों का विवरण शी बॉक्स पोर्टल पर 30 अगस्त 2025 के पूर्व कराना सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी के लिए जिला प्रोबेशन कार्यालय, विकास भवन, रायबरेली से सम्पर्क किया जा सकता है।

# अयोध्या के महंत राजूदास बोले, हर गली-हर कूचे, हर मोहल्ले में कूटे जाएंगे स्वामी प्रसाद मौर्य

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

अयोध्या के महंत राजूदास ने स्वामी प्रसाद मौर्य को लेकर तल्ख टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य हर गली, हर कूचे और हर मोहल्ले में कूटे जाएंगे।

गोंडा शहर के गोनार्द लॉन में युवा सोच संगठन के संस्थापक अनिल सिंह भदौरिया की बेटी के जन्मदिन पर 11 गरीब कन्याओं को गोद लिए जाने के कार्यक्रम में मंगलवार की रात गोंडा पहुंचे अयोध्या के महंत राजू दास ने कई मुद्दों पर खुलकर अपनी बात कही।

उन्होंने पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के प्रकरण में कहा कि जो स्वामी प्रसाद मौर्य का हाल है। वह किसी का नहीं हो सकता है। वो हर गली में, हर कूचे में और हर मोहल्ले में कूटे जाएंगे और पीटे जाएंगे। उन्होंने कहा कि



सनातन संस्कृति की पहचान भारत से है। सनातन पूरे विश्व को अपना परिवार मानता है। सनातन सिखाता है धर्म की जय हो। अधर्म का नाश हो। प्राणियों में सद्भाव हो। स्वामी प्रसाद ही नहीं स्वामी प्रसाद जैसे तमाम लोग हैं जो सनातन पर टिप्पणी करते हैं उनको मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को खुद को ब्राह्मण बताए जाने को लेकर निशाना साधा और कहा कि देखिए राहुल गांधी अभी अयोध्या के राम मंदिर नहीं आए।

सनातन की बात आती है तो हिंदुओं पर टिप्पणी करते हैं। सनातनियों को तोड़ने का प्रयास करते हैं। राहुल गांधी शुद्ध रूप से कुर्सी के लिए फ्रस्ट्रेटेड हो चुके हैं। क्या सोचना चाहिए, क्या बोलना चाहिए उनको पता नहीं। विश्वपटल पर जिस तरीके से वह भारत की बदनामी का प्रयास करते हैं वह शर्मनाक है।

# भारत पर अमेरिकी टैरिफ लागू : सपा सांसद बोले, ये हमारी संप्रभुता पर हमला

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि अमेरिका का भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाना हमारे देश की संप्रभुता पर सीधा हमला है। सरकार को संसद में इस विषय पर निंदा प्रस्ताव लाना चाहिए था। अमेरिका की ओर से भारत पर लगाया गया अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ आज यानी 27 अगस्त से लागू हो गया है। इस फैसले से भारत से अमेरिका निर्यात किए जाने वाले माल पर लगने वाला कुल टैरिफ 50 प्रतिशत हो गया है। अमेरिका के इस निर्णय पर अयोध्या से सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि यह भारत की संप्रभुता पर हमला है। हालांकि, उन्होंने ये भी कहा कि भारत पूरी तरह सक्षम है। टैरिफ चाहे 50 फीसदी हो या 100 फीसदी भारत की अर्थव्यवस्था पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भारत सरकार को ट्रंप की बयानबाजी को लेकर संसद में निंदा प्रस्ताव लाना चाहिए था। अच्छा होता कि सरकार ट्रंप को चेतावनी देती पर पता नहीं क्यों सरकार ने ऐसा नहीं किया। विशेषज्ञों का कहना है कि इस निर्णय से भारत के प्रतिस्पर्धियों की स्थिति कम टैरिफ के कारण अमेरिकी बाजार में बेहतर होगी। इस चुनौती से निपटने के लिए मोदी सरकार को बड़े स्तर पर प्रयास करने होंगे, अन्यथा न सिर्फ देश की जीडीपी पर असर पड़ेगा, बल्कि भारत को वैश्विक विनिर्माण हब बनाने का लक्ष्य भी प्रभावित होगा।

# इधर गंगा में तलाश कर रही थी युवक को पुलिस, उधर कानपुर से फोन आया मैं यहां हूं

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

सोमवार की शाम को पत्नी से नाराज युवक ने गेगासो पुल पर बाइक खड़ी की और गायब हो गया, इससे हड़कंप मच गया।परिजनों ने जब पुल पर बाइक खड़ी देखी तो उन्हें युवक के गंगा में छलांग लगाने की शंका हुई. परिजनों ने गेगासो पुलिस को घटना की जानकारी दी।

पुलिस ने गोताखोरों को बुलाकर उसे खोजना शुरू किया. लेकिन आधी रात बीतने के बाद भी युवक का कहीं पता नहीं चल सका। वहीं मंगलवार की सुबह स्टीमर गंगा में फर्राटा भरने वाला ही था कि तभी युवक का अपने साथी मित्र के फोन पर उसकी काल आई और उसने रोते हुए बताया कि वह कानपुर में है.तब लोगों की जान में जान आई. परिजन उसे लेने के लिए कानपुर रवाना हो गए हैं.सरेनी थाना क्षेत्र के लखन गांव के रहने वाले मोहम्मद राशिद उम्र 27 वर्ष पुत्र मोहम्मद सद्दीक का अपनी पत्नी से सोमवार को विवाद हो गया तो नाराज होकर उसने गंगा में छलांग लगाने की झूठी कहानी गढ़ी और बाइक को पुल पर खड़ी कर गायब हो गया। घर से नाराज होकर जाने की जानकारी जब उसके परिजनों को मिली तो वह खोजते-खोजते गेगासो पुल पर पहुंचे जहां राशिद की बाइक लावारिस हालत में खड़ी देखकर परेशान हो उठे. उन्होंने घटना की जानकारी गेगासो पुलिस को दी तो रात में ही चौकी इंचार्ज अरविंद चौधरी ने गोताखोरों को बुलाकर नदी में जाल डलवाया लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। मंगलवार सुबह राशिद ने अपने दोस्त मुकेश चौधरी को फोन कर बताया कि वह झकरकटी बस स्टॉप कानपुर में है। सूचना मिलते ही परिजन कानपुर के लिए रवाना हो गए हैं। सरेनी कोतवाल रमेश चंद्र यादव ने बताया कि युवक पत्नी से नाराज हो गया था इसलिए गंगा में छलांग लगाने की झूठी कहानी गढ़ी। वह कानपुर में है परिजन उसे लेने गए हैं।

# प्रदेश में कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत 14.15 लाख युवाओं को दिया गया प्रशिक्षण

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के बेरोजगार युवाओं के भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए अनेको योजनाएं संचालित कर उन्हें रोजगार से लगा रहे है। उ0प्र0 कौशल विकास मिशन के अंतर्गत प्रशिक्षण दिलाते हुए सबको हुनर, सबको काम की नीति पर चलते हुए प्रदेश सरकार युवाओं/युवतियों को आत्मनिर्भर और सशक्त बना रही है। प्रदेश के बहुत से युवक/ युवतियों शिक्षित तो होते है, किन्तु बिना किसी हुनर, कौशल के वे रोजगार से नहीं लग पाते है। प्रदेश सरकार उन्हें रोजगार से लगाने के लिए कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत प्रशिक्षण दिलाती है और संबंधित ट्रेड्स में प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त उन्हें स्वयं का बिजनेस, उद्यम स्थापित करने के लिए सहयोग एवं सरकारी/निजी क्षेत्र में सेवायोजित कराती है। उ0प्र0 कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत प्रशिक्षण लेने वाले अभ्यर्थियों के लिए यह जरूरी है कि वह उ0प्र0 का मूल निवासी हो और उसकी आयु 18 से 35 वर्ष की होना चाहिए। कुछ ट्रेड्र्स में आयु में शिथिलता है। प्रशिक्षण लेने के लिए आवेदक को आवेदन ऑनलाइन भरते समय आधार कार्ड, निवास, आयु, शैक्षिक योग्यता के प्रमाण, बैंक खाता नम्बर, पासपोर्ट साइज की फोटो, मोबाइल नम्बर आदि संलग्न करना होता है। प्रदेश में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की संख्या को बढ़ाकर 324 किया गया है, जिससे वर्तमान में प्रवेशित सीटों की संख्या 1.84 लाख हो गयी है। अप्रेंटिसशिप योजना के अन्तर्गत वर्ष 2024 में 69 हजार से अधिक युवाओं को उद्योगों व एम0एस0 एम0ई0 में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

उ0प्र0 कौशल विकास मिशन द्वारा विगत 08 वर्षों में 14.15 लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया गया जिनमें से 5.40 लाख युवाओं को सेवायोजन भी प्राप्त हुआ। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा उद्योगों की मांग के अनुरूप राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन (एन0एस0 डी0 सी0) तथा कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अनुमोदित क्वालिफिकेशन पैक्स/नेशनल आवयूपेशनल स्टैण्डर्ड आधारित कुल 38 सेक्टर्स से 2750 से अधिक पाठ्यक्रम अनुमन्य किये गये है। वर्तमान में 452 निजी प्रशिक्षण प्रदाता, 334 राजकीय प्रशिक्षण प्रदाता और 25 फ्लैक्सी प्रशिक्षण प्रदाता मिशन, 34 दिव्यांग प्रशिक्षण प्रदाता, 268 स्टार्टअप प्रशिक्षण प्रदाता तथा 10 एन0एस0 डी0सी0 तथा एस0एस0सी0 प्रशिक्षण प्रदाता उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के साथ आबद्ध किये जा चुके है। इसके अतिरिक्त दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अन्तर्गत 415 प्रशिक्षण को भी अनुबंधित किया गया है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वर्ष 2027 तक 01 ट्रिलियन डॉलर के स्तर तक ले जाने के उद्देश्य से मैन पावर तैयार किये जा रहे है। यू0पी0जी0आई0 एस0 2023 में विभाग हेतु 71 निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिससे रू0 7031 करोड़ की धनराशि का निवेश अग्रेतर वर्षों में होने की सम्भावना है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा स्कूली छात्र व छात्राओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से प्रोजेक्ट प्रवीण प्रारम्भ किया गया है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से अधिकाधिक युवाओं को प्रशिक्षित कर सेवायोजित कराये जाने का लक्ष्य है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन को अवॉर्डिंग बॉडी की मान्यता प्राप्त करा कर अपने मॉगपरक पाठ्यक्रम तैयार करने, मूल्यांकन व प्रमाण-पत्र प्रदान करने हेतु सक्षम बनाया गया है। राजकीय आई0टी0आई0 में इंडस्ट्री 4.0 की अपेक्षाओं के अनुरूप अभिनव ट्रेड्स यथा ड्रोन टेक्नोलॉजी में प्रशिक्षण प्रारम्भ कराया गया है। इसके साथ-साथ नवीन प्रौद्योगिकी व सेवाक्षेत्र यथा इलेक्ट्रॉनिक्स टेक्नोलॉजी तथा लाजिस्टिक्स से सम्बन्धित प्रशिक्षण प्रदान करने के लिये आई0वी0एम0, टी0सी0एस0 तथा फ्लिपकार्ट जैसी कम्पनियों के साथ अनुबंध किया गया है। उद्योगों की माँग एवं इन्डस्ट्री 4.0 की आकांक्षाओं के अनुसार एवं सेवायोजकता के दृष्टिगत टीटीएल एवं उनके कन्सोटियम द्वारा सी0एस0 आर0 के सहयोग से 149 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों एवं 01 प्रादेशिक स्टाफ प्रशिक्षण एवं शोध केन्द्र में कौशलम केन्द्र की स्थापना की गयी जिसमें 11 दीर्घकालीन न्यू एज कोर्स एवं 23 शार्ट टर्म कोर्सेस का प्रशिक्षण कराया जा रहा है। वर्तमान में 11,000 से अधिक प्रशिक्षार्थी प्रशिक्षणरत है। इस परियोजना में रू0 4,282 करोड़ की धनराशि का निवेश किया गया है। शिल्पकार अनुदेशक प्रशिक्षण योजना (सी0आई0टी0एस0) के अन्तर्गत प्रादेशिक स्टॉफ शिक्षण एवं शोध केन्द्र (आई0टी0ओ0टी0) लखनऊ में संचालित 06 व्यवसायों को बढ़ाकर 10 व्यवसायों का कराया जा रहा है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के 39 हजार से अधिक प्रशिक्षार्थियों को उद्योगों व एम0एस0एम0ई0 में प्रथम बार 07 से 15 दिवस की ऑन-जॉब ट्रेनिंग कराई गई है। उ0प्र0 कौशल विकास मिशन द्वारा दिव्यांगों हेतु विशिष्ट प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित कर संचालित कराये गये हैं।

प्रशिक्षण में उद्योगों की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदेश के 227 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में संचालित हो रहे व्यवसायों में से 52 व्यवसायों की 17,156 सीटों को ड्यूल सिस्टम ऑफ ट्रेनिंग के अन्तर्गत 03 से 06 माह का प्रशिक्षण अनुबन्धित किया गया है। प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप योजना/ अप्रैन्टिसशिप योजना की ब्रान्डिंग करते हुये अधिक से अधिक युवाओं को भत्ते के साथ उद्योगों में प्रशिक्षण प्रदान कराया जा रहा है। अप्रैन्टिसशिप प्रशिक्षण उद्योगों में केन्द्र सरकार द्वारा ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से संचालित किया जा रहा है एवं योजना के प्रोत्साहन हेतु एन0ए0पी0 एस0 लागू करते हुये सम्बन्धित अधिष्ठान द्वारा प्रदान की गयी वृत्तिका के सापेक्ष 25 प्रतिशत (अधिकतम 1500/- प्रशिक्षार्थी प्रति गाह) की प्रतिपूर्ति की जाती है। उक्त योजना के अंतर्गत प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री अप्रेंटिस प्रोत्साहन योजनान्तर्गत रू0 1000/- प्रति प्रशिक्षार्थी प्रति माह की प्रतिपूर्ति की जा रही है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन को अपनी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए पिछले 05 वर्षों में 05 पुरस्कार प्राप्त हुये है।



# रीजनल सिनेमा में अलग तरह के कंटेंट पर फिल्म बनाने की पूरी आजादी होती है

**अजय देवगन ने जब नई स्टारकास्ट के साथ गुजराती फिल्म वश का हिंदी रीमेक शैतान बनाया, तो फिल्म की मुख्य अदाकारा जानकी बोडीवाला को रिप्लेस नहीं कर सके। वश में आर्या और शैतान में जाह्नवी के रोल में जानकी ने गुजराती और हिंदी दोनों ही भाषाओं के दर्शकों का दिल जीता। अब वह वश लेवल 2 में नजर आने वाली हैं। यह 2023 में आई वश का ही सीक्वल है। फिल्म 27 अगस्त 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।**

इस दौरान उन्होंने बॉलीवुड और गुजराती फिल्मों में काम करने के अपने अनुभव, दोनों इंडस्ट्री के बीच अंतर पर खुलकर बात की। जानकी ने माना कि रीजनल सिनेमा में अलग तरह के कंटेंट पर फिल्म बनाने की पूरी आजादी होती है, जबकि बॉलीवुड में बहुत हद तक यह मुमकिन नहीं हो पाता।

**आप मेडिकल बैकग्राउंड से हैं, तो अचानक फिल्मों में आना कैसे हुआ?**

मैं मतलब डॉक्टर बैग्राउंड से होने वाली थी। मगर मैंने वह पढ़ाई कम्पलीट नहीं की। इसी दौरान मुझे मेरे डायरेक्टर कृष्णदेव याग्निक (डेब्यू फिल्म के निर्देशक) मिल गए जिन्होंने मुझे गुजरात में पहचान दिलाई। यह उनका ही फैसला था कि वह मुझे अपनी पहली फिल्म में कास्ट करना चाहते हैं। और उन्होंने ही फिल्म वश भी बनाई जिसके लिए ना सिर्फ मुझे पूरे देश में पहचान मिली, बल्कि राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला।

**अभी आप वश 2 में काम कर रही हैं जो हिंदी में रिलीज हो रही है। बाद में हो सकता है कि आप शैतान के सीक्वल में भी हों, तो आपके लिए कितना चैलेंजिंग होगा उस समय, क्योंकि लोग वश 2 देख चुके होंगे?**

शैतान का अंत गुजराती फिल्म वश से अलग था। तो शायद वह अपना एक अलग यूनिवर्स क्रिएट करेंगे। हालांकि उसके बारे में मुझे कुछ ज्यादा मालूम नहीं है, लेकिन हां, मुझे दोनों फिल्मों में काम करके बहुत अच्छा लगा, बहुत मजा आया। इतने बड़े-बड़े एक्टर्स के साथ काम किया, बहुत कुछ सीखने को भी मिला।

**आप गुजरात फिल्म इंडस्ट्री के विकास को किस तरह से देखती हैं?**

रीजनल सिनेमा में अच्छी बात यह होती है कि हमारे पास बहुत अलग-अलग तरह का कंटेंट ट्राय करने का स्पेस होता है। रीजनल सिनेमा में हमारे पास एक आज़ादी होती है और यही वजह है कि हम बहुत कुछ नया बना सकते हैं। मुझे रीजनल सिनेमा की यह बात बहुत अच्छी लगती है।

**हिंदी हो या गुजराती, आपको कई सीनियर एक्टर्स के साथ काम करने का मौका मिला। आपका कैसा अनुभव रहा?**

मुझे जब पता चला कि हीतू कनोडिया (गुजरात सिनेमा के जाने-माने कलाकार) फिल्म में मेरे पिता का रोल अदा करने वाले हैं और फिल्म में हितेन कुमार भी होंगे, तो मैं पहले तो अंदर से हिल गई थी। दरअसल, जब इतने बड़े एक्टर्स आपके साथ काम कर रहे होते हैं तो आपको परफॉर्म करना ही पड़ता है। ऐसे में मेरे पास भी तब परफॉर्म करने के अलावा कोई और ऑप्शन ही नहीं था। मगर यहां भी मेरी सफलता का क्रेडिट मेरे डायरेक्टर को जाता है जिन्होंने मुझे सिखाने के लिए वर्कशॉप करवाई और कॉन्फिडेंस दिया कि मैं कर सकती हूं।

## अजय देवगन के साथ काम का कैसा एक्सपीरियंस कैसा था?



उनके साथ काम करने का अनुभव भी बहुत बढ़िया रहा। मैंने तो उम्मीद ही नहीं की थी कि वह मुझे उस स्तर का कम्फर्ट महसूस करवाएंगे, क्योंकि वह मेरी पहली हिंदी फिल्म थी। जिस हिसाब से मुझे वहां लोगों का ट्रीटमेंट मिला, खासकर एक्टर्स से, वह काफी अच्छा और यादगार था। उन्होंने मुझे महसूस ही नहीं होने दिया कि मैं एक न्यूकमर हूं। वहां मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला और इन सभी सीनियर कलाकारों से मिली सीख को मैं अपनी आगे की फिल्मों में अप्लाई करूंगी।



# तमिल डेब्यू के लिए परफेक्ट फिल्म है कंचना 4

एक्ट्रेस नोरा फतेही लोकप्रिय तमिल हॉरर-कॉमेडी फ्रेंचाइजी 'कंचना' के चौथे भाग 'कंचना 4' के साथ तमिल सिनेमा में कदम रखने जा रही हैं। इस मोस्टअवेटेड फिल्म में नोरा मुख्य भूमिका निभाएंगी। नोरा ने 'कंचना 4' चुनने की वजह भी बताई। उन्होंने कहा, जब मुझे यह फिल्म ऑफर हुई, तो मुझे लगा कि तमिल सिनेमा में डेब्यू के लिए यह एकदम सही प्रोजेक्ट है। इस फ्रेंचाइजी की पहले से ही मजबूत पहचान है और इसकी अनोखी स्क्रिप्ट ने मुझे आकर्षित किया। नोरा फतेही ने आगे बताया, क्राइम-कॉमेडी ड्रामा मडगांव एक्सप्रेस की सफलता के बाद मैं एक और कॉमेडी फिल्म का हिस्सा बनना चाहती थी और इस प्रोजेक्ट के साथ मुझे वही रास्ता नजर आया। मैं इस फिल्म में काम करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। नोरा ने बताया कि तमिल भाषा सीखना आसान नहीं है। फिल्म के लिए तमिल भाषा सीखना चुनौतीपूर्ण रहा है। उन्होंने बताया, भाषा हमेशा एक चुनौती होती है, लेकिन मुझे चुनौतियां पसंद हैं। मैंने पहले हिंदी, तेलुगू और मलयालम में भी काम किया है और अब तमिल मेरे लिए सबसे मुश्किल भाषा है और इसमें काम करने को लेकर मैं काफी उत्साहित हूं। नोरा फतेही ने यह भी बताया कि वह अपने किरदार को पर्दे पर उतारने के लिए किस तरह से तैयारी कर रही हैं। उन्होंने बताया, मैं अपने लाइन्स की रिहर्सल करने और उच्चारण पर काम करने के लिए अतिरिक्त समय दे रही हूं। इसके लिए खूब प्रैक्टिस करती हूं। सेट पर मिला प्रोत्साहन सबसे बड़ी प्रेरणा रहा। उन्होंने कहा, क्रू को उम्मीद नहीं थी कि मैं कॉमिक सीन में इतनी सहज रहूंगी। ऐसी प्रतिक्रिया मुझे और बेहतर करने के लिए प्रेरित करती है। यह संस्कृति और भाषा का सम्मान करने के साथ-साथ अपना सर्वश्रेष्ठ देने का मौका है। मुझे टीम का भी काफी सपोर्ट मिलता है। नोरा ने तमिल और बॉलीवुड सिनेमा के अंतर को भी रेखांकित किया। उनके मुताबिक, तमिल सिनेमा कहानी और परफॉर्मेंस पर केंद्रित है, जबकि बॉलीवुड की अपनी भव्यता और एनर्जी है। दोनों इंडस्ट्री से सीखना मेरे लिए रोमांचक अनुभव है।

# विक्रम भट्ट के एक और प्रोजेक्ट में सनी लियोनी की एंट्री



सनी लियोनी ने जिस्म 2, रईस, तेरा इंतजार और एक पहेली लीला जैसी कई बॉलीवुड फिल्मों में काम किया है। वेब सीरीज में भी वे नजर आ चुकी हैं। पोस्ट शेयर कर उन्होंने अपने आगामी प्रोजेक्ट पर डिटेल शेयर की हैं, जिसकी शूटिंग शुरू कर दी है। दिलचस्प बात यह है कि इसमें वे निर्देशक विक्रम भट्ट के साथ काम करेंगी।

### सनी ने जताई विक्रम भट्ट के साथ काम करने की खुशी

सनी लियोनी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें वे निर्देशक विक्रम भट्ट के साथ नजर आ रही हैं।सनी ने इसके साथ कैप्शन लिखा है, अपने पसंदीदा निर्देशकों में से एक के साथ फिर से काम करने का मौका मिला है। चलिए कुछ जादू करते हैं।

### सीरीज अनामिका में साथ कर चुके हैं काम

बता दें कि इससे पहले सनी लियोनी विक्रम भट्ट के साथ वेब सीरीज अनामिका में काम कर चुकी हैं, जो साल 2022 में आई थी। एक्शन से भरपूर यह जासूसी थ्रिलर वेब सीरीज एमएक्स प्लेयर पर उपलब्ध है। इसका निर्देशन विक्रम भट्ट ने किया।

नेटिजन्स ने दी बधाई

सनी और विक्रम के आगामी प्रोजेक्ट को लेकर नेटिजन्स रिएक्शन दे रहे हैं। दोनों को बधाई दे रहे हैं। सनी लियोनी के बॉलीवुड करियर की बात करें तो उन्होंने साल 2012 में आई फिल्म जिस्म 2 से डेब्यू किया था। हालांकि, वो साल 2011 में ही चर्चित रियलिटी शो बिग बॉस में आकर भारत में अपनी पहचान बना चुकी थीं। सनी का असली नाम करनजीत कौर वोहरा था, लेकिन एडल्ट इंडस्ट्री में काम करने के लिए उन्होंने अपना नाम सनी लियोनी रख लिया।

## सिद्धार्थ और जाह्नवी हैं परम सुंदरी की परफेक्ट जोड़ी

प्रोड्यूसर दिनेश विजन ने अपनी आगामी फिल्म परम सुंदरी के बारे में बात करते हुए कहा कि यह फिल्म आधुनिक तकनीक और पारंपरिक जीवन शैली के बीच के अंतर को दर्शाती है। उन्होंने बताया कि इस फिल्म में सिद्धार्थ और जाह्नवी को कास्ट करने का कारण उनकी एक-दूसरे से बिल्कुल अलग शख्सियत और उनके किरदारों के साथ उनका तालमेल है।



टेक्नोलॉजी बनाम सादगी: विजन के मुताबिक, परम सुंदरी सिर्फ एक क्रॉस-कल्चरल कहानी नहीं है, बल्कि यह आज के युवाओं की ज़िंदगी का एक अहम हिस्सा बन चुकी है। फिल्म का नायक परम, एक ऐसा किरदार है जो टेक्नोलॉजी और ऐप्स पर पूरी तरह निर्भर है। वहीं, सुंदरी का किरदार एक ऐसी दुनिया से आता है जहाँ जीवन बहुत सरल और तकनीक के प्रभाव से दूर है। विजन ने कहा, फिल्म की कहानी यही संदेश देती है कि आज के युवा हर काम के लिए ऐप्स पर निर्भर हैं, और इस वजह से वे असली और ऑर्गेनिक रिश्तों की खूबसूरती को भूलते जा रहे हैं।

कास्टिंग पर विजन के विचार: दिनेश विजन ने सिद्धार्थ और जाह्नवी की कास्टिंग को लेकर कहा कि सिद्धार्थ एक हैंडसम हीरो हैं, लेकिन उन्होंने पिछले छह सालों में कोई रोमांटिक-कॉमेडी नहीं की है। वहीं, जाह्नवी, जो असल जिंदगी में सुंदरी जैसी ही हैं, ने भी ऐसा रोल पहले कभी नहीं निभाया।


# नुसरत भरूचा की उफ्फ ये सियापा में दिखेगी बिना डायलॉग डार्क कॉमेडी

नुसरत भरूचा की फिल्म 'उफ्फ ये सियापा' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। बता दें ये फिल्म बिना डायलॉग के एक डार्क कॉमेडी है, जिसमें हर सीन सिर्फ हावभाव और एक्सप्रेशन से कहानी कहता है। फिल्म 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।



फिल्म की कहानी घूमती है केसरी लाल सिंह (सोहम शाह) के इर्द-गिर्द, जो एक साधारण और भोला-भाला इंसान है। उसकी पत्नी पुष्पा (नुसरत ) उसे पड़ोसन कमिनी (नोरा फतेही) से फ्लर्ट करने का इल्जाम लगाकर घर छोड़ देती है। जैसे ही वह अपनी बेगुनाही साबित करने की कोशिश करता है, अचानक उसके घर एक लाश मिलती है। मामला यहीं नहीं रुकता, थोड़ी देर में दूसरी लाश भी सामने आ जाती है और केसरी की जिंदगी पूरी तरह उलझ जाती है। इस गड़बड़झाले में इंस्पेक्टर हसमुख (ओमकार कपूर) की एंट्री होती है, जो खुद भी अपने मकसद से कहानी में रंग भरता है।

फिल्म में सोहम शाह, नुसरत भरूचा और नोरा फतेही मुख्य भूमिकाओं में हैं। सोहम शाह अपनी सीरियस एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं, लेकिन इस फिल्म में उनकी मासूमियत और बेबस कॉमिक टाइमिंग दिल जीत सकती है। नुसरत भरुचा के लिए यह साल खास है क्योंकि यह उनकी दूसरी फिल्म है 'छोरी 2' के बाद। वहीं नोरा फतेही भी 2025 में तीसरी बार बड़े पर्दे पर दिखाई देंगी। हाल ही में वो अभिषेक बच्चन की 'बी हैप्पी' और कन्नड़ थ्रिलर 'केडी - द डेविल' में नजर आ चुकी हैं। 'उफ्फ ये सियापा' का निर्देशन जी. अशोक ने किया है और इसे लव रंजन और अंकुर गर्ग ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। संगीत की जिम्मेदारी ए.आर. रहमान ने उठाई है, हालांकि यह फिल्म गानों से नहीं बल्कि बैकग्राउंड स्कोर और साउंड इफेक्ट्स से दर्शकों पर असर डालेगी। अभिनेता शारीब हाशमी भी एक अहम किरदार में नजर आएंगे।




# सलमान खान ही नहीं, शिल्पा शेट्टी से लेकर संजय दत्त तक; ये सेलेब भी रहे 'बिग बॉस' के होस्ट

बहुचर्चित रियलिटी शो बिग बॉस 19, 24 अगस्त से शुरू हो गया है। ये नया सीजन भी पिछले कई साल की तरह ही सलमान खान द्वारा होस्ट किया जाएगा। लेकिन क्या आपको पता है कि साल 2000 में शुरू हुए इस शो को अभी तक कुल छह होस्ट मिल चुके हैं। हालांकि, इन सभी होस्ट में सलमान को दर्शकों द्वारा खूब प्यार मिला। आइए जानते हैं कि बिग बॉस को अभी तक किन-किन सेलेब्स ने होस्ट किया है।



### अरशद वारसी

बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता अरशद वारसी साल 2006 में बिग बॉस के पहले सीजन के होस्ट रहे थे। ये कह सकते हैं कि इस शो की शुभ शुरुआत अरशद वारसी ने ही की थी।



### शिल्पा शेट्टी

बिग बॉस सीजन 2 की होस्ट बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी थीं। इस शो को काफी लोकप्रियता मिली थी। एक्ट्रेस के मजाकिया अंदाज और शानदार कलाकारी को दर्शकों ने पसंद किया था। शो के बीच में एक्ट्रेस की तबीयत खराब होने के कारण उन्हें शो छोड़ना पड़ा।

### अमिताभ बच्चन

सदी के महानायक अमिताभ बच्चन की एक्टिंग का हर कोई दीवाना है। शिल्पा शेट्टी द्वारा बिग बॉस सीजन 2 बीच में ही छोड़ने के कारण अमिताभ बच्चन ने इसे होस्ट किया था। अभिनेता उस समय कौन बनेगा करोड़पति शो के जरिए लोगों के दिलों में जगह बना चुके थे। बिग बॉस में भी बिग बी ने शानदार काम किया।



### संजय दत्त

बिग बॉस सीजन पांच में सलमान खान होस्ट थे, लेकिन उनके साथ संजय दत्त भी बतौर होस्ट शामिल हुए थे। दोनों अभिनेताओं की जोड़ी को दर्शकों ने खूब प्यार दिया था।

### फराह खान

बिग बॉस सीजन 8 में निर्देशक-कोरियोग्राफर फराह खान बतौर होस्ट शो के बीच में शामिल हुई थी। वजह थी कि सलमान खान को बजरंगी भाईजान फिल्म की शूटिंग करने के कारण ब्रेक लेना पड़ा था। फराह खान के अंदाज को भी दर्शकों ने पसंद किया था।

### सलमान खान

शो को अभी तक सलमान खान के अलावा पांच होस्ट मिले, लेकिन दर्शकों ने जिसे सबसे ज्यादा पसंद किया वो सलमान खान हैं। अभिनेता सीजन 9 से लगातार बिग बॉस शो को होस्ट कर रहे हैं। आज रविवार से बिग बॉस 19 शुरू हो रहा है, जिसका दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार है।



साभार एजेंसी

▸ पढ़ें पेज 12 पर...



## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

## सिंधिया को लेकर आमने–सामने आ गए दिग्विजय और कमलनाथ

**मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहें। 2003 के विधानसभा चुनाव में उन्हें हराकर उमा भारती राज्य की मुख्यमंत्री बनीं। उमा भारती के बाद बीजेपी ने कुछ समय के लिए बाबूलाल गौर को सीएम बनाया लेकिन 2008 में राज्य की कमान शिवराज सिंह को थमा दी गई। वर्ष 2013 के विधानसभा चुनाव में भी राज्य में बीजेपी को ही जीत हासिल हुई लेकिन 2018 के विधानसभा चुनाव में मामला गड़बड़ हो गया। मध्य प्रदेश में वर्ष 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को 230 सदस्यों वाली विधानसभा में 41.02 प्रतिशत मत के साथ सिर्फ 109 सीटों पर जीत हासिल हुई थी।**

*कांग्रेस पार्टी में ऐसे नेताओं की भरमार है जो अपने बयानों के जरिए पार्टी आलाकमान खासकर गांधी परिवार के लिए असहज स्थिति पैदा करते रहते हैं। कांग्रेस के दो बड़े नेताओं ने एक बार फिर से पार्टी के सामने ऐसी ही असहज स्थिति पैदा कर दी है और सबसे बड़ी बात है कि ये दोनों पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं और दोनों ही अलग-अलग दौर में मध्य प्रदेश जैसे महत्वपूर्ण राज्य के मुख्यमंत्री भी रह चुके हैं। विडंबना देखिए कि, एक तरफ राहुल गांधी बीजेपी के सबसे मजबूत गढ़ माने जाने वाले राज्यों में से एक मध्य प्रदेश में कांग्रेस को मजबूत बनाने के अभियान में जुटे हुए हैं। इसी मिशन के तहत कई बार मध्य प्रदेश का दौरा कर चुके राहुल गांधी ने रविवार, 24 अगस्त को मध्यप्रदेश के नवनियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्षों की एक बड़ी बैठक दिल्ली में बुलाई थी। पार्टी द्वारा चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के तहत आयोजित की गई इस बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम को राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राष्ट्रीय संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल, मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी, मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और मध्य प्रदेश में विपक्ष के नेता उमंग सिंघार सहित पार्टी के कई अन्य बड़े नेताओं ने भी संबोधित किया। लेकिन मध्य प्रदेश से लेकर देश की राजधानी दिल्ली तक, इस बैठक से ज्यादा चर्चा दिग्विजय बनाम कमलनाथ की लड़ाई की हो रही है। मध्य प्रदेश में पांच वर्ष पहले कमलनाथ सरकार के गिरने के लिए उन्हीं को जिम्मेदार बताते हुए दिग्विजय सिंह ने खुलासा किया कि इसके लिए स्वयं कमलनाथ ही जिम्मेदार थे। एक पॉडकास्ट में बोलते हुए दिग्विजय सिंह ने पांच वर्ष पहले के घटनाक्रम का खुलासा करते हुए कहा कि, उस समय विचारधारा का विवाद नहीं था बल्कि उस समय के मुख्यमंत्री कमलनाथ लगातार ज्योतिरादित्य सिंधिया की उपेक्षा कर रहे थे, इसलिए कांग्रेस की सरकार उस समय गिर गई थी। दिग्विजय सिंह ने अपने पॉडकास्ट में कहा कि वर्ष 2020 की शुरुआत में कमलनाथ और ज्योतिरादित्य सिंधिया के बीच कुछ मतभेद पैदा हो गए थे। उन्होंने इसे सुलझाने के लिए देश के एक बड़े उद्योगपति से सहयोग मांगा। उस बड़े उद्योगपति ने तीनों नेताओं (कमलनाथ, ज्योतिरादित्य सिंधिया और उन्हें) अपने घर पर आमंत्रित किया। उस बैठक में दिग्विजय और सिंधिया ने कमलनाथ को एक साझा विशलिस्ट दी थी, जिसमें ग्वालियर-चंबल क्षेत्र के कुछ अटके हुए कामों का जिक्र था और इस पर जल्द सरकार की तरफ से काम होने की उम्मीद थी। लेकिन कमलनाथ ने उन मुद्दों पर काम नहीं किया। अगर ग्वालियर-चंबल से जुड़ी ज्योतिरादित्य सिंधिया की मांगें पूरी कर दी जाती और कमलनाथ लगातार सिंधिया की उपेक्षा नहीं करते तो उस समय कांग्रेस की सरकार नहीं गिरती। दिग्विजय सिंह के इन आरोपों पर पलटवार करते हुए कमलनाथ ने उनकी सरकार गिरने का ठीकरा दिग्विजय सिंह पर ही फोड़ दिया। कमलनाथ ने दिग्विजय सिंह के आरोपों का जवाब देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, मध्य प्रदेश में 2020 में मेरे नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार गिरने को लेकर हाल ही में कुछ बयानबाजी की गई है। मैं सिर्फ़ इतना कहना चाहता हूं कि पुरानी बातें उखाड़ने से कोई फ़ायदा नहीं। लेकिन यह सच है कि व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा के अलावा ज्योतिरादित्य सिंधिया को यह लगता था कि सरकार दिग्विजय सिंह चला रहे हैं। इसी नाराज़गी में उन्होंने कांग्रेस के विधायकों को तोड़ा और हमारी सरकार गिरायी।*

### एक्सप्रेस आलेख

**वस्तुओं का आयात साल–दर–साल 3.7 प्रतिशत घटकर 53.9 अरब डॉलर रह गया। सोना, कच्चे तेल और पेट्रोलियम, कोयला और कोक का आयात लगातार घटा है जो बेहतर घरेलू उपलब्धता को दर्शाता है। अमेरिका को निर्यात 23.5 प्रतिशत बढ़कर 8.3 अरब डॉलर हो गया, जिससे भारत के सबसे बड़े निर्यात बाजार के रूप में इसकी स्थिति और मज़बूत हुई। इसके विपरीत, चीन को निर्यात 1.4 अरब डॉलर पर मामूली रहा, हालाँकि इसमें साल–दर–साल 17.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इस आधार पर आंकड़े साफ बताते हैं कि कांग्रेस के समय भारत का निर्यात कम और आयात पर निर्भरता बनी रही। मोदी सरकार ने निर्यात को ऊंचाइयों तक पहुँचाया।**

## कांग्रेस ने बना दिया था भारत को आयात से अन्य देशों पर निर्भर!



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**सरकार ने संसद में बताया भी कि सुरक्षा जैसे अहम मामले में भी पहले हमें नए रक्षा उपकरणों के लिए बहुत लंबी प्रक्रियाओं के बाद विदेशी विकल्पों पर निर्भर होना पड़ता था। कभी अंतिम निर्णय लेने तक वे उपकरण पुरानी टेक्नोलॉजी वाले हो जाते थे। यहां तक कि स्पेयर पार्ट्स के लिए भी हम अन्य देशों पर निर्भर थे। पर आज इस दिशा में आत्मनिर्भर भारत अभियान शुरू है।**

इतिहास में दिन सोमवार और 25 अगस्त 2025 की तारीख अब इस बात के लिए दर्ज हो गई है कि कैसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने गुजरात प्रवास के दौरान इस बात को प्रमुखता से रखा कि कांग्रेस ने 60 से 65 साल तक भारत पर शासन करते हुए आयात घोटाले करने के लिए देश को दूसरे देशों पर निर्भर बना दिया था। अब इस बात को लोग भले ही सीधे-सीधे स्वीकार करने से बचें, लेकिन जो तथ्य निकलकर सामने आ रहे हैं, वह तो इसी ओर इशारा कर रहे हैं कि स्वाधीनता के बाद भी भारत वर्षों तक 'आत्मनिर्भरता' के मामले में बहुत पिछड़ा रहा। हर बड़ी से छोटी और छोटी से छोटी चीजों पर विदेशी निर्भरता कई वर्षों तक देखने को मिली है, लेकिन वर्तमान काल एक ऐसे 'आत्मनिर्भर' भारत की गाथा कह रहा है, जो अपने निर्णय स्वयं लेता है और किसी से डरता नहीं, जो समयानुसार सीधा प्रहार कर जवाब देता है। वस्तुत अपने अहमदाबाद के कार्यक्रम में कई परियोजनाओं का शुभारंभ करने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी का कहना रहा है कि किसानों, पशुपालकों और लघु उद्योगों के हित सर्वोपरि हैं और हम पर दबाव बढ़ सकता है, लेकिन हम इसे सहन करेंगे। यह टिप्पणी अमेरिका के साथ चल रहे टैरिफ विवाद की पृष्ठभूमि में आई है। देखा जाए तो प्रधानमंत्री का यह बयान केवल राजनीतिक कटाक्ष नहीं है, बल्कि इसके पीछे ठोस आर्थिक संदर्भ मौजूद है। कांग्रेस के कार्यकाल में आयात-निर्भरता बड़े स?तर पर दिखाई देती थी। वहीं मोदी सरकार ने पिछले 11 वर्षों में निर्यात को बढ़ावा देकर और घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहित करके एक नई तस्वीर गढ़ी है। आंकड़ों की ओर देखें तो 1991 के उदारीकरण के पहले का भारत सभी के सामने है, जिसमें हर छोटी जरूरत के लिए विदेशों पर निर्भर होते हुए भारत को देखा जा सकता है। उसके बाद से लेकर 2014 तक भारत का निर्यात सुधरा, पर यह भी सच है कि वर्ष 2013-14 में मर्चेंडाइज निर्यात 314 अरब डॉलर तक पहुंच गया और सेवाओं के क्षेत्र ने भारत को मजबूती दी। लेकिन इसी अवधि में आयात 463 अरब डॉलर तक जा पहुंचा, जिससे भारत का व्यापार घाटा 145 अरब डॉलर तक रहा। यानी कांग्रेस शासन में आयात-आधारित नीतियों ने देश को संवेदनशील स्थिति में बनाए रखा। चाहे कच्चा तेल हो, इलेक्ट्रॉनिक्स या रक्षा उपकरण, भारत को विदेशों से ही खरीदना पड़ा। यही कारण रहा कि घोटालों की चर्चाएँ भी इस दौर में सबसे ज्यादा हुईं। 2014 के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' के नारे के साथ घरेलू उत्पादन पर ज़ोर दिया। इसका असर दिखने लगा। 2023-24 में भारत का कुल निर्यात 778 अरब डॉलर तक पहुंचा, जिसमें 437 अरब डॉलर मर्चेंडाइज और 341 अरब डॉलर सेवाओं का योगदान था। यही नहीं, फार्मा और मोबाइल उद्योग जैसे सेक्टरों ने आत्मनिर्भरता का रास्ता दिखाया। मोबाइल फोन निर्यात की कहानी चौंकाने वाली है। 2014-15 में जहाँ यह केवल 0.2 अरब डॉलर था, वहीं 2023-24 में 15.6 अरब डॉलर तक जा पहुंचा। फार्मा निर्यात भी 2013-14 के 15 अरब डॉलर से बढ़कर 2023-24 में 27.8 अरब डॉलर हो गया। मोदी सरकार ने आयात-निर्यात के असंतुलन को नियंत्रित करने के लिए कदम उठाए। फरवरी 2025 में भारत का मर्चेंडाइज व्यापार घाटा घटकर 14.05 अरब डॉलर रह गया, जो तीन साल में सबसे कम था। वहीं सेवाओं के निर्यात ने बड़ा सहारा दिया। 2024-25 में सेवाओं का निर्यात 387 अरब डॉलर और आयात केवल 198 अरब डॉलर रहा, जिससे लगभग 189 अरब डॉलर का सेवा-संतुलन भारत के पक्ष में आया। हालांकि यह भी एक तथ?य है कि मर्चेंडाइज में घाटा अभी भी बड़ा है, 2024-25 में 282 अरब डॉलर, लेकिन कुल मिलाकर भारत का व्यापार घाटा 94 अरब डॉलर तक सिमट गया। भारत की सबसे बड़ी चुनौती चीन पर निर्भरता है। 2015-16 में भारत-चीन व्यापार 71 अरब डॉलर था, जो 2024-25 में बढ़कर 128 अरब डॉलर तक पहुँच गया। इसमें से अधिकांश हिस्सा आयात का है। हालांकि सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स और रक्षा उत्पादन में घरेलू विकल्पों को बढ़ावा देकर इस निर्भरता को धीरे-धीरे कम करने की कोशिश की है। इसके साथ ही वैश्विक निर्यात में भारत की हिस्सेदारी भी बढ़ी है। 2005 में जहां भारत का योगदान कुल वैश्विक व्यापार का 1.2 प्रतिशत था, वहीं 2023 में यह बढ़कर 2.4 प्रतिशत हो गया। खासकर सेवाओं के क्षेत्र में भारत की हिस्सेदारी दोगुनी होकर 4.3 प्रतिशत तक वृद्धि करते हुए दिखाई देती है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव के एक ताजा विश्लेषण के अनुसार, जून 2025 के लिए भारत के वस्तु व्यापार के आंकड़े आयात में गिरावट और निर्यात में स्थिरता देखते हैं। वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों से पता चला है कि व्यापारिक निर्यात 35.14 बिलियन डॉलर रहा, जो जून 2024 की तुलना में वृद्धि दर्शाता है। इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 47.1 प्रतिशत बढ़कर 2.8 बिलियन डॉलर हो गया। आयात के मामले में, आंकड़े स्पष्ट रूप से गिरावट की ओर इशारा कर रहे हैं। वस्तुओं का आयात साल-दर-साल 3.7 प्रतिशत घटकर 53.9 अरब डॉलर रह गया। सोना, कच्चे तेल और पेट्रोलियम, कोयला और कोक का आयात लगातार घटा है जो बेहतर घरेलू उपलब्धता को दर्शाता है। अमेरिका को निर्यात 23.5 प्रतिशत बढ़कर 8.3 अरब डॉलर हो गया, जिससे भारत के सबसे बड़े निर्यात बाजार के रूप में इसकी स्थिति और मज़बूत हुई। इसके विपरीत, चीन को निर्यात 1.4 अरब डॉलर पर मामूली रहा, हालाँकि इसमें साल-दर-साल 17.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इस आधार पर आंकड़े साफ बताते हैं कि कांग्रेस के समय भारत का निर्यात कम और आयात पर निर्भरता बनी रही। मोदी सरकार ने निर्यात को ऊंचाइयों तक पहुँचाया। इसी समय में सेवाओं व मैन्युफैक्चरिंग में आत्मनिर्भरता दिखाई दी है। सरकार ने संसद में बताया भी कि सुरक्षा जैसे अहम मामले में भी पहले हमें नए रक्षा उपकरणों के लिए बहुत लंबी प्रक्रियाओं के बाद विदेशी विकल्पों पर निर्भर होना पड़ता था। कभी अंतिम निर्णय लेने तक वे उपकरण पुरानी टेक्नोलॉजी वाले हो जाते थे। यहां तक कि स्पेयर पार्ट्स के लिए भी हम अन्य देशों पर निर्भर थे। पर आज इस दिशा में आत्मनिर्भर भारत अभियान शुरू है, जिसका मकसद विदेशी निर्भरता, विशेषकर तकनीकी और रक्षा उपकरणों में उसको घटाना और घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देना है। इसी तरह से अन्य क्षेत्रों में देखा जा सकता है।



**मोदी सरकार ने आयात–निर्यात के असंतुलन को नियंत्रित करने के लिए कदम उठाए। फरवरी 2025 में भारत का मर्चेंडाइज व्यापार घाटा घटकर 14.05 अरब डॉलर रह गया, जो तीन साल में सबसे कम था। वहीं सेवाओं के निर्यात ने बड़ा सहारा दिया।**

### आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे है, गृह प्रवेश कर रहे है, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे है, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | पंचमी 17:58 तक |
| नक्षत्रः | चित्रा 08:38 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | गुरुवार |
| योगः | शुक्ला, 13:09 तक |
| सूर्योदयः | 05:59 |
| सूर्यास्तः | 18:44 |
| चंद्रमाः | तुला राशि में |
| राहुकालः | 13:56-15:32 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | भाद्रपद |
| शुभ मुहूर्तः | 11:56-12:47 |

## जन एक्सप्रेस

**नहीं मानते ट्रंप !**

*रह रह कर शिगूफा ।*
*नहीं मानते ट्रंप ।।*
*बोल बोल कर दुनिया में ।*
*ला रहे भूकंप ।।*
*हर पल नया तमाशा ।*
*अर्थ क्षेत्र पर मार ।।*
*इस टैरिफ ने उनके ।*
*कर दिया प्रहार ।।*
*उथल पुथल बाजार में ।*
*हाहाकार है छाया ।।*
*उनके जो प्रतिद्वंदी ।*
*कर रहे सफाया ।।*
*आगे बढ़ने की ललक ।*
*धुन है अलग सवार ।।*
*लेकिन दुनिया धीरे धीरे ।*
*बनी होशियार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## दिल की सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होता है अदरक

**आज** के समय में खराब लाइफस्टाइल और गलत खानपान की आदतें अक्सर दिल से जुड़ी बीमारियों के जोखिम को बढ़ाती है। कम उम्र में ही कई लोगों में हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा बढ़ गया है। खासकर सही डाइट न होने के कारण शरीर में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा ज्यादा बढ़ जाती है, जो धमनियों में खून को गाढ़ा करने और ऑक्सीजन की कमी का कारण बन सकता है। ऐसे में कुछ लोगों का मानना है कि अदरक का सेवन दिल की सेहत के लिए फायदेमंद होता है।

**कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल करता है:** कोलेस्ट्रॉल की ज्यादा मात्रा अक्सर दिल से जुड़ी बीमारी का कारण बनता है। अदरक का सेवन खराब कोलेस्ट्रॉल के लेवल को कम करने और अच्छे कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाने में मदद करता है। अदरक के सेवन से धमनियों में प्लाक बनने का जोखिम कम होता है, जिससे दिल की बीमारियों का खतरा कम होता है।

**ब्लड प्रेशर कंट्रोल करता है:** अदरक में पाए जाने वाले गुण ब्लड वेसल्स को आराम देने और ब्लड फ्लो को बेहतर बनाने में मदद करता है। हाई ब्लड प्रेशर अक्सर हार्ट अटैक और स्ट्रोक का जोखिम बढ़ा देता है। ऐसे में अदरक का सेवन आमतौर पर ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने में मदद कर सकता है।

**सूजन को कम करता है:** दिल से जुड़ी बीमारियों का एक बड़ा कारण शरीर में सूजन हो सकती है। ऐसे में अदरक का सेवन जिंजरोल और शोगोल जैसे कंपाउंड एंटी-इंफ्लेमेटरी प्रभाव डाल सकते हैं। अदरक का सेवन आपके ब्लड वेसल्स की दीवारों में सूजन को कम करने में मदद कर सकता है, जिससे ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है और दिल पर ज्यादा दबाव नहीं पड़ता है।



**ब्लड को पतला करता है:** खून के थक्के जमने के कारण हार्ट अटैक और स्ट्रोक का जोखिम बढ़ जाता है। अदरक का सेवन ब्लड को पतला को पतला करने में मदद कर सकता है। अदरक का सेवन खून को गाढ़ा होने से रोकता है, जिससे ब्लड फ्लो बेहतर होता है।

**एंटीऑक्सीडेंट गुण:** अदरक में भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो हानिकारक मुक्त कणों को खत्म करते हैं और दिल के सेल्स को डैमेज होने से रोकते हैं और हार्ट को हेल्दी रखते हैं।

**क्या कहती है स्टडी:** एक स्टडी के अनुसार, अदरक दिल की सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है, क्योंकि इसमें जिंजेरॉल जैसे कंपाउंड के एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। ये गुण दिल से जुड़ी बीमारियों के जोखिम को कम करने में मदद कर सकते हैं। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट गुण सेल्स को डैमेज होने से बचाते हैं, जिससे दिल की सेहत में सुधार होता है। अदरक का सेवन आपके ब्लड सर्कुलेशन में भी सुधार कर सकता है, जिससे दिल की गति रुकने और एथेरोस्क्लेरोसिस जैसी स्थितियों को रोका जा सकता है।

**अदरक का सेवन कैसे करें?:** दिल की सेहत के लिए अदरक का सेवन बेहद फायदेमंद होता है, ऐसे में आप इन तरीकों से अदरक को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं सुबह खाली पेट आप अदरक की चाय पी सकते हैं, जो पाचन को बेहतर रखने और दिल को स्वस्थ रखने में मदद करता है। खाना खाने से पहले एक छोटा टुकड़ा अदरक नमक के साथ खा सकते हैं। खाने में अदरक पाउडर मिलाकर भी खाया जा सकता है या इसे गर्म पानी में मिलाकर आप पी सकते हैं। आप अदरक के रस और शहद को मिलाकर भी पी सकते हैं।

**निष्कर्ष:** दिल की सेहत के लिए अदरक का सेवन बहुत फायदेमंद माना जाता है। इसमें मौजूद नेचुरल गुण न सिर्फ आपके दिल की सेहत को बेहतर रखता है, बल्कि संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है।

### एक्सप्रेस विशेष

## आधी आबादी की डरावनी छवियां



डॉ. प्रियंका सौरभ

**चाहे वह मीरा हों, चाहे महादेवी, या फिर समकालीन स्त्रियां–उन्होंने अपने शब्दों से समाज की दिशा तय की। आज भी यदि स्त्रियां किताबों को गले लगाएंगी, तो आने वाली पीढ़ी को सिर्फ फॉलोअर्स और लाइक्स नहीं, बल्कि जीवन की गहरी समझ भी मिलेगी।**

**आज का निष्कर्ष यही है कि इंस्टाग्राम और डिजिटल मीडिया का दौर है। यहां आकर्षण और तमाशा सबसे ज्यादा बिकते हैं। लेकिन समाज की आत्मा को बचाए रखने के लिए जरूरी है कि स्त्रियां फिर से साहित्य की ओर लौटें। क्योंकि इंस्टाग्राम का शोर कुछ समय बाद थम जाएगा पर साहित्य के शब्द अमर रहेंगे। साहित्य पढ़ने वाली स्त्रियां कभी गुम नहीं होतीं–वे केवल समाज की लापरवाही के कारण धुंधली दिखने लगती हैं।**

**आज** के समय में जब हर हाथ में स्मार्टफोन और हर मन में लाइक्स व फॉलोअर्स की भूख पल रही है, तब साहित्य और किताबें पढ़ने वाली स्त्रियों का अस्तित्व कहीं पीछे छूटता जा रहा है। यह दौर इंस्टाग्राम रील्स, टिकटॉक जैसे प्लेटफॉर्म्स और डिजिटल मनोरंजन का है। यहां अर्धनग्न होकर मुजरा करने वाली छवियां सेकंडों में लाखों लोगों तक पहुंच जाती हैं, पर वहीं गंभीर साहित्य, कविता या आलोचना पढ़ने वाली स्त्रियों की आवाज मानो कहीं दबकर रह जाती है। यह केवल एक सामाजिक विडंबना नहीं बल्कि सांस्कृतिक संकट भी है। सदियों से स्त्रियां साहित्य के माध्यम से समाज की आत्मा को संवेदनाओं और करुणा से सींचती रही हैं। महादेवी वर्मा, अमृता प्रीतम, कृष्णा सोबती, मैत्रेयी पुष्पा जैसी लेखिकाएं न केवल साहित्य रचती थीं बल्कि स्त्री की अस्मिता और समाज की चेतना का प्रतीक भी थीं। लेकिन आज का समय उन्हें पढ़ने से अधिक उन्हें कोट्स बनाकर इंस्टाग्राम स्टोरी पर सजाने में व्यस्त है। आज की पीढ़ी का बड़ा हिस्सा विजुअल कंटेंट में उलझा है। वीडियो और तस्वीरों की त्वरित खपत ने किताबों की धीमी, गहरी और आत्ममंथन कराने वाली दुनिया को पीछे धकेल दिया है। स्त्रियां, जो कभी किताबों में आत्मा का सहारा खोजती थीं, अब सोशल मीडिया पर ग्लैमराइज्ड आइडेंटिटी गढ़ने में मजबूर हो रही हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि सोशल मीडिया स्त्रियों को मंच देता है, पर यह मंच अकसर उनके शरीर को अधिक महत्व देता है, विचारों को नहीं। यही कारण है कि इंस्टाग्राम पर एक नृत्य या अर्धनग्न अभिनय लाखों लाइक्स पा लेता है, लेकिन किसी स्त्री द्वारा किया गया साहित्यिक विश्लेषण सिमट कर रह जाता है। साहित्य पढ़ने और रचने वाली स्त्रियां समाज में गहरी छाप छोड़ती थीं। वे अपने लिखे से व्यवस्था को चुनौती देती थीं, रिश्तों की नई परिभाषा गढ़ती थीं और स्त्री-पुरुष समानता की नई जमीन तैयार करती थीं। लेकिन आज, प्राथमिकताएं बदल गई हैं। आधुनिक स्त्री अक्सर अपने को साबित करने के लिए सोशल मीडिया की दौड़ में शामिल हो जाती है। यहां सुंदरता और आकर्षण अधिक बिकते हैं, विचार और भावनाएं कम। यह विडंबना है कि जिस साहित्य ने स्त्रियों को आवाज दी, वही साहित्य अब उनकी आवाज की प्रतीक्षा कर रहा है। महादेवी वर्मा की कविताएं स्त्री की करुणा, पीड़ा और सौंदर्य का ऐसा प्रतिरूप थीं, जिन्हें पढ़कर आत्मा झंकृत हो जाती थी। वे लिखती थीं– ÷मैं नीर भरी दुख की बदली... उनकी कविताओं में स्त्री की आत्मा बोलती थी, पर आज वही आत्मा इंस्टाग्राम फिल्टर और बैकग्राउंड म्यूजिक के शोर में दबती जा रही है। जहां पहले स्त्रियां समाज से कहती थीं कि मेरी आवाज सुनो, आज वे मजबूर हैं यह कहने पर कि मेरे डांस को लाइक करो। यही सबसे बड़ा सांस्कृतिक पतन है। हालांकि यह कहना पूरी तरह उचित नहीं होगा कि साहित्य पढ़ने वाली स्त्रियां गायब हो गईं। वे अब भी मौजूद हैं, पर उनका दायरा सीमित हो गया है। पुस्तकालयों, विश्वविद्यालयों और छोटे-छोटे साहित्यिक मंचों पर अब भी स्त्रियां साहित्य पढ़ रही हैं, लिख रही हैं और चर्चा कर रही हैं। फर्क बस इतना है कि उनका स्वर उतना बुलंद नहीं है जितना सोशल मीडिया के ग्लैमरस कंटेंट का है। असल में समस्या प्लेटफॉर्म की भी है। इंस्टाग्राम का एल्गोरिद्म ही ऐसा है जो मनोरंजन और तड़क-भड़क को प्राथमिकता देता है। गंभीर साहित्य या लंबी पढ़ाई वहां ट्रेंडिंग नहीं बन पाती। साहित्य पढ़ने का अर्थ है-अपने भीतर झांकना, दूसरों की पीड़ा को समझना, और आत्मा को गहराई से महसूस करना। जब समाज साहित्य से दूर होता है, तो वह अपनी संवेदनशीलता भी खो देता है। स्त्रियों की करुणा और कोमलता ही समाज को संतुलित रखती हैं। लेकिन जब यही स्त्रियां केवल बॉडी शो तक सीमित हो जाएं और आत्मा की गहराई को दरकिनार कर दें, तो समाज के संवेदनशील होने की उम्मीद भी घट जाती है। इस स्थिति से निकलने के लिए जरूरी है कि परिवार और शिक्षा व्यवस्था किताबों के प्रति प्रेम जगाए। घर और स्कूलों में बच्चों, खासकर बेटियों को किताबें पढ़ने की आदत डालनी होगी। साहित्यकारों और प्रकाशकों को चाहिए कि वे सोशल मीडिया पर साहित्य को आकर्षक रूप में प्रस्तुत करें। सरकार और समाज को साहित्य पढ़ने और लिखने वाली स्त्रियों को ज्यादा मंच देना चाहिए, ताकि उनकी आवाज दबे नहीं। स्त्रियों को आपस में साहित्यिक समूह और बुक क्लब बनाने चाहिए, जो एक-दूसरे को प्रेरित करें। इतिहास गवाह है कि जब भी समाज अंधकार में डूबा, साहित्य ने ही राह दिखाई।

# बच्चों की ज़िंदगी से खिलवाड़
## मानकविहीन वैन ने फिर मचाई तबाही

■ आखिर कब तक मासूम बच्चों की ज़िंदगी लापरवाही की भेंट चढ़ती रहेगी?



**जन एक्सप्रेस। बरखेड़ा**

बुधवार सुबह 7:30 बजे बरखेड़ा-गजरौला मार्ग पर ग्राम भोपतपुर में बड़ा हादसा टल गया लेकिन स्कूल प्रशासन और वाहन मालिक की लापरवाही ने फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। रेनबो स्कूल की बच्चों से भरी प्राइवेट वैन अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे और फिर मंदिर की दीवार से टकरा गई। हादसे के बाद बच्चों की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर दौड़े और किसी तरह मासूमों को बाहर निकाला।

टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि बिजली का पोल ज़मीन पर गिर पड़ा और कार मंदिर की दीवार तोड़कर अंदर घुस गई। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ, वरना तस्वीर और भी भयावह हो सकती थी।

कार चालक आकाश को पुलिस ने थाने ले जाकर पूछताछ शुरू कर दी है। चालक ने बताया कि कार में 10 बच्चे सवार थे– जिनमें 3 बच्चे पैनियाँ रामकिशन और 7 बच्चे परेवा अनूप गांव के थे। सभी बच्चों को अभिभावकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घर ले लिया, लेकिन पैनियाँ के रामकिशन की बेटी का इलाज पीलीभीत के निजी अस्पताल में चल रहा है।चौंकाने वाली बात यह है कि सिर्फ एक सप्ताह पूर्व इसी गांव में दूसरी बार ऐसा हादसा हुआ है। बावजूद इसके स्कूल प्रशासन चुप्पी साधे हुए है और कोई ठोस जवाब देने से बच रहा है। गांव वालों ने मंदिर की दीवार तोड़े जाने पर कार मालिक के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। ग्रामीणों का कहना है कि रोज़ाना बच्चों को मानक विहीन गाड़ियों में ठूंसकर भेजा जाता है, जो किसी भी दिन बड़ी त्रासदी का कारण बन सकता है। सूचना मिलते ही एआरटीओ वेरेन्द्र सिंह मौके पर पहुंचे और जांच की। उन्होंने बताया कि बच्चों को ले जा रही इको कार गैस से संचालित है और स्कूल वैन के लिए निर्धारित मानकों पर खरी नहीं उतरती। स्कूल व कार मालिक के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। वहीं खण्ड शिक्षा अधिकारी ने भी स्कूल को नोटिस भेजने की पुष्टि करते हुए कहा कि मानकविहीन वैन चलाने पर कठोर कार्यवाही होगी।

### आखिर कब तक मासूम बच्चों की ज़िंदगी लापरवाही की भेंट चढ़ती रहेगी?

क्यों स्कूल प्रशासन नियमों को ताक पर रखकर निजी वाहनों को बच्चों की जान सौंप देता है?क्या हादसों के बाद भी सिर्फ नोटिस और कागज़ी कार्रवाई ही होगी, या वास्तव में दोषियों पर सख्त दंड दिया जाएगा?यह हादसा साफ़ दर्शाता है कि स्कूल प्रबंधन और प्रशासन की ढिलाई से बच्चों की सुरक्षा दांव पर लगी हुई है। यदि समय रहते सख़्त कार्रवाई न की गई तो आने वाले दिनों में ऐसी लापरवाही किसी बड़ी त्रासदी का कारण बन सकती है।

# विघ्नहर्ता के स्वागत में जयपुरिया स्कूल में गूंजे भक्ति के स्वर

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल में बुधवार को गणेश चतुर्थी के अवसर पर भगवान गणेश की प्रतिमा की स्थापना बड़े हर्षोल्लास के साथ की गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य विद्यालय शिक्षक संघ, प्रबंध समिति एवं छात्र परिषद के सदस्य उपस्थित रहे।आज के दिन विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ,जिसकी शुरुआत गणेश वंदना से हुई।विद्यालय के छात्रों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।विद्यार्थियों को गणेश चतुर्थी के महत्व और भगवान गणेश से मिलने वाली प्रेरणाओं के बारे में जानकारी दी।कार्यक्रम का विशेष आकर्षण छोटे बच्चों का गणेश रूप था,जिन्होंने मंच पर अपनी उपस्थिति से पूरे वातावरण को भक्ति और उल्लास से भर दिया।विद्यालय प्रबंधक आशीष गुप्ता ने गणेश चतुर्थी के अवसर समस्त जयपुरिया परिवार को शुभकामनाएं दीं।अंत में विद्यालय परिवार ने भगवान गणेश से विद्यालय की उन्नति और सभी के जीवन में सुख-समृद्धि की प्रार्थना की।

# पीलीभीत–बरेली व सितारगंज मार्ग पर एआरटीओ का अभियान

■ तेज गति से वाहन चलाने पर आमने–सामने की टक्कर की संभावना अधिक रहती है– वीरेंद्र सिंह



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के उद्देश्य से एआरटीओ वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में बुधवार को विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान पीलीभीत-बरेली मार्ग एवं पीलीभीत-सितारगंज मार्ग पर संचालित हुआ, जिसमें वाहनों की रफ्तार को जांचा गया।

दो मार्गों पर 58 वाहन मिले ओवरस्पीडिंग में चेकिंग के दौरान पीलीभीत-बरेली मार्ग पर 27 वाहन और पीलीभीत-सितारगंज मार्ग पर 31 वाहन निर्धारित सीमा से अधिक गति पर चलते पाए गए। सभी वाहनों के खिलाफ ओवरस्पीडिंग में चालान की कार्रवाई की गई।

### ओवरस्पीडिंग बनी हादसों की बड़ी वजह

एआरटीओ ने बताया कि हाल के दिनों में जिले में हुई कई सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण ओवरस्पीडिंग ही रहा है। हालांकि मार्गों की स्थिति पहले से बेहतर हो चुकी है और चौड़ीकरण भी हुआ है, लेकिन डिवाइडर न होने के कारण तेज गति से वाहन चलाने पर आमने-सामने की टक्कर की संभावना अधिक रहती है। एआरटीओ श्री सिंह ने वाहन चालकों से अपील की कि वे अपने वाहनों को निर्धारित गति सीमा के भीतर ही चलाएं।

भारी वाहनों के लिए अधिकतम गति सीमा 60 किलोमीटर प्रति घंटा और चारपहिया वाहनों के लिए 80 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित है। उन्होंने कहा कि निर्धारित गति में वाहन चलाने से अचानक उत्पन्न परिस्थितियों में वाहन को नियंत्रित करना आसान होता है

और सड़क हादसों को रोका जा सकता है।

# विधायक निधि से जगमगाया ट्रांस शारदा क्षेत्र, गांवों में फैला उजियारा





ट्रांस शारदा क्षेत्र एवं नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में उपरोक्त के अलावा जहां–जहां स्ट्रीट लाइटें नहीं लग सकी हैं वहां–वहां के लिए विधायक बाबूराम पासवान से और स्ट्रीट लाइटें लगवाने की मांग/प्रयास किया जाएगा
–विजय सिंह अध्यक्ष, रामनगर भाजपा मंडल पीलीभीत।

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

हजारा। क्षेत्रीय भाजपा विधायक ने विधायक निधि से नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र सहित ट्रांस शारदा क्षेत्र में जगह-जगह स्ट्रीट लाइटें लगवाकर उजियारा फैलाने का काम करते हुए ग्रामीणों को राहत दी है। मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में लाइटें लगाने का काम शुरू कर दिया गया है।

129, विधानसभा क्षेत्र पूरनपुर के क्षेत्रीय भाजपा विधायक बाबूराम पासवान ने अपने विधायक निधि से ट्रांस शारदा क्षेत्र के गांव क्रमशःहजारा संत रविदास मंदिर के पास गौतमनगर दुर्गा मंदिर, नहरोसा शिव मंदिर, श्रीनगर राम जानकी मंदिर, शांति नगर दुर्गा मंदिर, नेहरु नगर मां शारदा मंदिर, सिद्ध नगर सिद्ध बाबा मंदिर, रामनगर शिव मंदिर, जनता फार्म गुरुद्वारा, नानक फार्म गुरुद्वारा, सिद्ध नगर गुरुद्वारा, बाजार घाट गुरुद्वारा, सिंघाड़ा उर्फ टाटरगंज गुरुद्वारा, शांति नगर चौराहा, भुरजुनिया मंदिर व खादी ग्रामोद्योग संस्थान, कुठिया गुदिया शिव मंदिर, राणा प्रताप नगर पंचायत भवन, कबीरगंज शिव मंदिर, मुरैना गांधीनगर मंदिर, अशोकनगर शिव मंदिर, शास्त्री नगर मां काली मंदिर, कबीरगंज मलपुरी गुरुद्वारा, कुठिया गुदिया गुरुद्वारा के अलावा नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के गांव राघवपुरी गुरुद्वारा, कंबोज नगर गुरुद्वारा व 49वीं वाहिनी एसएसबी पीलीभीत की बीओपी चौकी कंबोज नगर आदि में स्ट्रीट लाइट लगाया जा रहा है। विधायक बाबूराम पासवान के इस प्रयास से आम जनमानस का जीवन सरल व सुगम बन सकेगा और चहुंओर उजियारा फैलने से ग्रामीणों को सुविधा एवं राहत मिल सकेगी। यहां बता दें कि उक्त स्ट्रीट लाइटें भाजपा विधायक बाबूराम पासवान के दिशा-निर्देश एवं रामनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह व उनकी मंडल टीम के नेतृत्व में निर्धारित स्थानों पर स्ट्रीट लाइटें लगाने का काम शुरू कर दिया गया है उक्त कार्य प्रगति पर है।

# गणेश चतुर्थी पर भव्य शोभायात्रा, गणपति बप्पा के जयघोष से गूंजा नगर

■ सैकड़ों श्रद्धालुओं ने की भागीदारी, नगर की समृद्धि व सुख–शांति की की प्रार्थना



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर मंगलवार को नगर का माहौल भक्तिमय हो उठा। भव्य शोभायात्रा के साथ-साथ घर-घर और मंदिरों में गणपति बप्पा की आराधना कर श्रद्धालुओं ने मंगलकामना की। ढोल-नगाड़ों की गूंज और गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से पूरा नगर गूंजायमान हो उठा।शोभायात्रा का शुभारंभ श्री बालाजी सिद्ध ब्रह्मदेव संकीर्तन दरबार से हुआ, जहां गणेश जी की स्थापना व पूजा-अर्चना विधिविधान से संपन्न की गई। इसके बाद भगवान गणपति को आकर्षक रूप से सजे रथ पर सवार कर नगर की प्रमुख कॉलोनियों से शोभायात्रा निकाली गई। भक्तगण मोटरसाइकिलों और पैदल चलकर यात्रा में शामिल हुए। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष संतोष सिंह संधू, महंत सभासद सेवक विशाल, रत्नाकर रवि, अनिकेत, हर्ष, अंशु, आकाश, लव, बिशन स्वरूप वीरू गुप्ता सहित बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने नगर की समृद्धि और जनकल्याण की प्रार्थना की। इसी क्रम में मोहल्ला नखासा में भी परंपरागत उत्साह के साथ गणेश स्थापना की गई। श्रद्धालुओं ने घर-घर और मंदिरों में पूजा-अर्चना कर सुख-शांति की कामना की। इस अवसर पर श्री बालाजी संकीर्तन दरबार के महंत सभासद सेवक विशाल ने सभी को विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि गणेश चतुर्थी हिंदू धर्म का एक प्रमुख पर्व है, जिसे विघ्नहर्ता, मंगलकर्ता और बुद्धि-विवेक के अधिष्ठाता भगवान श्री गणेश के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन गणपति की पूजा करने से जीवन से सभी विघ्न दूर होते हैं और घर में सुख, शांति व समृद्धि का वास होता है। महाराष्ट्र सहित पूरे भारत में इस पर्व को विशेष भव्यता से मनाया जाता है। पीलीभीत में निकली शोभायात्रा ने यह संदेश दिया कि समाज की आस्था और एकजुटता भगवान गणेश के आशीर्वाद से और अधिक मजबूत हो रही है।

# पुवायां पुलिस के खिलाफ भाकियू ने किया प्रदर्शन




**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

पुवायां में चल रहे भाकियू चढ़ूनी के धरने के समर्थन में कार्यकर्ताओं ने तहसील में अर्द्ध नग्न होकर प्रदर्शन किया। तीन सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा गया। बुधवार को भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी संगठन के कार्यकर्ता तहसील पहुंचे। अर्धनग्न अवस्था में होकर कार्यकर्ताओं ने तहसील में धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम अजीत प्रताप सिंह को सौंपा गया। इसमें कहा गया कि शाहजहांपुर जिले के पुवायां कस्बे की मंडी परिसर में भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी एक महीने से पुलिस प्रशासन के मनमाने रवैया को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने त्यौहार और स्वतंत्रता दिवस भी धरना स्थल पर मनाया। इसके बावजूद पुलिस प्रशासन द्वारा समस्याओं का हल नहीं किया गया। इस दौरान बंडा थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर गड़िया, दिउहना और लालपुर जेवा गांव की तीन समस्याओं पर पुलिस की मनमर्जी बताई गई। तीनों समस्याओं के कार्यकर्ताओं में जल्द निराकरण की मांग की। इस दौरान जिला अध्यक्ष रणजीत सिंह कहां जिला प्रभारी बलराम सिंह का लो, राहत शेरी, संदीप सिंह, गुरप्रीत सिंह और दिलबाग सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पति पत्नी को गोद में उठाकर पहुंचा डीएम कार्यालय
## डॉक्टरों ने बिना सहमति के निकाल दी बच्चेदानी



**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

झोले में शिशु का शव लेकर डीएम कार्यालय पहुंचे पिता का मामला अभी थमा नहीं था। इस बीच बुधवार को एक युवक अपनी पत्नी को गोद में लेकर कलक्ट्रेट पहुंचा। उसने आरोप लगाया कि निजी अस्पताल में उसकी बिना सहमति और जरूरी जांच के डिलीवरी के दौरान डॉक्टरों ने पत्नी की बच्चेदानी निकाल दी।पीड़ित युवक ने कहा कि वह करीब 15 दिन पहले न्याय की उम्मीद में सीएमओ के दरवाजे तक पहुंचा था, लेकिन शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। थक-हारकर अब वह जिलाधिकारी की चौखट पर पहुंचा और लिखित शिकायत देकर जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की फूलबेहड़ के गांव सरवा निवासी विनोद कुमार ने बताया कि उसकी पत्नी 25 वर्षीय पूजा गर्भवती थी। पांच अगस्त को उसने पूजा को शहर के लालपुर के करीब न्यू लाइफ हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। ऑपरेशन के दौरान डॉ. मीना वर्मा और डॉक्टर रहीश खान ने गलत ऑपरेशन कर दिया। इससे डिलीवरी के बाद पूजा के रक्तस्राव होने लगा। हालत बिगड़ने पर कर दिया था लखनऊ रेफर आरोप है कि ब्लीडिंग न रुकने पर चिकित्सकों ने उससे बिना पूछे ही पूजा की बच्चादानी निकाल दी।ब्लीडिंग फिर भी नहीं रुकी तो प्रसूता को लखनऊ के एक निजी अस्पताल रेफर कर दिया। मामले के बाद पीड़ित परिजनों और अस्पताल संचालक के बीच खर्च को लेकर समझौता हुआ कि इसका खर्च न्यू लाइफ हॉस्पिटल देगा।पीड़ित ने बताया कि इलाज में उसका करीब एक लाख 40 हजार रुपये खर्च हुआ, जो पीड़ित ने ही जमा किए। अब अस्पताल का संचालक न फोन उठा रहा है और न ही खर्च दे रहा है।जब उसके अस्पताल पहुंचा तो अस्पताल बंद कर संचालक फरार हो गया। पीड़ित की शिकायत पर डीएम दुर्गाशक्ति नागपाल ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# पीलीभीत में नव चयनित 23 मुख्य सेविकाओं को मिला नियुक्ति पत्र

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



लंबे इंतजार के बाद बुधवार को पीलीभीत जनपद की 23 नव चयनित मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। यह कार्यक्रम गांधी सभागार में आयोजित हुआ, जिसका सीधा प्रसारण लखनऊ से किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअल माध्यम से प्रदेशभर की 2425 मुख्य सेविकाओं एवं 13 फार्मासिस्टों को नियुक्ति पत्र दिए।

कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि बीते दो दशकों से इस पद पर सीधी भर्ती नहीं हुई थी। अब नई नियुक्तियों के बाद पीलीभीत को 25 से 30 मुख्य सेविकाएं मिलेंगी, जिससे आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्था में सुधार होगा। गन्ना विकास एवं चीनी मिलें राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, विधायक पूरनपुर बाबूराम पासवान और जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने चयनित सेविकाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे।राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा कि सेविकाओं को केवल सरकारी सेवक नहीं, बल्कि समाज की सच्ची जनसेवक की भूमिका निभानी होगी। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने चयनित सेविकाओं से ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ काम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता ही सरकारी सेवा की असली पहचान है। पीलीभीत की चयनित सेविकाओं में आस्था मिश्रा, सरिता सक्सेना, दीप माला वर्मा, निशा, प्रगति अवस्थी, शारदा, कंचन वर्मा, लक्ष्मी देवी, कविता भारती, छाया देवी, सुनीता देवी, रुचि, अनामिका गंगवार, ममता देवी, रुबीना बी, पिंकी पटेल, मोनी गंगवार, मनीषा गंगवार, अंजू गौतम, रेखा देवी, सीमा चौधरी, दीक्षा पांडे और रोली देवी शामिल हैं।

# सर्वे का उप गन्ना आयुक्त राजेश धर द्विवेदी ने निरीक्षण किया




**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल पलिया एवं गन्ना विकास परिषद पलिया कलां क्षेत्र में चल रहे सर्वे का उप गन्ना आयुक्त राजेश धर द्विवेदी ने निरीक्षण किया। उप गन्ना आयुक्त ने ग्राम मकनपुर, नौगवां मझगई में गन्ना कृषकों के प्लॉट पर भ्रमण कर गन्ना फसलों में कीट - रोग के आपतन के प्रभाव का गहन निरीक्षण किया गया। उपस्थित कृषकों ने उप गन्ना आयुक्त को अवगत कराया कि इस वर्ष तापमान अधिक होने के कारण गन्ना फसल कीट-रोग से प्रभावित नहीं है। उप गन्ना आयुक्त द्वारा कृषकों से संवाद करते हुए सुझाव दिया गया कि मानसून की वर्षा प्रारंभ होने पर वातावरण में आर्द्रता बढ़ने पर कीट एवं रोग का प्रकोप होने की संभावना बन जाती है, इसलिए कृषक गण अपने प्लॉट की देख भाल करते रहे और यदि किसी प्रकार की हानि की संभावना प्रतीत होती है तो उसके बचाव अथवा उपचार के लिए तकनीकी जानकारी हेतु गन्ना विकास विभाग या चीनी मिल कर्मचारी का सहयोग प्राप्त कर सकतें हैं। गन्ना फसल सुरक्षा हेतु कीटनाशक का छिड़काव पोषक तत्व का फसलो में उपलब्धता हेतु मेजर एवं माईनर उर्वरक का छिड़काव कर रहे बूम पावर स्प्रेयर का निरीक्षण किया।

उप गन्ना आयुक्त के भ्रमण के दौरान महाप्रबंधक गन्ना राजीव तोमर, विशेष सचिव गन्ना समिति सूर्य नारायण द्विदी, जेष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मिथलेश कुमार समिति अध्यक्ष अभिषेक अवस्थी सहित गन्ना विभाग एवं चीनी मिल के फील्ड स्तरीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

### शोशल वर्कर अजय शर्मा के पत्र पर रेलवे विभाग ने पलिया कलां को शामिल कर सर्वे कराने को हुआ तैयार

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** खण्ड विकास पलिया के ग्राम त्रिकौलिया निवासी अजय शर्मा ने हाल ही में रेल मंत्रालय लखीमपुर के भीरा खीरी व तराई क्षेत्र के बहराइच के रायबोझा तक 120 किमी मध्य नई ब्राड गेज रेलवे लाइन के निर्माण मैलानी –नानपारा ब्राड गेज मंजूरी में दुधवा नेशनल पार्क, मिनी पंजाब,मिनी पूर्वांचल व क्षेत्र के व्यपारियों सहित लोगों का प्रमुख स्टेशन पलियाकलां को छोड़ देने पर पूर्व उत्तर रेलवे महाप्रबंधक को पत्र भेजकर पलियाकलां को शामिल करने की मांग पर रेलवे विभाग ने मैलानी ज. से पलियाकलां तक आमान परिवर्तन व पलियाकलां से रायबोझा तक बड़ी लाइन को ध्यान में रखकर सर्वे कराने को तैय्यार हो गया है किंतु यह कराने कार्य तीन फिजिकल एलाइयमेंट जिलाधिकारी, वन विभाग, पीडब्लू विभाग सहित मीटिंग एनओसी सहमति पर ही संभव होगा।अजय शर्मा ने सभी जनप्रतिनिधियों व क्षेत्रवासियो इसमें आगे आकर सहयोग करते हुए संबधित अधिकारियों से वार्ता कर एनओसी (सहमति) दिलाकर पलिया कलां को शामिल कराने को कहा।

# डीएम ने की राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों की समीक्षा, अफसरों को दिए निर्देश

■ डीएम बोली, गुणवत्ता और समयबद्धता से हो वाद निस्तारण, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बुधवार को कलेक्ट्रेट में जनपद के सभी राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि राजस्व मामलों का निस्तारण पूरी पारदर्शिता, गुणवत्ता और तय समय सीमा के भीतर होना चाहिए। उन्होंने लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी भी दी।समीक्षा के दौरान उन्होंने धारा 24 (उत्तराधिकार), धारा 34 (नामांतरण), धारा 67 व धारा 116 (सीमांकन) से संबंधित वादों पर विशेष जोर देते हुए कहा कि हर मामले का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि लंबित मामलों में अनावश्यक देरी किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने सभी एसडीएम, एसडीएम न्यायिक,

तहसीलदार व नायब तहसीलदारों को निर्देश दिए कि तिथि निर्धारण व सुनवाई की प्रक्रिया नियमित रूप से संचालित की जाए।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अंत में यह भी कहा कि राजस्व न्यायालयों की कार्यप्रणाली जनता के विश्वास से जुड़ी है, और इसमें पारदर्शिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि वादों की सुनवाई पूरी गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ की जाए ताकि न्यायिक प्रक्रिया में लोगों का भरोसा और मजबूत हो सके।इस समीक्षा बैठक में एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, सभी उपजिलाधिकारी (न्यायिक) शामिल रहे। बैठक का संचालन एडीएम (न्यायिक) अनिल कुमार रस्तोगी ने किया।

### पर्यावरण संरक्षण का अनूठा जन्मदिन लन्दनपुर ग्रन्ट झाऊपुर में स्वास्थ्य केंद्र और स्कूल में किया पौधरोपण

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** गोला सर्व मानव सेवा समिति के संस्थापक और प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ने अपना जन्मदिन एक अनोखे तरीके से मनाया। उन्होंने ग्राम पंचायत लन्दनपुर ग्रन्ट स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और पीएम उच्च प्राथमिक विद्यालय झाऊपुर में पौधरोपण किया। कार्यक्रम में डॉक्टर एके शुक्ला ने लोगों से प्रतिवर्ष कम से कम दो फलदार पौधे लगाने की अपील की। जितेन्द्र सिंह ने कहा कि आधुनिक समय में मनुष्य अपनी जरूरतो के लिए प्रकृति को नुकसान पहुंचा रहा है।

# कच्ची शराब का धंधा चरम पर, प्रशासन मौन

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



सम्पूर्णानगर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में कची शराब का धंधा चरम पर है लेकिन पुलिस व आबकारी विभाग इस तरफ से पूरी तरह लापरवाह बना हुआ है। यदि पुलिस ने अवैध शराब बनाने वालों पर नकेल नहीं कसी तो बमनगर नगर जैसी घटना की यहां भी पुनरावृत्ति हो सकती है। जिस तरह से क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर हो रहे अवैध शराब के धंधे को नजरअंदाज किया जा रहा है। इससे अवैध शराब बनाने वालों के हौसले बुलंद है। क्षेत्र के कई गांवों के जंगलों में शराब की भट्ठियां धधक रही है। लेकिन शराब माफियाओं पर कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूरी हो रही है।

अब देखना होगा कि शराब के नशे में लगातार हो रही सड़क हादसे और जरीली शराब से मौतों के आंकड़े को प्रशासन कैसे कम कर माफियाओं पर कार्रवाई करता है

या फ़िर इसी तरह से बमनकर हल्का दरोगा के सरपरस्ती में मौते होती रहेगी और माफियाओं का धंधा फलता फूलता रहेगा।

# मेजर ध्यानचंद जयंती व सांसद खेल स्पर्धा का होगा आयोजन

## 29 से 31 अगस्त तक विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं, 31 को निकलेगी साइकिल रैली

जन एक्सप्रेस। महराजगंज

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई, जिसमें मेजर ध्यानचंद जयंती एवं सांसद खेल स्पर्धा की तैयारियों की समीक्षा की गई।

उन्होंने संबंधित को निर्देशित किया कि 29, 30 और 31 अगस्त को विभिन्न खेल स्पर्धाओं का आयोजन करें। इन स्पर्धाओं में ज्यादा से ज्यादा युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित कराएं। साथ ही ने 31 अगस्त को फिट इंडिया और खेलो इंडिया का संदेश देने हेतु साइकिल रैली आयोजित करने के लिए भी निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाकर, भारत उनके योगदान को याद करता है और खेल



संस्कृति को बढ़ावा देता है। यह दिन देश भर में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और युवा पीढ़ी में खेल के प्रति जुनून जगाने का भी प्रतीक है। इसलिए खेल विभाग और युवा कल्याण विभाग दोनों आयोजनों को भव्य रूप में आयोजित करें। उन्होंने ने कहा कि समस्त तैयारियों को समय से पूरा करते हुए खेल स्पर्धाओं का आयोजन कराएं। उन्होंने इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों और पूर्व ख्यातिलब्ध एथलीटों को भी आमंत्रित करने का भी निर्देश दिया। इस अवसर पर जिला युवा कल्याण अधिकारी वैभव सिंह, जिला क्रीड़ा अधिकारी सारू रानी, विंध्यवासिनी सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## हर तरफ गंदगी का अंबार...मच्छरों के प्रकोप से लोग बेहाल

जन एक्सप्रेस। देवरिया

स्थानीय कस्बा के विभिन्न वार्डों में जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिससे मोहल्ले में रहने वाले लोगों की दुश्वारियां बढ़ गई हैं। बारिश के मौसम में जिम्मेदारों द्वारा वार्डों की साफ-सफाई और दवाओं का छिड़काव आदि न कराए जाने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। इसको लेकर लोगों में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि साहब! मच्छरों से निजात दिलाएं। इनके प्रकोप से रात भर करवट बदलना मजबूरी हो गया है।भलुअनी कस्बा के जयप्रकाश नगर वार्ड नंबर 12, गोविंद बल्लभ पंत वार्ड नंबर आठ और इसरौली वार्ड नंबर 10 की आबादी करीब 4000-5000 है। लोगों का कहना है कि नगर पंचायत की ओर से मोहल्ले में साफ-सफाई के अलावा कोई भी समुचित प्रबंध नहीं कराया गया है। इन वार्डों में दवाओं आदि का छिड़काव नहीं कराया गया है। यहां तक कि कुछ एक जगह पर जलनिकासी का प्रबंध न होने से जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। उसी रास्ते लोगों का आना-जाना मजबूरी है।

# फॉलोअप : आप नेता की मौत... हंगामा और पथराव, घूंघट में आईं महिलाओं ने किया उपद्रव

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर



आम आदमी पार्टी के नेता कुंज बिहारी की मौत की खबर पर रामपुर नया गांव से हॉस्पिटल के बाहर घूंघट में पहुंचीं महिलाओं ने उपद्रव शुरू कर दिया था। महिला पुलिस कर्मियों ने जब समझाने की कोशिश की तो उन्होंने विरोध करना शुरू कर दिया। दो दरोगा को महिलाओं ने खींचने की कोशिश भी की।

गोरखपुर के गोरखनाथ थाना क्षेत्र में तीन दिन पूर्व मारपीट में घायल आम आदमी पार्टी (आप) के नेता कुंज बिहारी निषाद (35) की मंगलवार को पूर्वाह्न 11 बजे इलाज के दौरान राजेंद्रनगर स्थित एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। परिजनों-मोहल्लेवालों ने अस्पताल प्रशासन पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा-तोड़फोड़ शुरू कर दी। गोरखनाथ पुलिस ने बल प्रयोग किया तो भीड़ ने पथराव कर दिया। इसमें गोरखनाथ थाना प्रभारी शशिभूषण राय का सिर फूट गया जबकि तीन दरोगा और पांच स्थानीय लोग घायल हो गए। पुलिस भीड़ को उकसाने वालों को चिह्नित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की तैयारी में है। पुलिस ने एक हमलावर सहजनवां के इटार निवासी अर्जुन पांडेय को गिरफ्तार भी कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, गोरखनाथ थाना क्षेत्र के रामपुर नया गांव निवासी कुंज बिहारी निषाद मोहल्ले में ही बिल्डिंग मटेरियल और शटरिंग का कारोबार करते थे। वह राजनीति में भी सक्रिय थे और हाल ही में वार्ड नंबर 14 डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद नगर से आम आदमी पार्टी से पार्षद का चुनाव लड़ चुके थे। परिजनों के अनुसार, 23 अगस्त को कुंज बिहारी ने अपने साले मछू निषाद को लगभग एक लाख रुपये का बकाया वसूलने के लिए भेजा था। जब रुपये नहीं मिले तो अगले दिन कुंज बिहारी खुद उधारी मांगने पहुंचे। आरोप है कि इसी दौरान मोहल्ले के ही अभिषेक पांडेय और उनके साथियों से विवाद हो गया और उन्होंने कुंज बिहारी पर हमला बोल दिया। हमलावरों ने लाठी, रॉड और पटरे से कुंज बिहारी को पीटकर घायल कर दिया।

गंभीर चोट लगने के बाद परिजन उन्हें राजेंद्रनगर स्थित निजी अस्पताल ले गए। वहां एक डॉक्टर ने ऑपरेशन किया। तीन दिनों से उनका इलाज चल रहा था। घायल कुंज बिहारी की तहरीर पर गोरखनाथ पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ केस भी दर्ज किया था। इलाज के दौरान मंगलवार पूर्वाह्न 11 बजे उनकी मौत हो गई।

# डिजिटल अरेस्ट : पुलिस ने रिटायर्ड शिक्षक के वापस कराए 13.87 लाख रुपये

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

इसके बाद उसने बचने के लिए 14 लाख रुपये मांगे। उसने मोज बेनीवाल नाम के व्यक्ति का खाता नंबर देकर रुपये भेजने को कहा। उनका पंजाब नेशनल बैंक में खाता है। अगले दिन 28 जुलाई को बैंक जाकर 14 लाख रुपये मोज बेनीवाल नाम के बैंक खाते में जमा करवा दिए। रुपये जमा करने के बाद जालसाज की कॉल नहीं आई।

गोरखनाथ थाना क्षेत्र के रिटायर्ड शिक्षक को डिजिटल अरेस्ट कर जालसाजी के मामले में पीड़ित को राहत मिली है। खुद को एनआईए का अधिकारी बताकर उनसे 14 लाख रुपये ठग लिए गए थे। साइबर क्राइम पुलिस ने पीड़ित के 13.87 लाख रुपये वापस करवा दिए हैं।

पुलिस ने संबंधित बैंक से पत्राचार कर भेजी गई रकम को खाते में होल्ड करा दिया था जिससे वह वापस मिल



गई। मंगलवार को पीड़ित ने एसपी सिटी अभिनव त्यागी से मिलकर पुलिस टीम के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

जानकारी के मुताबिक, गोरखनाथ थाना क्षेत्र के रहने वाले इंद्रजीत शुक्ला रिटायर्ड शिक्षक हैं।

उन्होंने तहरीर देकर बताया था कि 27 जुलाई को अपराह्न तीन बजे एक अज्ञात व्यक्ति ने व्हाट्सएप कॉल की। उसने कहा-एनआईए का अधिकारी बोल रहा हूं। तुम पाकिस्तानी आतंकवादियों से बात करते हो। आतंकवादियों से रुपये की लेन-देन भी करते हो। तुम्हें 24 घंटे डिजिटल अरेस्ट किया जा रहा है। जांच होगी। यह सुनकर वह हैरान रह गए। उन्होंने कहा-आपको गलतफहमी हो गई है। इतना सुनते ही कॉल करने वाला उन्हें डांटने लगा। कहा- समझाने की कोशिश मत करो। तुम्हारे खिलाफ साक्ष्य मौजूद हैं। इसकी मदद से सजा करा दूंगा और तुम्हारी जिंदगी हमेशा के लिए खराब कर दूंगा।

इसके बाद उसने बचने के लिए 14 लाख रुपये मांगे। उसने मोज बेनीवाल नाम के व्यक्ति का खाता नंबर देकर रुपये भेजने को कहा। उनका पंजाब नेशनल बैंक में खाता है। अगले दिन 28 जुलाई को बैंक जाकर 14 लाख रुपये मोज बेनीवाल नाम के बैंक खाते में जमा करवा दिए। रुपये जमा करने के बाद जालसाज की कॉल नहीं आई।

उन्होंने कॉल कर बात करनी चाही तो नंबर बंद बताने लगा। इसके बाद उन्हें ठगी का अहसास हुआ। मामले में केस दर्ज कर साइबर थाने की टीम जांच कर रही थी।

## रेलवे स्टेशन परिसर में सो रहे युवक पर चढ़ाई कार, गंभीर

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

रेलवे स्टेशन परिसर में सो रहे युवक को एक कार चालक ने कुचल दिया। इसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौजूद लोगों ने घायल को सेवरही सीएचसी भेजवाया, जहां उनकी हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज रविंद्रनगर रेफर कर दिया। तमकुहीरोड स्टेशन के पार्किंग में सोमवार की रात करीब नौ बजे विशुनपुरा थाना क्षेत्र के जटवलिया बांस निवासी 28 वर्षीय हरकेश सो रहा था। उसी दौरान स्टेशन परिसर में खड़ी एक कार के चालक ने कार चालू कर आगे बढ़ा और स्टेशन परिसर में सो रहे हरकेश को कुचल दिया। घटना के बाद वहां काफी संख्या में लोग एकत्र हो गए। सूचना पर आई पुलिस मौजूद लोगों की मदद से घायल हरकेश को सेवरही सीएचसी भेजवाई, जहां चिकित्सक ने घायल युवक की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रविंद्रनगर रेफर कर दिया।

# मासूमों का दर्द और समाज की जागी संवेदनाएं

■ नौतनवा में पिता के अंतिम संस्कार को ठेले पर ले जाते नन्हे कदम

जन एक्सप्रेस। सोनौली/महराजगंज



नौतनवा नगर के राजेंद्र नगर मोहल्ले से निकली एक दर्दनाक तस्वीर ने हर संवेदनशील हृदय को झकझोर दिया। तस्वीर में एक दस वर्षीय मासूम बच्चा अपने पिता के शव को ठेले पर रखकर श्मशान घाट की ओर ले जा रहा था। यह बच्चा था देवराज, जिसके सिर से पिता का साया उठ चुका था। उसके बड़े भाई राजवीर की उम्र मात्र 14 वर्ष है। दोनों भाई पिता की मौत के बाद अचानक जिम्मेदारियों के उस बोझ तले दब गए, जिसे उठाना किसी वयस्क के लिए भी कठिन होता है। बीते दिनों से लव कुमार पटवा बीमार चल रहे थे। इलाज और दवाओं के बीच उनका परिवार धीरे-धीरे आर्थिक संकट में डूब गया। आखिरकार बीमारी ने उनकी जिंदगी छीन ली। उनकी मौत के बाद घर में सिर्फ बेसहारा बच्चे जिनके पास न पैसा था, न सहारा। अंत्येष्टि के समय जब रिश्तेदार और करीबी साथ खड़े होने चाहिए थे, तब यह छोटे-छोटे बच्चे दर-दर भटकते रहे। आखिरकार, छोटे बेटे देवराज ने ही ठेला उठाया और अपने पिता को अंतिम यात्रा पर ले चला।

### सोशल मीडिया पर वायरल हुआ दर्द

जब यह दृश्य सोशल मीडिया पर आया तो नगर ही नहीं, जिलेभर में संवेदनाओं का सैलाब उमड़ पड़ा। लोगों ने अपने-अपने स्तर पर मदद शुरू की। कोई राशन लेकर आया, कोई आर्थिक सहयोग। प्रशासन भी सक्रिय हुआ। एसडीएम और तहसीलदार मौके पर पहुंचे और तत्काल सहायता प्रदान की। कई सामाजिक संगठन भी बच्चों के साथ खड़े दिखाई दिए।

### राजनीति से परे मानवीय पहल

नौतनवा नगर अध्यक्ष बृजेश मणि त्रिपाठी व्यक्तिगत रूप से मृतक के घर पहुंचे। उन्होंने न सिर्फ परिजनों को ढाढ़स बंधाया बल्कि बच्चों से मुलाकात कर उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। मौके पर ही आर्थिक सहायता दी और साफ कहा कि ऐसे असहाय परिवारों के अंतिम संस्कार की जिम्मेदारी मैं वर्षों से निभाता आ रहा हूं और आगे भी निभाता रहूंगा। यह मदद कभी दिखावे के लिए नहीं रही, बल्कि यह हमारी मानवीय जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी बताया कि नौतनवा विधायक ऋषि त्रिपाठी ने स्व. लव कुमार पटवा के ब्रह्म भोज का संपूर्ण खर्च स्वयं वहन करने की घोषणा की है।

### संवेदनाओं से उपजी उम्मीद

जिस दृश्य ने शुरुआत में पूरे नगर को आंसुओं में डुबो दिया था, अब वही दृश्य समाज में उम्मीद जगाने का कारण बन गया है। नगरवासी, जनप्रतिनिधि, प्रशासन और सामाजिक संगठन भी परिवार के साथ खड़े हुए। दो नन्हे मासूमों की बेबसी ने साबित कर दिया कि दुख कितना भी गहरा क्यों न हो, संवेदनाओं से उपजी सामाजिक ताकत हर बार इंसानियत की जीत सुनिश्चित करती है।

# नवनियुक्त मुख्य सेविकाओं को सौंपे गए नियुक्ति पत्र

जन एक्सप्रेस। महराजगंज

जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के तत्वावधान में मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह, सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया, फरेंदा विधायक वीरेंद्र चौधरी तथा महराजगंज जिलाधिकारी संतोष शर्मा संयुक्त रूप से सभी चयनित 21 मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया अपनाकर युवाओं का सपना पूरा किया है। उन्होंने कहा कि अब मेहनत और योग्यता ही सफलता का आधार है। विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ




के नेतृत्व में युवाओं को उनकी प्रतिभा और परिश्रम का वास्तविक मूल्य मिल रहा है।

पूर्व की सरकारों में पहचान और सिफारिश ही आधार हुआ करती थी, लेकिन अब अवसर सबको समान रूप से मिल रहा है। फरेंदा विधायक वीरेंद्र चौधरी ने कहा कि इन नियुक्तियों से संबंधित विभाग और मजबूत होगा। जिलाधिकारी संतोष शर्मा ने मुख्य सेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपको नन्हे बच्चों के बीच यशोदा की भूमिका निभानी है। इसलिए सेवाभाव और समर्पण के साथ कार्य करना होगा।

वहीं नियुक्ति पत्र पाकर मुख्य सेविकाओं एवं उनके परिजनों में अत्यधिक उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में प्रीतम विश्वकर्मा, शिल्पी सिंह, ममता सिंह, अंकित गुप्ता, प्रतिभा सिंह सहित सभी चयनित मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी बी.एन. कन्नौजिया, जिला कार्यक्रम अधिकारी दुर्गेश कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए रामदरश चौधरी, सभी सीडीपीओ, नवनियुक्त मुख्य सेविकाएं तथा उनके परिजन उपस्थित रहे।

## ट्रक की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

विशुनपुरा थाना क्षेत्र के ब्लॉक मुख्यालय से करीब सौ मीटर पूरब छछ छछ घाट के पास एक बाइक सवार 53 वर्षीय व्यक्ति किसी अज्ञात ट्रक की चपेट में आ गए। मौके पर मौजूद लोग अभी उन्हें अस्पताल भेजवाने की तैयारी कर ही रहे थे कि उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक समेत भाग गया। सूचना पर आई पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक बरवापट्टी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामपुर बरहन निवासी 53 वर्षीय राजेंद्र प्रसाद बाइक से दुदही बाजार की तरफ जा रहे थे। अभी वे ब्लॉक मुख्यालय के करीब सौ मीटर आगे छछ घाट के पास पहुंचे ही थे कि सेवरही की तरफ जा रहे एक ट्रक की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

# मेडिकल कॉलेज में सीसीयू निर्माण की बाधा दूर, काम में आएगी तेजी

जन एक्सप्रेस। देवरिया

मेडिकल कॉलेज में क्रिटिकल केयर यूनिट निर्माण की बाधा दूर हो गई है। जमीन की कमी दूर होने से निर्माण में तेजी आएगी। इससे गंभीर रोगियों को हायर सेंटर रेफर नहीं जाना पड़ेगा। इन रोगियों को जिले में ही इलाज की सुविधा मिलेगी।

इससे हार्ट अटैक जैसे गंभीर मामलों में लोगों को फौरी इलाज से राहत मिलेगी। 50 बेड के तीन मंजिला क्रिटिकल केयर यूनिट का निर्माण चल रहा है। इसके लिए 4159.86 वर्ग मीटर भूमि में से अब तक करीब 75 प्रतिशत ही भूमि मिल पाई थी, जिस पर कार्य चल रहा है, जबकि शेष पचीस प्रतिशत भूमि नहीं मिली थी। इससे कार्य धीमा हो गया था। अब कालेज प्रशासन ने पुराने जिला अस्पताल के भवन में संचालित केंद्रीय औषधि भंडार के दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया है।

इससे पुराने भवन के ध्वस्तीकरण का कार्य शुरू हो गया है। इसके चलते बाकी की 25 प्रतिशत भूमि की कमी भी पूरी हो गई है। सीसीयू निर्माण में अब करीब 35 प्रतिशत कार्य हो चुका है। इसके अगस्त 2026 पूरा होने की उम्मीद जताई जा रही है। इससे पुराने भवन के ध्वस्तीकरण का कार्य शुरू हो गया है। इसके चलते बाकी की 25 प्रतिशत भूमि की कमी भी पूरी हो गई है। सीसीयू निर्माण में अब करीब 35 प्रतिशत कार्य हो चुका है। क्रिटिकल केयर यूनिट तीन मंजिला होगी। एक हिस्से में ग्राउंट फ्लोर पर माइनर ओटी, स्क्रीनिंग एरिया, एम्जामिनेशन रूम, आइसोलेशन रूम, वेटिंग एरिया की व्यवस्था होगी। इसके अलावा टायलेट, इंजेक्शन रूम तथा फर्स्ट फ्लोर पर डायलिसिस, सपोर्ट आफ डायलिसिस, बफर एरिया, स्टाफ रूम, ड्यूटी रूम, टायलेट, लिफ्ट, लाबी, कारिडोर व सेकेंड फ्लोर पर आईसीयू, सीयू, बफर जोन, चेंजिंग रूम, टायलेट, नर्स रूम, काउंसिल रूम, डीयू, रैंप, लिफ्ट, गैलरी आदि का ढांचा तैयार हो गया है।

अभी भवन के पूरब तरफ दस मीटर लंबा व आठ मीटर चौड़ा पोर्च, छह मीटर की सड़क के अलावा ग्राउंड फ्लोर पर डोनिंग रूम, चेंजिंग रूम, दो बेड का मैटेरनिटी रूम, नर्सिंग स्टेशन, अल्ट्रा साउंड रूम, डीयू रूम, स्टाफ रूम, फर्स्ट व सेकेंड फ्लोर पर आइसोलेशन वार्ड, पोस्ट ओटी, दो ओटी, क्रिटिकल उपकरण रखने का रूम, इंचार्ज रूम आदि बनना है।

# सदर विधायक को धमकी देने की जांच तेज... खुफिया एजेंसियां भी सक्रिय

जन एक्सप्रेस। देवरिया

गोरखपुर रोड स्थित रेलवे ओवरब्रिज के नीचे बनी मजार पर अवैध कब्जे का मामला अब नया मोड़ ले चुका है। इस मुद्दे को सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी ने जोर-शोर से उठाया था। इसके बाद एक शख्स ने सोशल मीडिया पर उन्हें गोली मारने की धमकी दे डाली। धमकी भरे संदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी निशाना बनाने की बात कही गई है। इसके बाद प्रशासनिक और खुफिया एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं। मामले के तह तक पहुंचने के लिए जांच तेज कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार, विधायक को धमकी भरा संदेश यूजर आईडी Mdseraj}vx@gmail.com से भेजा गया है। मैसेज में लिखा गया है कि इतनी गोलियां मारेंगे कि लाश के चिथड़े उड़ जाएंगे।

सीएम योगी आदित्यनाथ को भी चेतावनी दी गई है। इससे सदर विधायक के समर्थकों में आक्रोश फैल गया है। उधर, माहौल तनावपूर्ण होते देख पुलिस भी सक्रिय हो गई है। धमकी के बाद सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि उन्होंने जो मुद्दा उठाया है, वह जनहित से जुड़ा है।सीएम योगी आदित्यनाथ को भी चेतावनी दी गई है। इससे सदर विधायक के समर्थकों में आक्रोश फैल गया है।

उधर, माहौल तनावपूर्ण होते देख पुलिस भी सक्रिय हो गई है। धमकी के बाद सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि उन्होंने जो मुद्दा उठाया है, वह जनहित से जुड़ा है।

अवैध कब्जे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होंगे। देवरिया की जनता का आशीर्वाद उनके साथ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का राज है। ऐसे में कोई भी दहशतगर्द पैदा करेगा तो उसे कड़ी सजा मिलेगी।

कानून के खिलाफ जाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि ओवरब्रिज का दोहरीकरण जनहित में आवश्यक है। इसके लिए जरूरी है कि वहां से अवैध कब्जे हटाए जाएं। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस मजार को जांच के बाद ध्वस्त कर निर्माण कार्य को आगे बढ़ाया जाए।

## विकास कार्यों में अनियमितता की जांच के लिए टीम गठित

जन एक्सप्रेस। देवरिया

ग्राम पंचायत कोड़रा में वित्तीय वर्ष 2016 से 2021 तक पूर्व ग्राम प्रधान द्वारा कराए गए विकास कार्यों की अनियमितता की जांच के लिए डीएम दिव्या मित्तल ने दो सदस्य टीम गठित की है। टीम में जिला पूर्ति अधिकारी एवं पीपी सिंह सहायक अभियंता प्रांतीय खंड, लोक निर्माण विभाग देवरिया शामिल हैं। डीएम ने 15 दिन के अंदर जांच रिपोर्ट मांगी है। बता दें कि ग्राम पंचायत कोड़रा निवासी चंद्र किशोर द्विवेदी ने शपथ पत्र के साथ अपर मुख्य सचिव, ग्राम विकास विभाग उत्तर प्रदेश, लखनऊ को पूर्व प्रधान द्वारा वित्तीय वर्ष 2016 से 2021 के अंदर कराए गए विकास कार्यों में अनियमिता की जांच कराने की मांग की थी।

# क्रिकेट प्रतियोगिता : ईस्टर्न चैलेंजर ने जीता उद्घाटन मुकाबला

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ईस्टर्न चैलेंजर ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 142 रन बनाए। विपुल द्विवेदी ने 49 रन, राहुल कश्यप ने 22, दुर्गेश गुप्ता ने 21 और कप्तान अभिजीत व अजहर ने 10-10 रन बनाए। वाईटीएम सुपरजाइंट्स की ओर से तेज गेंदबाजी करते हुए विनीत और चंदन चौरसिया ने 2-2 विकेट व शिवम दुबे और अमन अग्रहरि ने 1-1 विकेट झटके।

प्रकाश क्रिकेट ग्राउंड पर आयोजित गोरखपुर वेटरन प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला सोमवार की रात ईस्टर्न चैलेंजर और वाईटीएम सुपरजाइंट्स के बीच खेला गया। इसमें ऑलराउंडर विपुल द्विवेदी के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ईस्टर्न चैलेंजर ने वाईटीएम सुपरजाइंट्स को




सात रनों से हराकर टूर्नामेंट में विजयी शुरुआत की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ईस्टर्न चैलेंजर ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 142 रन बनाए। विपुल द्विवेदी ने 49 रन, राहुल कश्यप ने 22, दुर्गेश गुप्ता ने 21 और कप्तान अभिजीत व अजहर ने 10-10 रन बनाए। वाईटीएम सुपरजाइंट्स की ओर से तेज गेंदबाजी करते हुए विनीत और चंदन चौरसिया ने 2-2 विकेट व शिवम दुबे और अमन अग्रहरि ने 1-1 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वाईटीएम सुपरजाइंट्स की टीम निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 135 रन ही बना सकी। बल्लेबाजी में राहुल सिंह ने 30 रन, अभिजीत शर्मा ने 28, विनीत ने 20 और चंदन चौरसिया ने 14 रनों की पारी खेली। ईस्टर्न चैलेंजर की ओर से गेंदबाजी में राजन ने तीन, नीलेश कश्यप और विपुल द्विवेदी ने 2-2 व भरत सिंह ने 1 विकेट हासिल किया।

उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री कमलेश पासवान व विशिष्ट अतिथि वैभव सराफ ने आठों टीमों के कप्तानों के साथ ट्रॉफी का अनावरण करके किया। संचालन क्रिकेट कोच दुर्गेश चौधरी ने किया। इस अवसर पर क्रिकेटर प्रमोद सिंह, अशोक यादव, आयुष, आकाश सिंह, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, राम समुज शर्मा, अवधेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# देवीपाटन मंदिर पर शारदीय नवरात्र की तैयारी को लेकर महंत की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक

- पर्याप्त पुलिस बल, पर्याप्त सफाई कर्मी , 24 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित

**जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**



आगामी 22 सितंबर से सर्दी है नवरात्र प्रारंभ हो रहा है इस अवसर पर प्रसिद्ध शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर पर 9 दिनों का मेला आयोजित किया जाता है। जिसकी तैयारियों को लेकर मंगलवार को मंदिर के महंत मिथलेश नाथ योगी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएम पवन अग्रवाल तथा पुलिस अधीक्षक विकास कुमार भी उपस्थित रहे। बैठक में मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई की व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, पेयजल व्यवस्था, श्रद्धालुओं के लिए शुलभ शौचालय की व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था,जल निकासी की व्यवस्था, देवीपाटन मंदिर को जोड़ने वाले संपर्क मार्गो की मरम्मत, रैन बसेरा, मेले के दौरान बसों एवं ट्रेन की सुलभ उपलब्धता, पार्किंग व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा, रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए अतिरिक्त सुलभ शौचालय की व्यवस्था, कूड़ा प्रबंधन आदि पर गहन चर्चा की गई तथा महंत द्वारा अहम सुझाव दिए गए।

बताते चले कि एसडीएम तुलसीपुर मेला मजिस्ट्रेट होगे। मेले में साफ सफाई की दृष्टि से पंचायती राज विभाग द्वारा 200 से अधिक सफाई कर्मी लगाए जाएंगे इसके अलावा नगर पंचायत तुलसीपुर द्वारा भी सफाई कर्मी लगाए जाएंगे, डीएम ने सभी सफाई कर्मियों की ड्यूटी रोस्टर वाइज लगाए जाने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि मेला क्षेत्र नियमित फोगिंग का प्रारंभ कर दी जाए।

मेले में 24×7 मेडिकल टीम की तैनात रहेगी एवं पेयजल के लिए पर्याप्त टैंकर लगाए जाएंगे। डीएम ने मेला क्षेत्र में लगे सभी हैंडपंप की मरम्मत कर लिए जाने एवं श्रद्धालुओं की सुविधा से लिए प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर प्याऊ की व्यवस्था का निर्देश दिया। मेले में पर्याप्त संख्या में मोबाइल शौचालय, रैन बसेरा की व्यवस्था की जाएगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी मार्गों पर पर्याप्त प्राइवेट बस एवं सरकारी बसों का संचालन किया जाएगा। डीएम ने किराया सूची एवं टाइम टेबल के बैनर लगाए जाने के निर्देश दिया। देवीपाटन मंदिर से जुड़ने वाले सभी मार्गों के चौड़ीकरण एवं मरम्मत कर लिए जाने का निर्देश दिया। मंदिर में 24 घंटे निबंध विद्युत व्यवस्था के लिए मोबाइल ट्रांसफार्मर की व्यवस्था एवं विद्युत पोल की रैपिंग, विद्युत तारों को टाइट किए जाने का निर्देश दिया।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मेले में सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहेगी, मेले में अस्थाई थाना स्थापित किया जाएगा तथा मेले को सेक्टर में बांटते हुए सभी सेक्टर में चौकी बनाई जाएगी। पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरा लगाए जाएंगे। नवरात्रि में मां पाटेश्वरी देवीपाटन मंदिर में भारी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान किए जाने हेतु 09 दिवसीय कृषि मेले का आयोजन किया जाएगा एवं विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं के स्टॉल लगाए जाएंगे एवं पात्रता के अनुसार आवेदन फॉर्म भराए जायेंगे। डीएम ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ मेले को सकुशल, सुचारू रूप से संपन्न कराएंगे। सभी विभाग सारी तैयारियां समय से पूर्ण कर लें, जो भी कमियां हैं उसे दूर कर लें।

इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप जिलाधिकारी तुलसीपुर, क्षेत्राधिकार तुलसीपुर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशासी अधिकारी तुलसीपुर, जिला पूर्ति अधिकारी, अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, एआरएम रोडवेज व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# एमडीके कॉलेज की बालिकाओं ने कला उत्सव में किया बेहतरीन प्रदर्शन



**जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के एमपीपी इंटर कॉलेज में आयोजित जिला स्तरीय माध्यमिक स्तर के छात्र-छात्राओं के लिए कला उत्सव कार्यक्रम में महारानी देवेंद्र कुंवरि बालिका विद्यालय की छात्राओं का बेहतरीन प्रदर्शन किया है । जानकारी के अनुसार 25 अगस्त को एमपीपी इंटर कॉलेज में जनपद स्तरीय कला उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कला उत्सव माध्यमिक स्तर के छात्र-छात्राओं के लिए कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करने का एक मंच है । इस कार्यक्रम में 12 विद्या रखा गया था जिसमें हमारे विद्यालय एमडी के बालिकाइंटर कॉलेज की छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया जिसमें एकल ताल वाद्य यंत्र में प्रथम स्थान दीपाली का रहा । सामूहिक पारंपरिक खेल खिलौने में प्रथम स्थान अंशिका सिंह वह खुशबू का रहा। सामूहिक वादन में शिवानी, इच्छा, शालिनी का प्रथम स्थान रहा। सामूहिक गायन में द्वितीय स्थान पर प्राप्त करती हुई छात्राएं सायरा, शक्ति, गायत्री, इनमा का रहा। एकल शास्त्रीय गायन में पलक तिवारी का तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। मिट्टी की मूर्ति में तृतीय स्थान प्रिया गिरी को प्राप्त हुआ। और अंतिम पुरस्कार पारंपरिक कहानी में शिवाक्षी और खुशी को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ विद्यालय परिवार की ओर से सभी छात्राओं को हार्दिक शुभकामना दी गई हैं।

# रोहित पाल सपा जिला उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत

**जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष के पद पर रोहित पाल को प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल द्वारा मनोनीत करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने की जिम्मेदारी सौंपी है ।

जानकारी के अनुसार 27 अगस्त को समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल द्वारा जारी मनोनयन पत्र मे बलरामपुर नगर के विशुनीपुर भगवतीगंज निवासी रोहित पाल को पार्टी के जिला उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। उन्होंने रोहित पाल को संगठन की जिम्मेदारी सौंपी है।

# नैतिक मूल्यों की स्थापना हेतु भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा

**जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**



भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के आयोजन हेतु गायत्री परिवार के प्रतिनिधियों ने बलरामपुर के महाविद्यालयों में पहुंचकर वहां के प्राचार्यों से मुलाकात कर परीक्षा सम्बन्धी जानकारी दी।

इस क्रम में आज गायत्री शक्तिपीठ के ट्रस्टी वा व्यवस्थापक सतीश चन्द्र मिश्रा, परिव्राजक राजकरन तथा ट्रस्टी वा भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के सदस्य सुनील कुमार वर्मा ने एम एल के पीजी कॉलेज बलरामपुर के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ0 जनार्दन प्रसाद पाण्डेय, मनोविज्ञान के प्रभारी डॉ सुनील मिश्रा, शक्ति स्मारक संस्थान दुल्हिनपुर के प्राचार्य डॉ अजय सिंह तथा सिटी माण्टेसरी बालिका डिग्री कॉलेज विशुनापुरा के प्राचार्य डॉ एस0 के0 मिश्रा से औपचारिक मुलाकात किया। परीक्षा के सदस्य सुनील कुमार वर्मा जी ने आगामी 7 नवम्बर को होने वाली परीक्षा की जानकारी देते हुए बताया कि इस परीक्षा का उद्देश्य छात्र - छात्राओं में शिक्षा के साथ-साथ मानवीय मूल्यों, सांस्कृतिक चेतना, संवेदनाएं और सद्गुणों के प्रति रुचि जागृत करना है। गायत्री परिवार के प्रतिनिधियों द्वारा महाविद्यालयों के प्राचार्यों को साहित्य प्रदान कर उनका सम्मान कर परीक्षा में छात्रों की अधिक से अधिक भागीदारी के लिए निवेदन किया। इस कार्यक्रम में व्यवस्थापक सतीश चन्द्र मिश्रा, सदस्य सुनील कुमार श्रीवास्तव व परिव्राजक राज करन का विशेष योगदान रहा।

## खेरेश्वर धाम पर 29 से शुरू होगा विराट मेला देवछट

**जन एक्सप्रेस | अलीगढ़**

खेरेश्वर महादेव व दाऊजी महाराज समिति द्वारा सिद्धपीठ खेरेश्वर धाम खैर रोड पर 29 अगस्त से 10 दिवसीय विराट मेला देवछट का आयोजन 7 सितंबर तक किया जा रहा है। इस बार का मेला देवछट बहुत ही भव्य रूप के साथ गौरव शाली होगा। मंदिर प्रांगण में आयोजित पत्रकार वार्ता में उक्त जानकारी देते हुए मंदिर समिति के अध्यक्ष गेहराज सिंह ने बताया कि प्राचीन ऐतिहासिक और प्रमुख धार्मिक स्थल सिद्धपीठ खेरेश्वर धाम पर परम्परागत विशाल मेला देवछट में विभिन्न सांस्कृतिक, धार्मिक, देश भक्ति, आध्यात्मिक आदि कार्यक्रमों के अलावा रसिया दंगल, पत्रकार सम्मेलन, कबड्डी प्रतियोगिता, कुश्ती दंगल, बॉडी बिल्डर शो के साथ नियमित रूप से कृष्ण लीला का आयोजन किया जाएगा। पत्रकार वार्ता में महामंत्री ऋषिओम शर्माऔर प्रमुख सलाहकार पंकज धीरज ने बताया कि स्वामी हरिदास की जन्मस्थली खेरेश्वर धाम में आयोजित होने वाला यह पौणारिक विराट मेला देवछट ग्रामीण व शहरी जनता का संगम होता है, जिसमें नियमित रूप से हजारों की संख्या में दर्शक कार्यक्रमों के आनंद के साथ ईश्वर का आशीर्वाद भी लेते हैं।कोषाध्यक्ष देवेंद्र सिंह चौहान और मेला प्रभारी विक्रम सिंह तौमर ने बताया कि ऐतिहासिक मंदिर खेरेश्वधाम में भगवान शंकर प्राचीन शिवलिंग के रूप में विराजमान हैं। वहीं, दाऊजी महाराज, बजरंगबली सहित अन्य देवतागण भी अपने आलौकिक स्वरूप में भक्तों को आशीर्वाद देते हैं। दंगल प्रभारी लतेश चौधरी ने बताया इस बार देवछट मेले में आयोजित तीन दिवसीय कुश्ती दंगल में यूपी के अलावा राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा सहित बृज क्षेत्र के पहलवान दम खम आजमाएंगे।

# अपनी संस्कृति को पहचाने वा धारण करने की आवश्यकता : गुलाब चन्द्र

**जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में भारतीय संस्कृति के प्रति रुचि व संरक्षित करने के उद्देश्य से गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा संचालित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के आयोजन के लिए भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला संयोजक गुलाब चन्द भारती के निर्देशन में गायत्री परिवार के प्रतिनिधियों ने बुधवार को नगर के गर्ल्स इण्टर कॉलेज बलरामपुर, जवाहर नवोदय विद्यालय घूघुलपुर तथा भगवान नरसिंह नाथ इण्टर कालेज भीखपुर में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की जानकारी प्रदान की। वरिष्ठ प्रतिनिधि दिलीप कुमार श्रीवास्तव ने परीक्षा की जानकारी देते हुए कहा कि माता पिता वा गुरुओं का आदर करना चाहिए। जिला संयोजक गुलाब चन्द भारती जी ने कहा कि हमारी संस्कृति त्याग, करूणा वा दया सिखाती है , इसे जीवन में धारण करना चाहिए। सदस्य सुनील वर्मा ने बताया कि यह परीक्षा 7 नवंबर को आयोजित होगी। गायत्री शक्तिपीठ के ट्रस्टी सतीश चन्द्र मिश्रा द्वारा विद्यालयों के प्रधानाचार्य तथा सहयोगी शिक्षकों को सदवाक्य वा साहित्य भेंट कर सम्मानित कर परीक्षा में छात्रों की अधिक से अधिक भागीदारी के लिए प्रेरित किया । आयोजन में जिला संयोजक गुलाब चन्द भारती, वरिष्ठ दिलीप कुमार श्रीवास्तव, ट्रस्टी सतीश चन्द्र मिश्रा, सदस्य सुनील वर्मा, सक्रिय सदस्य नान बाबू पाण्डेय तथा परिव्राजक राज करन का विशेष योगदान रहा।

## दाऊजी महाराज मेले की तैयारियों में जुटा प्रशासन

**जन एक्सप्रेस | हाथरस**

जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय और पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने मंगलवार को श्री दाऊजी महाराज के भव्य आयोजन के तहत मेला परिसर में पार्किंग स्थल, दंगल स्थल, प्रशासनिक शिविर, विभिन्न समुदायों/राजनीतिक दलों के लगने वाले शिविर, विभिन्न प्रकार की लगने वाली दुकानों, झूलों, मेला परिसर में आने-जाने वाले मार्गों का भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लेकर सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर योगेन्द्र कृष्ण नारायण, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर गिरीश चन्द्र गौतम व प्रशासनिक अधिकारी आदि मौजूद रहे । इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया सभी पुलिसकर्मी मेला क्षेत्र में आने वाले लोगो के साथ सभ्य व शालीन व्यवहार करेगे, किसी के भी साथ दुर्व्यवहार कदापि न किया जाय।

# साइबर क्राइम का खुलासा कर एक अपराधी को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर पुलिस द्वारा चाइनीज लोनिंग एप्लीकेशन, गेमिंग बेटिंग एप्लीकेशन के माध्यम से आम लोगो से धोखाधड़ी कर धोखाधड़ी की करोड़ो की धनराशि को क्रिप्टोकरेंसी में कन्वर्ट कर विदेश भेजने वाले एक बडे संगठित गिरोह का भंडाफोड करते हुए 01 शातिर साइबर ठगी के अपराधी को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार 27 अगस्त को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा जनपद बलरामपुर में हुए साइबर ठगी के अपराधों के अनावरण के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु दिये गये सख्त निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नोडल अधिकारी साइबर क्राइम पट विशाल पाण्डेय व क्षेत्राधिकारी ललिया लाइन डॉ जितेन्द्र कुमार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना आरपी यादव के नेतृत्व में 27 अगस्त को आईटी एक्ट के 01 अभियुक्त सौरभ कुमार पुत्र होती लाली निवासी ग्राम सिरसा खास थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद वर्तमान पता 145-ए सेक्टर- M आशियाना लखनऊ को लखनऊ से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ पर अभियुक्त द्वारा बताया गया कि मैं निर्मल (पूर्व में गिरफ्तार) का साथी हूँ हमलोग आनलाइन गेमिंग बेटिंग सट्टा एप फाड से सम्बन्धित कार्य करते हैं जिसमें फर्जी फर्म का करेन्ट एकाउन्ट जिसकी प्रतिदिन लेनदेन की लिमिट लाखों में हो, व्हाट्सएप व टेलीग्राम एप के माध्यम से साइबर फाडस्टरस् एजेन्टो से संपर्क कर प्राप्त करके आनलाइन गेमिग बेटिंग सट्टा के माध्यम से प्राप्त धनराशि के सेटलमेन्ट हेतु कतिपय गेमिग एप शार्प पे, सुपर पे, ब्रो पे इत्यादि से जुडे एजेन्टो को उपलब्ध कराते हैं जिसमें गेमिंग एप द्वारा गेमिंग एप्लीकेशन उपयोगकर्ता द्वारा अवैध बेट सट्टा में लगायी गयी धनराशि को प्राप्त किया जाता है तथा उसे अपने किसी सुरक्षित खातो में दिन प्रतिदिन के आधार पर भेज दिया जाता है और इस तरह आनलाइन बेटिंग सट्टा से प्राप्त होने वाले लाभांश एवं गेमिंग से सरकार को प्राप्त हो सकने वाले टैक्स की धनराशि को अवैध तरीके से प्राप्त कर धनार्जन किया जाता है। इस कार्य के लिए हमलोगों को कुल लेनदेन की धनराशि का 02 से 03 प्रतिशत कमीशन प्राप्त होता है। साथ ही जनता के लोगो के विभिन्न सेविंग अकाउन्ट एवं करेन्ट अकाउन्ट प्राप्त कर हर तरह के साइबर फाड के पैसे को मंगाया जाता है जिसमे से 02 से 03 प्रतिशत का कमीशन हम लोगों को प्राप्त होता है।

जब उक्त बैंक खातों पर कोई शिकायत दर्ज होती है अथवा बैंक द्वारा खातो को फीज कर दिया जाता है तो हम लोगो द्वारा इसी तरह नये बैंक अकाउन्ट प्राप्त कर साइबर फाड का कार्य किया जाता है। इसके अतिरिक्त बाइनेन्स व अन्य क्रिप्टो वॉलेट के माध्यम से उक्त फाड में जो भी धनराशि प्राप्त होती थी उसमें से अपना कमीशन काटकर समस्त धनराशि देश-विदेश में बैठे साइबर फाडस्टरस् को भेज दिया जाता था। निर्मल द्वारा अनिरुद्ध (पूर्व में गिरफ्तार) की जो बाइनेन्स आईडी बनवाकर सस्पियर (पूर्व में गिरफ्तार) को उपलब्ध करायी गयी थी उससे लेनदेन करते थे।

## आज विराजेंगे गणपति, स्वागत की तैयारी पूरी

**जन एक्सप्रेस | हाथरस**

भगवान गणेश के जन्म के रूप में गणेश चतुर्थी मनाई जाती है। भगवान गणेश एक पूजनीय देवता हैं, जिन्हें ज्ञान, समृद्धि और सौभाग्य से जोड़ा गया है। भगवान गणेश को गजानन, धूम्रकेतु, एकदंत, वक्रतुंड और सिद्धि विनायक समेत कई नामों से जाना जाता है। हिन्दू पंचांग के अनुसार भाद्रपद मास के शुक्ल की चतुर्थी से देशभर में गणेश चतुर्थी पर्व का शुभारंभ हो जाता है। कस्बे में सत्ताईस अगस्त से शुरू होने वाले श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। कस्बा के शहीद पार्क में भगवान श्री गणेश प्रतिमा स्थापित की जाएंगी। इसके लिए पंडाल की सजावट का काम तेजी से चल रहा है। कुछ लोग घरों में भी भगवान श्री गणेश प्रतिमा स्थापित करेंगे। बाजारों में गणेश प्रतिमाओं की खरीददारी के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। कस्बे में भक्तिमय माहौल के बीच गणेश उत्सव का स्वागत किया जाएगा। बता दें कि गणेश चतुर्थी का पर्व भगवान गणेश के जन्मोत्सव के रूप में हर साल बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया जाता है।

# पुण्य तिथि के अवसर पर डिप्लोमा इंजीनियर संघ ने किया वृक्षारोपण

**जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में मंगलवार को लोक निर्माण विभाग के डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ ने स्व. प्रमोद कुमार आचार्य की द्वितीय पुण्यतिथि पर वृक्षारोपण संकल्प दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। निर्माण खंड लोक निर्माण विभाग बलरामपुर कार्यालय परिसर में डिप्लोमा इंजीनियर संघ अध्यक्ष इ. बनारसी राम, अधिशासी अभियंता निर्माण खंड इ. राजेश कुमार एवं जनपद सचिव इंजीनियर रमाशंकर यादव के नेतृत्व में विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर सहायक अभियंता इ. भानू प्रताप सिंह, सहायक अभियंता इ. पी. के. शर्मा, अवर अभियंता और लिपिक संवर्ग के कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान लोक निर्माण विभाग परिसर, निरीक्षण भवन परिसर और आवासीय परिसर में व्यापक स्तर पर फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। जनपद सचिव इंजीनियर रमाशंकर यादव ने बताया कि स्व. प्रमोद कुमार आचार्य की द्वितीय पुण्यतिथि पर वृक्षारोपण संकल्प दिवस कार्यक्रम में बृहद पौधरोपण किया गया जिससे पर्यावरण हरा भरा रहे।

# नवचयनित मुख्य सेविकाओं को डीएम व विधायकों ने सौंपा नियुक्ति पत्र

**जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**




उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा मुख्य सेविका के पद पर जनपद में नवचयनित 08 मुख्य सेविकाओ को विधायक सदर पल्टूराम, विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ल, डीएम पवन अग्रवाल एवं जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। इस अवसर पर नवचयनित मुख्य सेविका एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा मुख्यमंत्री का वर्चुअल संबोधन सुना गया।

कार्यक्रम में विधायक सदर पल्टूराम ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार द्वारा मुख्य सेविका एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री की चयन प्रक्रिया को पारदर्शी रूप से कराकर रोजगार के साथ साथ महिला सशक्तिकरण एवं बच्चों समुचित पोषण की दिशा में अभूतपूर्व कार्य किया गया हैं। इस दौरान डीएम ने सभी नव चयनित मुख्य सेविकाओं को चयन की बधाई दी गई। उन्होंने कहा कि सभी नव चयनित मुख्य सेविका अपने दायित्वों का पूरे मनोयोग के साथ निर्वहन करें। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी ग्राम्य विकास विभाग, समस्त सीडीपीओ व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# प्रॉपर्टी डीलर हत्याकांड का मुख्य आरोपी आज कोर्ट में होगा तलब

**जन एक्सप्रेस | अलीगढ़**

थाना हरदुआगंज क्षेत्र के तालानगरी में प्रॉपर्टी डीलर सोनू चौधरी की हत्या के बाद तमंचे सहित राजस्थान में सुनियोजित तरीके से जेल गया टाइगर ग्रुप सरगना हेमू चौधरी बेहद शातिर है। अब उसने खुद ही सोनू की हत्या में खुद को तलब कराने संबंधी अर्जी अदालत में दायर करा दी है। जिस पर मंगलवार को पुलिस ने रिपोर्ट दाखिल कर दी है। तलबी आदेश पर बुधवार को अदालत स्तर से निर्णय दिया जाएगा। विगत 25 जुलाई को कोंडरा के शैलेंद्र उर्फ सोनू चौधरी की हत्या के बाद पुलिस ने शूटर व कुछ साजिशकर्ता जेल भेज दिए थे। मगर फरार प्रमुख साजिशकर्ता हेमू को पुलिस तलाश रही थी। तभी पता चला कि वह छह अगस्त को राजस्थान के भरतपुर जिले के कुम्हेर थाना से सुनियोजित तरीके से तमंचे सहित गिरफ्तार होकर जेल चला गया।अभी पुलिस उसे बी वारंट पर यहां तलब कराने का प्रयास कर रही थी। इसी क्रम में दो दिन पहले हरदुआगंज प्रभारी निरीक्षक राजस्थान की जेल में उसके बयान लेने गए।तभी उन्हें पता चला कि हेमू ने खुद को सोनू की हत्या में तलब कराने संबंधी अर्जी खुद अपनी ओर से ही दायर करा दी है। यह सुनकर वे दंग रह गए।यहां वापस आकर सोमवार को अदालत खुलने पर उन्होंने जानकारी की तो पाया कि मामले में बुधवार की तारीख नियत है। अब वे अपनी ओर से इस मामले में अदालत को रिपोर्ट देंगे। फिर उसे यहां तलब कराने संबंधी आदेश जारी होगा।

# शिक्षा के क्षेत्र में बस्ती का सितारा– राजीव उपाध्याय को राज्य सम्मान

■ राज्य ने किया बस्ती के शिक्षक के योगदान को सम्मानित, बच्चों और शिक्षकों के लिए बने प्रेरणा का प्रतीक।

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

बेसिक शिक्षा विभाग के बहादुरपुर ब्लॉक में कार्यरत प्राथमिक विद्यालय आगई भगड़ में तैनात प्रधानाध्यापक राजीव उपाध्याय के राज्य पुरस्कार में चयनित होने पर बस्ती और शिक्षक परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई है। पूरे जिले में बधाइयों का दौर चल पड़ा है और शिक्षक संगठन भी इस सम्मान पर गर्व महसूस कर रहे हैं।

अगर जुनून हो, जज़्बा हो और दिल में कुछ कर गुजरने की चाह हो, तो कुछ भी असंभव नहीं होता। राजीव उपाध्याय ने अपने जीवन और कार्यों से यह साबित कर दिया है। जैसा कि कहते हैं–

इक चमकते सितारे की तरह, मेहनत से रोशन किया आसमान, जिसने शिक्षा के दीप जलाए, बदला बस्ती का हर अफ़साना।

राजीव उपाध्याय का नाम हाल ही में राज्य स्तर के शिक्षा सम्मान की सूची में घोषित किया गया है। यह सम्मान उनके वर्षों के अथक प्रयास, शिक्षा में नवाचार और बच्चों के उज्जवल भविष्य के प्रति समर्पण की पहचान है।

राजीव उपाध्याय ने शिक्षा के क्षेत्र में यह साबित कर दिया है कि समर्पित शिक्षक समाज में वास्तविक परिवर्तन ला सकते हैं। उन्होंने न केवल बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित किया, बल्कि ग्रामीण और शहरी स्कूलों में शिक्षकों का प्रशिक्षण, बच्चों के व्यक्तिगत मार्गदर्शन और शैक्षिक कार्यक्रमों का सफल संचालन भी किया। उनके प्रयासों से छात्रों की शैक्षणिक सफलता में लगातार सुधार हुआ और उनके विद्यालयों में पढ़ाई का माहौल प्रेरणादायक बन गया।

राज्य पुरस्कार की सूची में नाम घोषित होने के बाद यह सम्मान समारोह में औपचारिक रूप से प्रदान किया जाएगा। शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि राजीव उपाध्याय ने शिक्षा और समाज सेवा में योगदान से दूसरों के लिए प्रेरणा का काम किया है।

इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष उदय शंकर शुक्ला ने कहा, राजीव उपाध्याय ने शिक्षा के क्षेत्र में जो मिसाल पेश की है, वह किसी भी शिक्षक के लिए प्रेरणादायक है। उनके समर्पण, मेहनत और बच्चों के भविष्य के प्रति जिम्मेदारी ने बस्ती को गौरवान्वित किया है। यह पुरस्कार पूरी तरह से उनके निष्ठा और योगदान का प्रमाण है।

राजीव उपाध्याय ने पुरस्कार घोषित होने के बाद कहा, यह सम्मान केवल मेरे लिए नहीं है। यह उन सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए है जिन्होंने हमेशा मेरा साथ दिया। शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों के उज्जवल भविष्य और समाज के उत्थान का आधार है। मैं भविष्य में भी पूरी निष्ठा और मेहनत के साथ शिक्षा और समाज सेवा में काम करता रहूँगा।

स्थानीय लोग और अधिकारियों ने उनके सम्मान पर गर्व जताया और इसे जिले के लिए प्रेरक घटना बताया। उनका कहना है कि राजीव उपाध्याय ने साबित कर दिया है कि शिक्षा में लगन, ईमानदारी और जुनून से कोई भी शिक्षक समाज में नई रोशनी फैला सकता है।

राजीव उपाध्याय का यह राज्य सम्मान न केवल उनके व्यक्तिगत प्रयासों की पहचान है, बल्कि बस्ती को राज्य के नक्शे पर एक प्रेरक शहर के रूप में उजागर करता है। उनके योगदान से यह संदेश मिलता है कि सच्चा शिक्षक बच्चों के जीवन को बदलने के साथ-साथ पूरे समाज को प्रेरित कर सकता है।

इस अवसर पर बीएसए कार्यालय के वरिष्ठ सहायक संतोष गुप्त, जेपी श्रीवास्तव, पवन वर्मा, स्कंद दुबे, सूर्य प्रकाश शुक्ला और राजेश पाठक सहित तमाम कर्मचारियों ने उन्हें इस उपलब्धि पर बधाई और शुभकामनाएं दी।

इसके अलावा, बहादुरपुर के सभी शिक्षक और शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी ने भी उनके सम्मान पर गर्व व्यक्त किया। सभी ने कहा कि यह पुरस्कार केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि पूरे शिक्षक समुदाय के लिए प्रेरणा का स्रोत है।



### बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार का संदेश

राजीव उपाध्याय ने शिक्षा के क्षेत्र में अद्वितीय योगदान दिया है। इस सम्मान पर मैं उन्हें अपनी हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई देता हूँ। उनके समर्पण और निष्ठा ने न केवल बच्चों का भविष्य उज्जवल किया है, बल्कि पूरे जिले के शिक्षक समुदाय के लिए प्रेरणा का स्रोत बने हैं। मैं उम्मीद करता हूँ कि उनके कार्य और प्रेरणा आने वाले वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे।



राजीव उपाध्याय ने शिक्षा के क्षेत्र में अपने उत्कृष्ट योगदान से जो मिसाल पेश की है, वह अत्यंत सराहनीय है। इस राज्य सम्मान पर मैं उन्हें अपनी हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई देता हूँ। उनके समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा ने बच्चों के उज्जवल भविष्य को सुनिश्चित किया है और पूरे शिक्षक समुदाय के लिए प्रेरणा का स्रोत बने हैं। मैं विश्वास करता हूँ कि उनका यह योगदान आने वाले वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में नए मानक स्थापित करेगा और अन्य शिक्षकों के लिए प्रेरणा का कार्य करेगा।

**संजय शुक्ल, एडी बेसिक बस्ती मंडल**



मुझे यह जानकर खुशी है कि मेरा नाम राज्य शिक्षा पुरस्कार की सूची में शामिल किया गया है। यह मेरे लिए गर्व का क्षण है और शिक्षा के क्षेत्र में लगातार प्रयास करने की प्रेरणा भी। मैं इसे केवल अपनी उपलब्धि के रूप में नहीं देखता, बल्कि उन सभी शिक्षकों, अधिकारियों और सहयोगियों के समर्थन का परिणाम मानता हूँ जिन्होंने हमेशा मेरा साथ दिया। शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है, यह बच्चों के उज्जवल भविष्य और समाज के उत्थान का आधार है। मैं आगे भी पूरी निष्ठा और मेहनत के साथ शिक्षा और समाज सेवा में अपना योगदान देता रहूँगा।

**राजीव उपाध्याय, प्रधानाध्यापक, अगई भगाड़**

# आरटीआई की सूचना न मिलने पर सभासदों ने नगर पंचायत कार्यालय पर किया प्रदर्शन, लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जिले के नगर पंचायत कचगांव से आरटीआई की सूचना न मिलने को लेकर सभासदों ने बुधवार को उक्त नगर पंचायत कार्यालय पर जमकर प्रदर्शन किया। सभासदों ने आरोप लगाते हुए कहा कि नगर पंचायत कचगांव में तमाम कार्यों की जानकारी करने के लिए आरटीआई के तहत सूचना मांगी गयी थी। अधिशासी अधिकारी ने पत्र देकर हमलोगों को कार्यालय में बुलाया गया था। जब बुधवार को हम सभासद जब अधिशासी अधिकारी से सुचना प्राप्त करने के लिए कार्यालय पहुंचे तो कार्यालय में अधिशासी अधिकारी उपस्थित नहीं थी। सभासदों ने कहा कि जब हम लोग अधिशासी अधिकारी के बारे में कार्योलय के बाबू जानकारी मांगी तो उन्होंने कोई जानकारी नही दी। इसी बात से नाराज सभासदों ने कार्यालय के बाहर जमकर प्रदर्शन करते हुए कहा कि नगर पंचायत में मनमानी ढ़ंग से कार्य कराये जाने के कारण हम लोगों द्वारा जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत मांगी गयी सुचना नहीं देना चाहते है, सिर्फ हमलोगों को परेशान करने के लिए कार्यालय का चक्कर लगवाया जा रहा है। सभासदों ने आरोप लगाया कि जब सरकार के द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत आम जनमानस को यह अधिकार देता है कि किसी भी विकास कार्य में अगर सरकारी धन का उपयोग किया गया है तो आम जनमानस आईटीआई अधिनियम के तमाम जानकारी मांग सकता है। उसी अधिनियम के तहत नगर पंचायत कजगांव में कराये गये कार्यों की जानकारी के लिए सूचना मांगे गई थी, जसकी सूचना नहीं दिया गया। सूचना देने के लिए कार्यालय पर हम लोगों को पत्र लिखकर बुलाया गया था। कार्यालय जाने के बाद न सुचना की जानकारी दिया गया और न ही अधिशासी अधिकारी मौजूद रहीं। सभासदों ने गम्भीर आरोप लगाते हुए कहा कि आरटीआई अधिनियम कानून की खुले आम धज्जियां उड़ाई जा रही है। साथ ही सभासदों ने कहा कि नगर पंचायत में जो विकास कार्य कराया जा रहा है सभी कार्यों में जमकर भ्रष्टाचार किया गया है। प्रदर्शन करने वालों में आलोक मौर्य, अखिलेश यादव, इकबाल अंसारी, रितेश मौर्य, अरविन्द प्रजापति, सुनील विश्वकर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे

# विधवा ने प्रधान पर संपत्ति हड़पने का आरोप लगाया

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



बुधवार को कलवारी थाना क्षेत्र की बैडारी मुस्तहकम निवासिनी मीरा देवी पत्नी स्वर्गीय ध्रुव चन्द्र अपने तीन बेटियों और एक बेटे के साथ डी.एम. कार्यालय पहुंची और डीएम के साथ एसपी को भी पत्र देकर न्याय की गुहार लगाया। पति के चिता की आग अभी ठंडी भी नहीं हुई थी कि मीरा देवी 12 साल के बेटे विपिन जिसके हाथ में पिता को चिता देने के बाद कुल्हाडी थी इन्साफ की गुहार लगाने आ गयी। विधवा मीरा देवी ने पत्र में कहा है कि ग्राम प्रधान अभिषेक कुमार ने उसके पति को दारू पिलाकर जमीन लिखवा लिया और 20 अगस्त को ध्रुवचन्द्र को इतनी शराब पिलाई गई कि वह मरणासन्न हो गया। ग्राम प्रधान ध्रुवचन्द्र को मरणासन्न छोड़कर चले गये। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान ध्रुवचन्द्र की मौत हो गयी।

पत्र में ध्रुवचन्द्र की विधवा मीरा ने कहा है कि ग्राम प्रधान अभिषेक कुमार उनकी सम्पत्ति को हड़प लेना चाहते हैं। वैडारी मुस्तहकम में उसकी छोटी सी दूकान है जिससे परिवार की जीविका किसी तरह से चलती है। ग्राम प्रधान अभिषेक कुमार ने 27-12-2024 को ध्रुवचन्द्र से नुमाइसी वैनामा लिखा लिया है जिसका कोई कानूनी वजूद नहीं है। जो पैसा देना दस्तावेज में दिखाया गया है उसने ध्रुवचन्द्र से उसे वापस ले लिया। ग्राम प्रधान अभिषेक कुमार ने उसकी दूकान पर जबरिया कब्जा कर लेना चाहते हैं। उसने डीएम से मामले की जांच, दोषी पर कार्यवाही की मांग किया है।

इस सम्बन्ध में ग्राम प्रधान अभिषेक कुमार का कहना है कि मीरा द्वारा लगाये गये आरोप निराधार है। ग्राम प्रधानी का चुनाव नजदीक आने के कारण उसके विरूद्ध साजिश की जा रही है। उसने 8 लाख रूपया दिया है जिसमें कुछ नकद और बाकी बैंक खाते में दिया गया है। जांच से इसका सच सामने आ जायेगा।

# शिक्षा के प्रति अभिभावक हैं पूरी तरह जागरूक : एमएलसी



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जफराबाद भाजपा के विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह प्रिंसु ने कहा की बच्चों की शिक्षा के प्रति अभिभावक पूरी तरह से जागरूक हैं। बेटों से ज्यादा बेटियों को उच्च शिक्षित करने के प्रति हमेशा चैतन्य रहते हैं।

वह बुधवार को सिरकोनी विकास खण्ड के अंग्रेजी माध्यम के प्राथमिक विद्यालय गहोरा में स्मार्ट क्लास का शुभारंभ तथा शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा शिक्षा को लेकर सरकार द्वारा किये जा रहे बेहतर कार्य का असर दिख रहा है।

परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों में शिक्षा को लेकर अब बहुत कुछ समझाने की आवश्यकता नही है।स्कूल के बच्चों से श्री सिंह ने उनके विषय के बारे में पूछा तो सभी बच्चों ने संतोषजनक उत्तर दिया।

इस बात को लेकर उन्होंने प्रधानाध्यपिका निशा सिंह की प्रसंसा किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने विद्यालय परिसर में इंटरलॉकिंग, वाटर कूलर व आरो लगवाने की घोषणा किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए स्मार्ट क्लास के लिये अनुदान देने वाले एनजीओ के ग्रुप कैप्टन धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि बच्चों को स्मार्ट क्लास में बैठने के लिए कुर्सी टेबल, 72 इंच की एलईडी, दो बुक सेल्फ, दो ऑफिस टेबल, दो कुर्सी, किताबें, थ्री डी चार्ट आदि की व्यवस्था की गयी है।

### यह भी रहे कार्यक्रम में मौजूद

जफराबाद। क्षेत्र में आयोजित इस कार्यक्रम को सूबेदार मेजर शिवशंकर यादव, प्रेमशंकर यादव ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम के दौरान बीईओ अमरेश सिंह ने प्रधानाध्यपिका के बेहतर कार्यशैली के लिए मुख्य अतिथि के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कराया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान श्रीमती आरती जायसवाल ने किया। इस कार्यक्रम में रामेश्वर प्रसाद जायसवाल सहित विद्यालय का स्टॉप मौजूद रहा।

# प्रतियोगिता की विजेता छात्राओं को कुलपति ने सम्मानित कर बढ़ाया हौसला



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जौनपुर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने महिला अध्ययन केंद्र द्वारा आयोजित मेहंदी प्रतियोगिता की विजेता छात्राओं को बुधवार को प्रमाणपत्र देकर उनका हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि मेहंदी हमारी लोक परंपरा का अभिन्न हिस्सा रही है। आज की पीढ़ी का अपनी परंपराओं से जुड़ा रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करते हैं और सांस्कृतिक जुड़ाव को भी प्रोत्साहित करते हैं।

प्रतियोगिता में शिवानी वर्मा ने प्रथम, कलश ने द्वितीय और शिवानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुलपति ने तीनों विजेताओं को प्रमाणपत्र प्रदान कर उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम संयोजक एवं महिला अध्ययन केंद्र की प्रभारी डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव ने बताया कि छात्राओं के बहुमुखी विकास के लिए केंद्र द्वारा निरंतर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। यह मेहंदी प्रतियोगिता तीज के अवसर पर आयोजित की गई थी। इस अवसर पर डॉ. अन्नु त्यागी, डॉ. सोनम झा, डॉ. निमिषा यादव, डॉ. प्रियंका जायसवाल, डॉ. समरीन तबस्सुम, डॉ. वनिता सिंह एवं डॉ. पूजा सक्सेना सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएँ भी उपस्थित रहीं।

# भ्रष्टाचार पर नकेल के लिए वकीलों ने किया प्रदर्शन



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

मछलीशहर तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार का मुद्दा थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिला प्रशासन द्वारा इस मामले में अभी तक कोई कार्रवाई न किए जाने से नाराज मछली शहर के वकीलों ने बुधवार को प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए कामकाज ठप कर दिया। इसके चलते तहसील की सभी अदालतों में न्यायिक कार्य पूरी तरह से बाधित रहा।

दोपहर में बार की बैठक में अध्यक्ष द्वारा बिना वार्ता किए मामले को हल करने के लिखित पत्र देने पर अधिवक्ताओं ने कड़ा आक्रोश जताया। बैठक में भ्रष्टाचार समाप्त करने के मुद्दे पर वार्ता करने से अधिकारियों द्वारा इनकार करने पर हड़ताल करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश चंद्र सिन्हा, हरिनायक तिवारी, अशोक श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि अधिकारी भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के बजाय भ्रष्टाचार को उजागर करने वालो पर लगाम लगाने का प्रयास कर रहे हैं। जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के विपरीत है।

खबर प्रकाशित करने वाले पत्रकारों पर की गई कार्यवाही की निंदा की गई। अधिवक्ता रघुनाथ प्रसाद, भरत लाल, राम आसरे द्विवेदी ने साफ शब्दों में ललकारते हुए कहा कि तहसील में हर कार्यालय में काम के बदले दाम की कायम परम्परा को खत्म करने के लिए वार्ता करने का निर्णय लिया गया है।

बार के अध्यक्ष को प्रतिनिधिमंडल के साथ जाकर वृहस्पतिवार को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट से वार्ता करने के लिए अधिकृत किया गया है। वार्ता के प्रस्ताव को ठुकराने पर हड़ताल करने का फैसला लिया गया है।

अध्यक्षता बार के अध्यक्ष हुबेदार पटेल और संचालन महामंत्री नंदलाल यादव ने किया। उधर इस संबंध ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुमार सौरभ ने बुधवार को हुए प्रदर्शन के बाबत कहा कि प्रदर्शन बार के अध्यक्ष हुबेदार पटेल के विरोध में हुआ है। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर कोई प्रदर्शन नहीं किया गया है।

### एआरएम के खिलाफ आगे आया ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। ग्रामीण पत्रकार एसोशिएशन की जौनपुर इकाई ने 5 सूत्रीय मांगों को लेकर जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में मौजूद सिटी मजिस्ट्रेट इन्द्रनन्दन सिंह को ज्ञापन सौंपा। जिलाधिकारी के नाम सम्बोधित मांगों के ज्ञापन के माध्यम से जिलाध्यक्ष संजय अस्थाना ने कहा कि रोडवेज जौनपुर की एआरएम द्वारा पत्रकार देवेन्द्र खरे सहित अन्य पत्रकारों के साथ अभद्रता किया जिससे पत्रकारिता जगत में उनके प्रति भारी आक्रोश है। इसके साथ ही शहर में प्रतिदिन लग रहे जाम से चौराहों पर अत्यधिक भीड़ और घंटों जाम की स्थिति बनी रहती। जिसमें ड्यूटी करने वाले, मरीज को ले जा रहे एंबुलेस भी फंसे रहते हैं जिसके लिए निम्नलिखित मांगे हैं। जेसीज चौराहे पर अवैध प्राइवेट बस वो डग्गामार वाहन सुबह से शाम तक जाम लगाए रहते है, उस पर से टेम्पो व रिक्शा वाले बेतरतीब जाम की स्थिति बनाते है। प्रयागराज से गोरखपुर एवं गोरखपुर से प्रयागराज जाने वाली रोडवेज की अधिकृत बसे कभी भी डिपो में नहीं जाती है, वह भी जेसीज चौराहे पर खड़ी कर सवारी उतारते व चढ़ाते हैं। बनारस एवं लखनऊ जाने वाली रोडवेज के अधिकृत बसे भी रोडवेज पर ही स्टैंड समझते है वही से सवारी चढ़ाते और उतारते है जबकि रोडवेज का बड़ा परिसर खाली रहता है। रोडवेज के अधिकृत बसों के इस तरह अवैध रूप से स्टैंड बनाने और जाम लगाने के बारे में जब ऋरू रोडवेज ममता दुबे से जब जानकारी करने के लिए एसोसिएशन के तहसील सदर अध्यक्ष व न्यूज वन इंडिया के पत्रकार देवेंद्र खरे ने जानकारी चाही तो ऋरू भड़क गईं।

# हमारा विद्यालय हमारा स्वभिमान



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

सितम्बर को आयोजित होने वाले हमारा विद्यालय, हमारा स्वाभिमान÷ कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शिक्षक नेता सत्येंद्र सिंह राणा की अध्यक्षता में बुधवार को नव दुर्गा मंदिर सद्भावना पुल पर संगठन की अहम बैठक हुई। जिसमें उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए श्री राणा ने कहा कि इस अभियान को जिले में पूरी तरह से सफल बनाना हम सभी का संकल्प है । इसके लिए सभी शिक्षक साथी पूरे मनोयोग से अभी से ही तैयारी में जुट जांय। उन्होंने बताया कि एक सितम्बर को हमारा विद्यालय, हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम जनपद के प्रत्येक विद्यालय पर कराना है।

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के तत्वावधान में आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश ने जनपद के समस्त विद्यालयों से आह्वान किया है कि इस कार्यक्रम को अपने अपने विद्यालय पर सम्पन्न कराये। पूरी तरह से सफल बनाये आपका विद्यालय ही आपका स्वाभिमान है। हम सब यह दृढ़ संकल्प लेते हैं कि हमारा विद्यालय हमारा तीर्थ है। हमारी आत्मा का अभिमान है और राष्ट्र निर्माण का आधार है। बैठक समाप्त होने के बाद संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षक नेता सत्येंद्र सिंह राणा की अगुवाई में जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद को उनके कार्यालय में उपस्थित होकर संकल्प पत्र दिया गया। जिलाधिकारी के द्वारा प्रतिनिधि मंडल को ससम्मान पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर जिला संयोजक सत्येंद्र सिंह राणा, केशव प्रसाद सिंह, डॉ अरविंद प्रकाश सिंह, डॉ ज्ञान प्रकाश उपाध्याय, डॉ उमेश पाठक अन्य लोग उपस्थित रहे।

# जौनपुर के गौरव बने प्रधानाध्यापक सतीश कुमार सिंह, महामहिम राज्यपाल द्वारा राज्य अध्यापक पुरस्कार हेतु चयनित

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जौनपुर जिले के विकासखंड सुईथाकला के शिक्षा जगत में उस समय हर्ष की लहर दौड़ गई जब पूर्व माध्यमिक विद्यालय अशोकपुरकला के प्रधानाध्यापक सतीश कुमार सिंह का चयन उत्तर प्रदेश राज्य अध्यापक पुरस्कार 2024-2025 के लिए हुआ। बेसिक शिक्षा विभाग के इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चयनित होने पर श्री सिंह को महामहिम राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि से न केवल विद्यालय, बल्कि पूरा ब्लॉक सुईथाकला एवं जनपद जौनपुर गौरवान्वित हुआ है। सतीश कुमार सिंह ने अपने शिक्षण कार्य, नवाचार, विद्यालयी परिवेश के विकास एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण उत्थान में जो भूमिका निभाई है, वह सराहनीय और अनुकरणीय है।

### नवाचार और समर्पण का अद्भुत मेल

सतीश कुमार सिंह ने विद्यालय में शैक्षिक गुणवत्ता सुधार के लिए डिजिटल शिक्षण पद्धति, बाल-केंद्रित गतिविधियाँ, एवं पुस्तकालय विस्तार जैसे कई नवाचार किए हैं। उनके मार्गदर्शन में विद्यालय का परीक्षाफल लगातार उत्कृष्ट रहा है। साथ ही उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने हेतु अभिभावकों को भी प्रेरित किया है। उनके प्रयासों से विद्यालय का नाम जनपद ही नहीं, प्रदेश स्तर पर भी सम्मानित हुआ है।

### सम्मान से गदगद, गुरुजन-शिक्षक वर्ग में उल्लास

श्री सिंह के राज्य पुरस्कार हेतु चयन की जानकारी मिलते ही विकासखंड के शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने उन्हें बधाई दी। स्थानीय शिक्षक संघ, अभिभावक समिति एवं ग्रामवासियों ने इस उपलब्धि को क्षेत्र की बड़ी उपलब्धि बताते हुए श्री सिंह को माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया।

खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा, सतीश कुमार सिंह ने शिक्षा के क्षेत्र में जो योगदान दिया है, वह पूरे ब्लॉक के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनका यह सम्मान आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होगा।

### परिवार व क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर

सतीश कुमार सिंह के इस चयन से उनके परिवार एवं क्षेत्र में खुशी का माहौल है। ग्राम अशोकपुरकला के निवासियों ने ढोल-नगाड़ों के साथ उनका अभिनंदन किया। वहीं विद्यार्थियों ने रंगोली और पोस्टर के माध्यम से अपनी खुशी जाहिर की।

### समर्पित शिक्षक की पहचान

गौरतलब है कि श्री सतीश कुमार सिंह बीते दो दशकों से शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत हैं और उन्होंने सदैव विद्यार्थियों के हित को सर्वोपरि रखा है। वे सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में भी अग्रणी रहे हैं। उनके इस सम्मान से यह सिद्ध होता है कि सच्ची लगन, परिश्रम और निष्ठा से किया गया कार्य एक दिन अवश्य रंग लाता है।

# विद्यालय के पास खोदा गया खतरनाक गड्ढा बन सकता है बड़ी दुर्घटना का कारण

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जौनपुर जलालपुर स्थानीय थाना क्षेत्र के प्रधानपुर गांव में बुधवार को एक भैंस पानी से भरे गहरे गड्ढे में गिर गई। गड्ढा इतना गहरा था कि भैंस का पूरा शरीर डूब गया और सिर तक पानी में चला गया। डूबती भैंस ने छटपटाना और जोर-जोर से आवाज़ करना शुरू किया, जिसे सुनकर पास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे।ग्रामीणों ने बिना देरी किए पानी में उतरकर और जेसीबी मशीन की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद भैंस की जान बचाई। ग्राम प्रधान रामलाल मौर्य ने जानकारी दी कि यह गड्ढा सरकारी प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्री वॉल के ठीक पास कुछ लोगों द्वारा जबरन खुदवाया गया है, जो अब बारिश के पानी से लबालब भर गया है। ग्रामीणों का कहना है कि इसकी शिकायत पहले भी की जा चुकी है, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय लोगों ने चिंता जताई है कि यदि इस गड्ढे में कोई स्कूली बच्चा गिर जाए, तो उसकी जान बचा पाना मुश्किल होगा। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस गड्ढे को तुरंत पटवाया जाए और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके।

# किशोरियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए दें व्यावसायिक प्रशिक्षण : प्रतिमा श्रीवास्तव

- डीएम के साथ में जिला जज ने किया राजकीय सम्प्रेक्षण गृह का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**



बुधवार को जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव और जिलाधिकारी शषांक त्रिपाठी ने महिला कल्याण विभाग द्वारा किशोर न्याय अधिनियम-2015 के अन्तर्गत संचालित राजकीय सम्प्रेषण गृह एवं राजकीय विशेष गृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण में सीडीओ अन्ना सुदन भी मौजूद रहे।निरीक्षण के दौरान तीनों अधिकारियों ने गृह में निवासरत किशोरियों की दैनिक आवश्यकताओं, आवासीय सुविधाओं, भोजन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं, शिक्षा एवं सुरक्षा की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया। रसोईघर, शौचालय, आवासीय कक्षों और प्रशिक्षण कक्षों का निरीक्षण कर अधिकारियों ने स्वच्छता, व्यवस्थाओं और संसाधनों की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्हें और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।अधिकारियों ने यह निर्देश दिए कि गृह में रह रही बालिकाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उनके मानसिक स्वास्थ्य सहित समग्र विकास के लिए नियमित रूप से वोकेशनल ट्रेनिंग आदि आयोजित किए जाएं, जिससे वे आत्मविष्वास और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ सकें। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि भोजन और आवासीय सुविधाओं की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा स्वच्छ वातावरण हर हाल में सुनिश्चित किया जाए।निरीक्षण के दौरान यह भी निर्देश दिए गए कि किशोरियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों को और प्रभावी ढंग से लागू किया जाए, ताकि वे भविष्य में अपने पैरों पर खड़ी होकर समाज में सम्मानजनक जीवन जी सकें। स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और टीकाकरण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर अधिकारियों ने किशोरियों से संवाद भी किया और उनकी आवश्यकताओं एवं सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने आष्वासन दिया कि उनकी हर उचित आवश्यकता पर गंभीरता से विचार कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के समय मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, एडीजे श्रीकृष्ण चंद्र सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह सहित महिला कल्याण विभाग एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# एचपी गैस टैंकर ट्रक सड़क पर खड़े होने से याता बाधित

- सड़क के दोनों तरफ वाहन खडे हो जाने से ग्रामीणों और आम चार पहिया वाहन निकलने में बड़ी समस्या, जिम्मेदार मौन...?

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**




सड़क पर बे हिसाब ट्रक खड़े होने से लोगों को बडी मुश्किलो का सामना करना पड़ता है। जनपद में थाना दही छेत्र में एचपी गैस प्लांट में गैस का बड़ा फेर बदल होता है। एचपी बॉटलिंग प्लांट में आने वाले एलपीजी गैस भरे टैंकर सड़क के दोनों तरफ खड़े कर दिए जाते है। सड़क के दोनो तरफ गैस टैंकर खड़े होने से आवागमन बाधित रहता है। इससे यहां कभी भी हादसे का खतरा बना रहता है। प्लांट प्रबंधन को इस पर ध्यान देना चाहिए। जो कि जनहित और आम जनमानस के यातायात व्यवस्था हेतु अति आवश्यक है। जिम्मेदार पुलिस कर्मी भी अनदेखी करके निकल जाते है। ऐसा अखबार नहीं छेत्रीय लोगों का कहना है। देखने पर पता चला कि 10 या 20 नही सैकड़ों की संख्या में गैस प्लांट के बाहर गैस भरे और खाली टैंकर खड़े रहते । दही चौकी औद्योगिक क्षेत्र साइड दो स्थित एचपी बॉटलिंग प्लांट में टैंकरों से गैस आती है। जब प्लांट से गैस सिलेंडर लदे टैंकर बुलाए जाते है, तो यहां से गैस सिलेंडर लदे टैंकर भेजे जाते हैं। किंतु पार्किंग में टैंकर न खड़े होकर नियम विरुद्ध तरीके से सड़क किनारे ही खड़े रहते है। प्रतिदिन सड़क के दोनों ओर टैंकर खड़े रहते हैं। अन्य वाहनों के निकलने के लिए कम जगह रहती है। इससे यहां पर हर समय जाम के हालात बने रहते हैं। ऐसे में यहां पर हर समय हादसे की आशंका बनी रहती है। साथ ही ट्रैफिक भी धीमे ही चल पाता है। आने वाले समय में इधर से हाइवे चालू होने वाला है। तब तो यह और विकराल समस्या के रूप में सामने आएगा। छेत्रिय लोगों ने अखबार के माध्यम से इस विकराल समस्या को जिला प्रशासन तक पहुंचाने का प्रयास किया है।

### प्लांट मैनेजर का नही उठा फोन...

एचपी बॉटलिंग प्लांट मैनेजर से इस गंभीर प्रकरण पर बात करने की कोशिश की गई। किंतु उनके फोन पर अपरान्ह और शाम को लगातार फोन की घंटी बजती रही। फोन रिसीव न हो पाने के कारण उनका पक्ष सामने नहीं आ पाया।

### सड़क पर खड़े रहते है ट्रक....

टैंकरों के लिए दही चौकी पुरवा मार्ग पर पार्किंग बनाई गई है। किंतु पार्किंग में एक्का दुक्का ही टैंकर जाते है। जल्दी नम्बर के चक्कर में अधिकतर ट्रक चालक प्लांट के बाहर ही पहले नम्बर आने के चक्कर में खड़े कर देते है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### भागती दुनिया में ठहराव की ज़रूरत : आर्या शर्मा

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी ।** आज का मनुष्य तेज़ी से भाग रहा हैकृसपनों के पीछे, सफलता के पीछे, नाम और पहचान के पीछे। जीवन एक दौड़ बन चुका है जहाँ हर कोई आगे निकलना चाहता है, पर रुककर सोचने का समय किसी के पास नहीं है। उक्त बात जनपद की होनहार मनोविज्ञान की छात्रा आर्या शर्मा ने कही। उन्होने आगे कहा कि इस भागदौड़ में हम रिश्तों को खोते जा रहे हैं, आत्मा की आवाज़ को अनसुना कर रहे हैं। सुबह मोबाइल से शुरुआत और रात मोबाइल पर समाप्तिकृहम मशीनों के गुलाम बनते जा रहे हैं। माँ की पुकार, पिता की चिंता, भाई–बहन का साथ, और अपने आप से संवाद के कारण सब कुछ पीछे छूटता जा रहा है। उन्होने आगे कहा कि विकास ज़रूरी है, लेकिन मानवता उससे भी ज़्यादा। कभी–कभी जीवन की इस तेज़ रफ्तार को विराम देना भी ज़रूरी है। एक कप चाय के साथ परिवार से बात करना, किसी दोस्त से बिना कारण मुलाक़ात करना, या बस बैठकर ख़ुद से मिले ये छोटी–छोटी चीज़ें ही जीवन को अर्थ देती हैं।जो समाज केवल गति में जीता है, वह धीरे–धीरे संवेदनशीलता खो देता है। इसलिए आज ज़रूरत है ठहराव की, मन की शांति की, और जीवन को सच में जीने की।कभी–कभी रुक जाना, थम जाना, और बस मुस्कुरा देना ही सबसे बड़ी उपलब्धि होती है।

### कोतवाली प्रभारी ने छात्राओं को किया जागरुक

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी ।** बुधवार को कोतवाली प्रभारी हैदरगढ़ ने पोखरा में स्थित राजकीय इण्टर कॉलेज परिसर में यूपी पुलिस के अभियान डिजिटल वॉरियर के तहत जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में फेक न्यूज के खण्डन, साइबर अपराध के प्रति जागरूकता एवं पुलिस के सराहनीय कार्यों को सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर व्यापक रूप से प्रसारित किए जाने के लिए युवा पीढ़ी के सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स एवं कॉलेज के छात्राओं को यूपी पुलिस का डिजिटल वॉरियर बनाए जाने के सम्बन्ध में जागरुक किया गया। छात्रों को साइबर क्राइम एवं फेक न्यूज़ को रिपोर्ट करने, सामाजिक दायरे में फेक न्यूज़ एवं साइबर अपराध के प्रति अपने परिवारीजनों एवं मित्रों को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर पर प्रभारी निरीक्षक हैदरगढ़ अभिमन्यु मल्ल मय टीम मौजूद रहे।

### मुरलीगंज में लगी पुलिस की चौपाल

**जन एक्सप्रेस । जैदपुर बाराबंकी ।** जैदपुर थाना क्षेत्र के मुरलीगंज में गाँव में पुलिस ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें थाना प्रभारी संतोष सिंह ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए कहा कि पुलिस हर समय आप लोगों के साथ है। कोई भी समस्या होने पर आप लोग तत्काल पुलिस से संपर्क करें। ग्राम पंचायत में सफ़ाई व्यवस्था का मुद्दा छाया रहा। जिसको ग्राम प्रधान से तत्काल सफाई कराने के आदेश दीजिए। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों से कहा की कोई समस्या हो तत्काल स्थानीय पुलिस व टोल फ्री नंबर पर कॉल कर के मदद ले सकते हैं। चौपाल में बीट दरोगा रवि सिंह,ग्राम प्रधान आदि मौजूद थे।

### भक्तों ने की भगवान श्रीगणेष की मूर्ति की स्थापना

**जन एक्सप्रेस । जैदपुर बाराबंकी ।** जैदपुर कस्बे में पांच दिवसीय श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव का भव्य शुभारंभ बुधवार कोवैदिक मंत्रोच्चारण हवन पूजन के साथ शुरू हुआ। भगवान श्रीगणेश जी की मूर्ति स्थापना की गई। कस्बे में स्थित श्री राम जानकी बालाजी महाराज संगत मंदिर में श्री सिद्धिविनायक युवा समिति के नेतृत्व में 10वां पांच दिवसीय श्री गणेश महोत्सव की शुरुआत की गई। मंदिर प्रांगण में वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ गणपति बप्पा की मूर्ति स्थापना की गई। तथा हवन पूजन आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। 28 अगस्त को महिला संगीत कार्यक्रम आयोजित होगा। 29 अगस्त को भजन व कीर्तन व 30 अगस्त को महा आरती का आयोजन किया जाएगा। अंतिम दिन 31 अगस्त को मंदिर प्रांगण से दिन के तीन बजे ऊंट घोड़े डीजे ब्रास बैंड शंख घंटा घड़ियाल नृत्य मण्डली आतिशबाजी आदि के साथ भगवान श्री गणेश जी महाराज की भव्य एवं विशाल मूर्ति विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो कस्बे के निर्धारित मार्गो से होते हुए थाना चौराहा होते हुए विसर्जन के लिए सफदरगंज स्थित कल्याणी नदी तट पर जाएगी। जहां पर हवन पूजन आदि के पश्चात मूर्ति का विसर्जन किया जाएगा।

### पदाधिकारियों ने कुन्तेश्वर महादेव मंदिर में किया जलाभिषेक

**जन एक्सप्रेस । सिरौलीगौसपुर । बाराबंकी ।** भाजपा नेता नीरज वर्मा के द्वारा कुंतेष्वर महादेव मंदिर में भाजपा की नवनियुक्त मंडल कार्यकारिणी का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सभी पदाधिकारियों ने पहले भगवान शिव के दर्शन–पूजन किए।मंदिर परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को गमछा पहनाया गया। साथ ही लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल का चित्र भी भेंट किया गया। इस दौरान सभी पदाधिकारियों को नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी गईं।कार्यक्रम में जिला मंत्री रामसागर कनौजिया, मंडल अध्यक्ष संदीप रावत और निवर्तमान मंडल अध्यक्ष संतोष पांडेय जिला प्रतिनिधि प्रहलाद कुमार विमल सहित अन्य मंडल पदाधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

# 'लम्पी रोग से पशुओं को बचाएं किसान'

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**



**हैदरगढ़।** विकास खंड हैदरगढ़ क्षेत्र के पशु चिकित्सालय चौबीसी क्षेत्र के विभिन्न गांव एक विशेष टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। पशु चिकित्साधिकारी डॉ. धनेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।शिविर में बाराबंकी बॉर्डर और अमेठी से लगे ग्राम चकडोमा, चिरैया और वलीपुर में लंपी रोग से बचाव के लिए 200 गोवंश का निःशुल्क टीकाकरण किया गया। साथ ही पशुओं को कृमिनाशक दवाएं भी वितरित की गईं।पशु चिकित्सा अधिकारी चौबीसी डॉक्टर धनेश गुप्ता ने पशुपालकों को लंपी रोग के लक्षणों व बचाव की जानकारी दी उन्होंने बताया कि इस रोग में पशुओं के शरीर पर गिल्टी और दाने निकलते हैं। बुखार आता है और दूध की मात्रा कम हो जाती है। पशु सुस्त हो जाते हैं।घोड़ों में होने वाली ग्लैंडर बीमारी की जांच के लिए कमेला और मरुई के 10 पशुपालकों के घोड़ों के रक्त नमूने लिए गए। इन नमूनों को रूटीन जांच के लिए भेजा गया है।पशुपालकों को स्वस्थ पशुपालन के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। बीमार पशुओं को अलग रखने, स्वच्छ चारा और पानी देने की सलाह दी गई। बॉर्डर क्षेत्र के पशुपालकों को गोवंश को खुले में चराने से बचने की हिदायत दी गई।इस अभियान में डॉ. संजीत, प्रशांत, रामसिंह, पशुधन प्रसार अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी, पवन तिवारी, पैरावेट सत्यदेव, रवि यादव और शिवम का सहयोग रहा।

# सुन्दर नगर सोसाइटी में 7 वां विशाल गणेश महोत्सव का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



कानपुर के सुन्दर नगर पनकी में भगवान गणेश चतुर्थी को लेकर मूर्ति स्थापित कर पूजन किया गया । दस दिवसीय कार्यक्रम प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष 7 वां महोत्सव श्रद्धालु बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मना रहे हैं । कार्यक्रम आयोजक रंजीता सविता ने बताया कि गणेश चतुर्थी का पर्व हर साल भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है । इस बार 27 अगस्त से गणेश चतुर्थी मनाई जा रही है । प्रतिवर्ष भगवान गणेश की प्रतिमा की स्थापना करते हैं और विधिपूर्वक पूजा-अर्चना करते हैं। जिसे गणपति भक्त बड़े धूमधाम से मनाते हैं । गणेश जी को विघ्नहर्ता कहा जाता है। गणेश जी अपने भक्तों की हर कष्ट से रक्षा करते हैं और हर कार्य के विघ्न और बाधाओं को दूर करते हैं । गणेश जी बुद्धि के देवता माना जाता है और उनकी पूजा करने से बुद्धि तेज होती है । भगवान गणपति बप्पा को 4 सितंबर को विदाई व 5 सितंबर भंडारे का आयोजन किया जायेगा । श्रद्धालु ऋषि , दिव्या सविता , डिम्पल यादव , टिंकल यादव , पूनम ने बताया कि गणेश जी की कृपा जिस पर हो जाए तो उसका मंगल ही मंगल होता है । गणेश चतुर्थी के दिन जीवन की सभी विघ्न-बाधाओं को दूर करने के लिए श्रद्धालु भगवान की आराधना करते है।

# बाबा बलखंडेश्वर महादेव मंदिर में विशाल गणेश महोत्सव का हुआ आयोजन



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

विकास खंड सिकंदरपुर सरोसी के परियर गांव में बाबा बलखंडेश्वर महादेव मंदिर परिसर में बुधवार को गणेश चतुर्थी पर बड़े हर्षौल्लास के साथ विधि विधान से गणेश प्रतिमा स्थापित कर साथ दिवसीय श्री गणेश महोत्सव प्रारंभ किया गया। गणेश कमेटी के लोंगो ने बताया कि रोज सुबह 8 बजे आरती पूजन व शाम 7 बजे आरती पूजन के बाद संगीतमय भगवान की कथा झांकी आदि भक्तिमय आयोजन होंगे। 2 सितंबर को मूर्ति का गांव भ्रमण के बाद विसर्जन व भंडारा होगा।



# परियर में मंदिर से हुआ घंटा चोरी

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

**परियर।** सफीपुर कोतवाली के परियर में पुलिस बूथ के पास स्थित बाबा पार्श्वनाथ मंदिर के अंदर से बीती रात घंटा चोरी हो गया। मंदिर के व्यवस्थापक दुर्गेश सविता ने बताया परियर चौकी में प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।चौकी प्रभारी अनिल कुमार राजपूत ने बताया शिकायती पत्र मिला है।जल्द घंटा चोर को आस पास के सी सी टी वी कैमरा आदि की मदद से पकड़ा जाएगा।

## सीडीओ ने लाभार्थियों को वितरण किए एग कार्ट

# शहर के पशु चिकित्सा कार्यालय परिसर में 10 लाभार्थियों को किया गया वितरण




**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

पशु चिकित्सा कार्यालय परिसर में केंद्र और प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप मुख्य विकास अधिकारी कृति राज ने सरकार द्वारा स्व रोजगार डंडी की प्राथमिकता के क्रम में गरीबों को रोजगार प्रदान करने और उनके मनोबल को बढ़ावा देने के क्रम में जिले के 10 अंडा विक्रेताओं /लाभार्थियों को एग कार्ट का वितरण किया।इस मौके पर उन्होंने कहा कि आप को यह कार्ट दिया जा रहा है जिससे आपका जीविकोपार्जन हो सके आप लोग मेहनत और लगन से अपने व्यवसाय में उन्नति करे ।मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा0 महावीर सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार के द्वारा विभाग द्वारा एन आई सी सी एन जी ओ के द्वारा सर्वे किया गया था जिसके बाद पात्रों को आज यह कार्ट वितरण किया गया है। उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सदर डा0 संजय चतुर्वेदी ने आए हुए दोनों अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंटकर और अंग वस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया और सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। पात्रों में मियागंज के अनिल राठौर , हिमांशु राठौर सोहित और आकाश राठौर, गंज मुरादाबाद के राम बाबू,सफीपुर के गौरव भारती,जय दीप सिंह,चन्द्र पाल,दिनेश, रावेंद्र कुमार ने कार्ड पाकर अधिकारियों को धन्यवाद दिया। कार्यकम में एन आई सी सी के सुभाष चन्द्र त्रिपाठी ने पात्रों को कार्ट के उपयोग की जानकारी दी ।इस मौके पर विजय शुक्ला ,दिनेश पटेल , सेवा निवृत रवींद्र शुक्ला, कमलेश मिश्रा कुन्नु सहित अन्य कई लोग मौजूद रहे।

# एसडीएम ने बीएसए को कार्रवाई के लिए भेजा पत्र

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

पुरवा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर निर्वाचन नामावलियों के पुनरीक्षण कार्य में 12 बीएलओ द्वारा अबतक निर्वाचन सामग्री न लेने के चलते एसडीएम ने बीएसए को कार्रवाई के लिए पत्र भेजा है एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर मतदाता पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है।जिसके तहत तीनों ब्लाकों असोहा, पुरवा व हिलौली के बीएलओ व पर्यवेक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी जिसमे से असोहा ब्लाक के पांच व हिलौली ब्लाक के सात बीएलओ ने अभी तक अपनी ड्यूटी व निर्वाचन सामगी तहसील से नहीं प्राप्त की है।जबकि कई बार कहा जा चुका है बीएसए को अब तक ड्यूटी न प्राप्त करने वाले 12 बीएलओ के विरुद्ध कार्रवाई के लिए पत्र भेजा गया है।



# मूर्ति स्थापना के साथ शुरू हुआ सात दिवसीय गणेश महोत्सव

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

**नवाबगंज।** राजमार्ग स्थित सरस्वती मेडिकल कॉलेज में छात्रों द्वारा बुधवार को भगवान गणेश प्रतिमा की स्थापना करने के साथ गणेश चतुर्थी से सात दिवसीय महोत्सव की शुरुआत हुई। प्रधानाचार्य डॉ आर एन श्रीवास्तव ने प्रतिमा की पूजा अर्चना कर आयोजन का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान कॉलेज परिसर में भक्ति और सांस्कृतिक चेतना का माहौल बना रहा। छात्र-छात्राओं के उत्साह और चिकित्सक शिक्षक एवं कर्मियों की सक्रिय भागीदारी से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।विद्यार्थियों ने अपनी सांस्कृतिक परंपराओं को प्रस्तुत कर राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक समरसता का संदेश दिया। सभी ने बप्पा मोरया के जयघोष के साथ सुख, समृद्धि और स्वास्थ्य की कामना की।

# कल्याणपुर में ई–रिक्शा बना मुसीबत, घंटों जाम से लोग बेहाल

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**





कल्याणपुर क्षेत्र में ई-रिक्शा व्यवस्थित न होने से आम जनता का जीवन बेहाल हो गया है। खासतौर पर पनकी रोड पर हालात सबसे ज्यादा खराब हैं, जहां दिनभर किसी भी समय जाम लगना आम बात हो गई है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि कल्याणपुर क्रॉसिंग पर ई-रिक्शा चालक मनमाने तरीके से अपनी गाड़ियां तिरछी खड़ी कर देते हैं। इस कारण सड़क पर रेंग-रेंग कर वाहन चलते हैं और पैदल चलने वाले लोगों को भी रास्ता निकालना मुश्किल हो जाता है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि जब भी कोई व्यक्ति ई-रिक्शा चालकों को सही तरीके से वाहन लगाने की बात करता है, तो वे विरोध करने लगते हैं। कई बार स्थिति इतनी बिगड़ जाती है कि चालक मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। लोग बताते हैं कि यह समस्या रोजमर्रा की हो गई है और क्षेत्र में अराजकता का माहौल बन गया है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि क्रॉसिंग पर तैनात पुलिसकर्मी सब कुछ देखते हुए भी चुप रहते हैं। लोगों का कहना है कि पुलिस विवाद और झगड़े को रोकने की बजाय केवल मूकदर्शक बनी रहती है। ऐसे में ई-रिक्शा चालकों के हौसले और बुलंद हो जाते हैं और वे बिना किसी डर के नियम तोड़ते रहते हैं। रोजाना लगने वाले जाम से स्कूली बच्चों, नौकरीपेशा लोगों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा दिक्कत उठानी पड़ती है। ऑफिस और स्कूल के समय पर जाम का आलम ऐसा होता है कि लोग घंटों तक सड़क पर फंसे रहते हैं। सबसे गंभीर स्थिति तब बनती है जब एंबुलेंस इस जाम में फंस जाती है। कई बार पनकी रोड पर एंबुलेंस तक आधे-आधे घंटे जाम में फंसी रही है, जिससे मरीजों की जिंदगी खतरे में पड़ गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि समय पर अस्पताल न पहुंच पाने की वजह से कई बार मरीज की हालत और बिगड़ जाती है। लोगों ने बताया कि आए दिन इस समस्या के कारण झगड़े होते हैं और माहौल तनावपूर्ण बन जाता है। बाजार जाने वाले लोग, दुकानदार और दफ्तर जाने वाले कर्मचारी भी परेशान हैं। ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है, लेकिन पुलिस और प्रशासन की चुप्पी से आम जनता में नाराजगी बढ़ रही है। क्षेत्रीय नागरिकों ने पुलिस और प्रशासन से मांग की है कि कल्याणपुर क्रॉसिंग पर ई-रिक्शा के लिए अलग स्टैंड बनाया जाए और वहां कड़ी निगरानी रखी जाए। साथ ही अराजकता फैलाने वाले ई-रिक्शा चालकों पर सख्त कार्रवाई की जाए। लोगों का कहना है कि अगर जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए गए तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

# मंधना बाजार पर विशेष वर्ग का कब्ज़ा, किसान सड़क किनारे बैठने को मजबूर

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

**बिठूर।** कल्याणपुर विकासखंड के अंतर्गत मंधना बगदौधी बांगर क्षेत्र में स्थित पारंपरिक सब्जी एवं अनाज मंडी का हाल इन दिनों बदतर होता जा रहा है। यहाँ वर्षों से एक विशेष वर्ग के लोगों ने बाजार के मुख्य हिस्सों पर कब्ज़ा जमा रखा है, जिसके चलते बाहर से आने वाले किसान व ग्रामीण विक्रेता अब सड़क किनारे या बाजार के बाहर ही अपनी उपज बेचने को मजबूर हैं। स्थानीय किसानों का कहना है कि मंडी परिसर में पक्की दुकानें और शेड तो बने हैं,लेकिन वहाँ खुलेआम कब्ज़ा कर लिया गया है। कई दुकानें मंडी के असली काम से हटकर निजी व्यवसाय या गोदाम के रूप में इस्तेमाल की जा रही हैं। हम दोपहर 2 बजे से आ जाते हैं,लेकिन अंदर जगह नहीं मिलती, मजबूरी में धूप और बारिश में सड़क किनारे बैठकर बिक्री करनी पड़ती है, एक किसान ने बताया। सड़क किनारे सब्जी बेचने वाले किसान अपनी जान जोखिम में डालकर बैठते है.सड़क किनारें रखे ट्रांसफार्मर से भी किसानों कों जान का खतरा बना रहता है,सड़क किनारें लगी किसानों की दुकानों पर ग्राहकों की मौजूदगी पर ट्रैफिक जाम और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है, वहीं खरीदारों को भी सुरक्षित व व्यवस्थित खरीदारी का माहौल नहीं मिल पा रहा। बरसात के दिनों में कीचड़ और गंदगी से हाल और बिगड़ जाता है।

### प्रशासन का इस ओर ध्यान ना देना कई सवालो कों उतपन्न करता है.

स्थानीय लोगों के अनुसार,यह स्थिति नई नहीं है।कई बार शिकायतें की गईं हैं,लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।सूत्र बताते हैं कि कब्जाधारियों के राजनीतिक और सामाजिक दबाव के चलते प्रशासन भी चुप्पी साधे है।

# हिमाचल: भूस्खलन से राज्य में सैकड़ों सड़कें बंद बिलासपुर में भरभरा कर गिरा मकान

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। शिमला

हिमाचल प्रदेश में दो दिन तबाही मचाने के बाद बुधवार को मौसम तो खुल गया लेकिन दुश्वारियां बरकरार हैं। राज्य में 584 सड़कें बंद हैं। 1,155 बिजली ट्रांसफार्मर व 346 जल आपूर्ति योजनाएं भी प्रभावित हैं। इससे दर्जनों गांवों में बिजली-पेयजल आपूर्ति सहित संचार सेवा भी ठप है। वहीं बिलासपुर जिले की ग्राम पंचायत मंझेड़ में एक मकान ढह गया। वहीं बिलासपुर शहर के धौलरा सेक्टर में एक शौचालय ढह गया। मकान को भी खतरा बना हुआ। भूस्खलन, बाढ़ से राज्य में सैकड़ों सड़कें बंद हैं। वहीं मणिमहेश यात्रा को फिलहाल स्थगित किया गया है।



### हलूण गांव में उफनती रावी नदी में समा गए कई घर

चंबा जिले में भारी बारिश ने तबाही मचाई है। जिले के होली का हलूण गांव में 9 घर उफनती रावी नदी में समा गए। नदी में आई बाढ़ ने ऐसा कहर बरपाया कि गांव के 9 घर ताश के पत्तों की तरह बह गए। हालांकि, खतरे को देखते हुए घरों को पहले ही खाली कर दिया गया था। वहीं, लगातार नदी के पानी से भूमि कटाव हो रहा है।

### कुल्लू मनाली हाईवे आठ जगह ब्यास में बहा

मनाली और लाहौल घाटी का सड़क संपर्क जिला मुख्यालय कुल्लू के साथ कट गया है। कुल्लू मनाली हाईवे-तीन रामशिला से लेकर मनाली तक करीब सात से आठ स्थानों पर ब्यास नदी में बह गया है। ऐसे में लोगों के लिए आवाजाही करना मुश्किल हो गया है। वहीं कुल्लू-मनाली वामतट भी बंद पड़ा है। लोगों ने अपने कामकाज के लिए पैदल ही सफर करना पड़ रहा है।

### कुल्लू-मनाली में जनजीवन अस्त-व्यस्त

मंगलवार को मूसलाधार बारिश से रौद्र रूप में आई ब्यास नदी ने मनाली से लेकर कुल्लू व मंडी तक तबाही मचाई। मनाली के बांहग में दो रेस्तरां, तीन दुकानें, एक घर और तीन खोखे बहा ले गई। एक कार, ट्रक और पिकअप भी नदी में समा गई। रामशिला के पास तीन मकान, जबकि ओल्ड मनाली में सात खोखे बह गए। मनाली में क्लब हाउस को भी नुकसान पहुंचा है। ओल्ड मनाली में मनालसू नाला पर बना पुल ध्वस्त हो गया। सेऊबाग में पैदल पुल भी बह गया। समाहन में सड़क धंसने से मनाली-लेह मार्ग भी बंद है। कुल्लू-मनाली हाईवे का रायसन, बिंदू ढांक, मनाली के आलू ग्राउंड और 17 मील के पास करीब 700 मीटर हिस्सा बह गया। रायसन के पास शिरढ़ रिजॉर्ट को खतरा हो गया है। बढ़ीधार में एक दो मंजिला मकान ढह गया है। पतलीकूहल में नग्गर को जोड़ने वाले पुल के लिए बनी सड़क बह गई।

### हिमाचल में इतने दिन बरसेंगे बादल

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार राज्य के कई भागों में 2 सितंबर तक बारिश का दौर जारी रहने का पूर्वानुमान है। इस दौरान कुछ स्थानों पर भारी बारिश का येलो अलर्ट है। ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, चंबा, कांगड़ा, मंडी, शिमला, सोलन व सिरमौर जिले में अलग-अलग दिन भारी बारिश का अलर्ट है। वहीं बीती रात को चंबा में 51.0. धर्मशाला 40.4, जोत 38.0, नयना देवी जी 26.8, पालमपुर 22.4, कांगड़ा 21.6, बिलासपुर 20.4, अंब 20.0, देहरा गोपीपुर 18.4 व करसोग में 18.0 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

### हाईवे तीन दिन से बंद, गाड़ियों में ही सड़ गए फल-सब्जियां,

चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे पंडोह से औट के बीच पिछले तीन दिनों से बंद है। हालांकि, सोमवार को यह हाईवे कुछ समय के लिए खुला था और उस वक्त छोटे-बड़े वाहनों को यहां से गुजारा भी गया था लेकिन उसके बाद भारी बारिश के कारण हाईवे फिर से बंद हो गया। बड़ी संख्या में मालवाहक वाहन फंसे हुए हैं। हाईवे को सबसे ज्यादा नुकसान दवाड़ा में लारजी पावर हाउस के पास पहुंचा है। हाईवे के बंद होने के कारण सैकड़ों मालवाहक वाहन फंसे हुए हैं। बहुत से वाहन ऐसे हैं जो पंजाब, हरियाणा और दिल्ली की मंडियों से फल, सब्जियां और जरूरत का अन्य सामान कुल्लू-मनाली और लाहौल-स्पीति की तरफ लेकर जा रहे थे। लेकिन तीन दिनों से हाईवे बंद होने के कारण अब फल-सब्जियां खराब होने लगे हैं। चालक दवलेंद्र सेन, गुरविंदर सिंह और राज सिंह ने बताया कि वे तीन दिनों से यहां फंसे हुए हैं। प्रशासन की तरफ से भोजन-पानी की व्यवस्था तो की जा रही लेकिन गाड़ियों में मौजूद सामान खराब हो गया। अब उन्हें इसका भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। वहीं मंडी जिला प्रशासन की तरफ से दी गई जानकारी के अनुसार हाईवे को बहाल करने का कार्य तेज गति के साथ किया जा रहा है। एनएचएआई और लोक निर्माण विभाग की मशीनरी इस कार्य में जुटी हुई है।

### भजनाथ में कच्चा स्लेटपोश रिहायशी मकान ध्वस्त

कांगड़ा जिले की ग्राम पंचायत अप्पर परागपुर के गांव भजनाथ में पवन कुमार पुत्र चंद राम का कच्चा स्लेटपोश रिहायशी मकान अचानक गिर गया। प्रभावित पवन कुमार मजदूरी करता है और वार्ड नंबर पांच का निवासी हैं। मकान ढहने से अब उसका आशियाना उजड़ गया। हादसे की सूचना मिलते ही पंचायत प्रधान मीना कुमारी भी मौके पहुंचीं। उन्होंने ग्रामीणों के सहयोग से प्रभावित परिवार का सामान सुरक्षित बाहर निकलवाया। वहीं तहसीलदार परागपुर चिराग शर्मा ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने प्रशासन की ओर से तिरपाल उपलब्ध करवाई है। तहसीलदार ने भरोसा दिलाया कि जल्द फौरी राहत राशि जारी की जाएगी।

### एनडीआरएफ ने लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया

कांगड़ा जिले में लगातार बारिश से पौंग बांध का जलस्तर खतरे के निशान से पार हो गया। इससे मंड क्षेत्र में बाढ़ से हालात बिगड़ गए हैं। बुधवार को एनडीआरएफ की टीम ने बाढ़ में फंसे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। प्रभावित क्षेत्रों में राहत कैंप बनाए हैं, जहां ठहरने, खाने-पीने और स्वास्थ्य सुविधाओं की पूरी व्यवस्था की गई है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि सतर्क रहें, अनावश्यक रूप से नदी किनारे न जाएं और प्रशासन के निर्देशों का पालन करें।

### सोलन शहर के वार्ड-12 में गिरा डंगा, घरों को खतरा

सोलन शहर के वार्ड-12 में बारिश के दौरान एक डंगा गिरने से आसपास घरों के लिए खतरा पैदा हो गया है। यह डंगा रात के समय गिर गया। इसके ठीक ऊपर घर में कई लोग रहते हैं। इसके पास निर्माणाधीन भवन को भी खतरा हो गया है। आगामी दिनों में अगर बारिश का क्रम ऐसा ही रहा तो यहां पर डंगे के साथ घर भी गिर सकता है।

### मानसून में अब तक 306 लोगों की गई जान

प्रदेश में जारी बारिश के बीच मानसून सीजन के दौरान अभी तक कुल 2394 करोड़ रुपये की संपति का नुकसान हो चुका है। प्रदेश में इस मानसून सीजन में 20 जून से 25 अगस्त तक 306 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। 367 लोग घायल हुए हैं। 38 लोग अभी लापता हैं। इस दौरान 150 लोगों की सड़क हादसों में मौत हुई है।

# राजस्थान हाईकोर्ट से आसाराम को बड़ा झटका अंतरिम जमानत नहीं बढ़ेगी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जोधपुर



राजस्थान हाईकोर्ट से आसाराम को बड़ा झटका लगा है। जनवरी 2025 के तीसरे सप्ताह से लगातार जेल से बाहर चल रहे आसाराम की अंतरिम जमानत बढ़ाने से हाईकोर्ट ने इंकार कर दिया है। कोर्ट के इस फैसले के बाद अब आसाराम को एक बार फिर जोधपुर की सेंट्रल जेल में सरेंडर करना होगा। जानकारी के अनुसार, राजस्थान हाईकोर्ट में आसाराम की ओर से अंतरिम जमानत बढ़ाने के लिए याचिका दायर की गई थी। जस्टिस दिनेश मेहता और जस्टिस विनीत कुमार माथुर की डबल बेंच ने याचिका पर सुनवाई की थी। कोर्ट ने 29 अगस्त तक अंतरिम जमानत बढ़ाने के साथ ही अहमदाबाद के सिविल अस्पताल में तीन वरिष्ठ चिकित्सकों का मेडिकल बोर्ड बनाने का निर्देश दिया था, जिसमें दो कार्डियक और एक न्यूरोलॉजी विशेषज्ञ शामिल थे। कोर्ट ने आसाराम की जांच के बाद मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट ईमेल के जरिए रजिस्ट्रार ज्यूडिशियल को भेजने का आदेश दिया था। बुधवार को सुनवाई के दौरान सिविल अस्पताल अहमदाबाद की रिपोर्ट का अवलोकन करने के बाद कोर्ट ने आसाराम की अंतरिम जमानत बढ़ाने से इंकार कर दिया। इस फैसले से आसाराम को बड़ा झटका लगा है।

### रिपोर्ट- आसाराम की सेहत ठीक है

आसाराम की ओर से अधिवक्ताओं ने दलील दी कि फिलहाल गुजरात हाईकोर्ट से भी उन्हें 3 सितंबर तक अंतरिम जमानत मिली हुई है, इसलिए उनकी जमानत बढ़ाई जानी चाहिए। वहीं, सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता और राजकीय अधिवक्ता दीपक चौधरी ने कहा कि सिविल अस्पताल की रिपोर्ट के अनुसार आसाराम की सेहत ठीक है, इसलिए जमानत बढ़ाने की आवश्यकता नहीं है।

### तो चिकित्सकीय सुविधा ले सकते हैं

हाईकोर्ट ने रिपोर्ट देखने के बाद अंतरिम जमानत बढ़ाने से इंकार कर दिया। हालांकि, कोर्ट ने आसाराम को स्वतंत्रता दी है कि यदि भविष्य में बीमारी की आशंका हो तो वे तत्काल चिकित्सकीय सुविधा ले सकते हैं और नए सिरे से हाईकोर्ट में आवेदन कर सकते हैं।

# गाजियाबाद पुलिस का सड़क अतिक्रमण के खिलाफ अभियान, चालान की कार्रवाई शुरू

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद



गाजियाबाद शहर में बढ़ते ट्रैफिक जाम और सड़क अतिक्रमण की समस्या को नियंत्रित करने के लिए गाजियाबाद यातायात पुलिस ने एक विशेष अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत सड़कों पर अवैध रूप से अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। पुलिस द्वारा विधिक कानूनों के अंतर्गत चालान की कार्रवाई शुरू कर दिया है। जिसके तहत सड़कों पर अनधिकृत पार्किंग, अस्थायी दुकानें, और अन्य अतिक्रमण करने वालों पर जुर्माना लगाया जा रहा है। इस अभियान ने शहरवासियों में उम्मीद जगाई है कि अब सड़कों पर व्यवस्था बहाल होगी। गाजियाबाद के व्यस्त इलाकों जैसे राजनगर, मोहननगर, और कविनगर में सड़क अतिक्रमण एक बड़ी समस्या बन चुका है। फुटपाथों पर अवैध दुकानें, सड़कों पर खड़े वाहन, और ठेले-खोमचे यातायात को बाधित करते हैं, जिससे रोजाना जाम की स्थिति बनती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अतिक्रमण के कारण पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है, और आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। इस समस्या को देखते हुए यातायात पुलिस ने विशेष अभियान शुरू कर सख्ती बरतनी शुरू की है। इस अभियान के तहत सड़कों पर अवैध रूप से वाहन खड़ा करने वालों, फुटपाथों पर दुकानें लगाने वालों, और अन्य अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ चालान किए गए। पहले चरण में शहर के प्रमुख चौराहों और बाजारों पर नजर रखी गई, जहां अतिक्रमण की समस्या सबसे अधिक थी। पुलिस द्वारा जुर्माना के साथ साथ कई अवैध संरचनाओं को हटाने के निर्देश भी दिए। साथ ही पुलिस ने लोगों से अपील किया है कि वे सड़कों और फुटपाथों का दुरुपयोग नहीं।



# फ्लैट की छत गिरी, पांच घायल, एसडीएम ने जाना घायलों का हाल

- प्रशासन द्वारा दी जायेगी सहायता, उपचार में ना हो कोई कमी: एसडीएम

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

साहिबाबाद थाना क्षेत्र में स्थित फ्लैट नंबर 326 जीडीए फ्लैट सोसाइटी संजय कॉलोनी अर्थला की पहली मंजिल पर बने फ्लैट की छत 26 अगस्त की देर रात गिर गई। फ्लैट में सो रहे जाहिद पुत्र नियाजुद्दीन उम्र करीब 55 वर्ष मकान मालिक, अलीमन पत्नी शहीद उम्र करीब 80 , शहनाज पत्नी जाहिद उम्र करीब 40 वर्ष, जाबिर पुत्र जाहिद उम्र करीब 22 वर्ष, नजराना पुत्री जाहिद उम्र करीब 20 वर्ष गंभीर चोट घायल हो गए। जिन्हें उपचार हेतु एम्बुलेंस से एमएमजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के दुर्घटना पर अफसोस जताते हुए उप जिलाधिकारी सदर अरुण दीक्षित को निर्देश देकर मामले पर कार्यवाही और प्रशासनिक मदद मुहैया कराने का आदेश दिया ।जिसके बाद उपजिलाधिकारी अस्पताल पहुंच घायल व्यक्तियों से मिले और प्रशासन द्वारा सहायता का आश्वासन दिया। उन्होने चिकित्सकों को निर्देशित किया कि घायलों के उपचार में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं होनी चाहिए।

# व्यापार दबाव में नहीं, सहमति से होना चाहिए, अमेरिकी टैरिफ के बीच मोहन भागवत का स्वदेशी अपनाने पर जोर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने मंगलवार को स्वदेशी और आत्मनिर्भरता पर जोर देते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार केवल सहमति से होनी चाहिए, किसी दबाव में नहीं। उन्होंने साफ कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनकर ही दुनिया में योगदान देना है। दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोहन भागवत ने हिंदुत्व की परिभाषा पर भी विस्तार से बात की। उन्होंने कहा, हिंदुत्व या हिंदुपन क्या है? अगर इसे संक्षेप में कहना हो तो दो शब्द हैं सत्य और प्रेम। दुनिया का संचालन एकता से होता है, सौदेबाजी और अनुबंधों से नहीं। इस दौरान मोहन भागवत ने कहा कि हिंदुस्तान का जीवन मिशन विश्व कल्याण है। उनका कहना था कि विकास की दौड़ में दुनिया ने भीतर झांकना छोड़ दिया है। अगर भीतर खोज होगी तो ऐसी अनंत खुशी मिलेगी जो कभी खत्म नहीं होगी।

# पीएम मोदी और अमित शाह का असम दौरा तय सीएम सरमा ने कैबिनेट के अहम फैसलों की दी जानकारी



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गुवाहाटी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमस दौरे की तारीख बदल गई है। पहले वे 8 सितंबर को आने वाले थे, लेकिन अब उनका कार्यक्रम 13 और 14 सितंबर को होगा। सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने बताया कि पीएम मोदी 13 सितंबर को गुवाहाटी आएंगे और भारत रत्न भूपेन हजारिका की जन्मशताब्दी समारोह के उद्घाटन में शामिल होंगे। 14 सितंबर को वे मांगलदोई और उसके बाद नुमालिगढ़ का दौरा करेंगे। इसके अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी असम आएंगे। वे 28 अगस्त की रात गुवाहाटी पहुंचेंगे और भाजपा मुख्यालय में कोर कमेटी की बैठक करेंगे। 29 अगस्त को शाह गुवाहाटी में तीन कार्यक्रमों में शामिल होंगे। सीएम सरमा ने बताया कि मंगलवार की कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसले लिए गए हैं। इसमें असम प्लांटेशन क्रॉप डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के कर्मचारियों को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (वीआरएस) देने का फैसला हुआ है। इसके लिए सरकार ने छह करोड़ रुपये मंजूर किए। राज्य सरकार ने 969 करोड़ रुपये के चार समझौता ज्ञापनों को मंजूरी दी है। इससे लगभग 2704 रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

### जमीन की खरीद-बिक्री पर नई एसओपी

वहीं धर्मों के बीच जमीन की खरीद-बिक्री पर नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) बनाई गई है। बाहर से आने वाले एनजीओ जो असम में जमीन लेकर स्कूल या अस्पताल खोलना चाहते हैं, उनकी जांच अब राष्ट्रीय सुरक्षा के नजरिए से होगी। वहीं, स्थानीय एनजीओ पर यह सख्ती लागू नहीं होगी।

### ऐसे सभी मामलों को सरकार की विशेष शाखा जांचेगी

सीएम ने कहा कि असम जैसे संवेदनशील राज्य में धर्मों के बीच जमीन का लेन-देन सामाजिक ताने-बाने को प्रभावित कर सकता है। इसलिए अब ऐसे सभी मामलों को सरकार की विशेष शाखा जांचेगी। इसमें यह देखा जाएगा कि पैसा कहां से आया है, क्या आयकर रिटर्न में दिखाया गया है, स्थानीय लोगों को कोई आपत्ति है या नहीं, और राष्ट्रीय सुरक्षा का कोई पहलू जुड़ा है या नहीं। तभी कलेक्टर को जमीन ट्रांसफर की अनुमति दी जाएगी।

### सैयदा हामिद पर सीएम का बयान

पूर्व योजना आयोग सदस्य सैयदा हामिद पर भी सीएम से सवाल पूछा गया। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ फिलहाल एफआईआर दर्ज नहीं की जाएगी। सीएम सरमा ने कहा कि अगर एफआईआर की जाएगी तो वे अलग-अलग जगह से चंदा इकट्ठा कर इसे मुद्दा बनाएंगी। लेकिन अगर वे असम वापस आती हैं तो उनके साथ कानून और हमारी संस्कृति के मुताबिक सम्मानजनक व्यवहार किया जाएगा।

# आरोग्य उत्सव में जुटे देश-विदेश के स्वास्थ्य विशेषज्ञ आयुष चिकित्सा को बढ़ावा देने पर दिया जोर





जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारत मंडपम में 24 अगस्त से 27 अगस्त तक तीन दिवसीय आरोग्य उत्सव एक्सपो 2025 का आयोजन किया गया। इंटीग्रेटेड आयुष काउंसिल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में देश-विदेश के स्वास्थ्य विशेषज्ञों, नीति-निर्माताओं, विद्वानों और लोगों ने भाग लिया। इसमें स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने आयुष चिकित्सा प्रणाली को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने पर जोर दिया। महोत्सव का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। एक्सपो में आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध, होम्योपैथी और प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति पर अनेक सत्र हुए। विशेषज्ञों ने शोध और अनुभव साझा किए। साथ ही पंचकर्म, योग-प्रशिक्षण, हर्बल उपचार, ऑर्गेनिक प्रोडक्ट्स और निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण के जरिये लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। एक्सपो का उद्घाटन त्रिपुरा के राज्यपाल इंद्रसेना रेड्डी नल्लू ने किया। उन्होंने कहा कि समाज की प्रगति नागरिकों के स्वास्थ्य पर निर्भर है। उन्होंने आयुष पद्धतियों को शिक्षा और जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। राष्ट्रीय महासचिव डॉ. विपिन कुमार ने कहा कि परिषद का उद्देश्य परंपरा और आधुनिकता के संगम से विश्व को स्वास्थ्य की नई दृष्टि देना है। अंतराष्ट्रीय योग गुरु डॉ. एचआर नागेंद्र ने कहा कि योग और आयुर्वेद केवल उपचार नहीं बल्कि जीवन का विज्ञान है। उन्होंने पारंपरिक पद्धतियों और आधुनिक शोध के बीच संतुलन की आवश्यकता बताई। आचार्य बालकृष्ण जी ने कहा कि आयुर्वेद को घर-घर पहुंचाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने भारतीय परंपरा और धरोहर को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का आह्वान किया। भारतीय योग संस्थान के अध्यक्ष देशराज ने कहा कि योग भारत की आत्मा है।

# कटक रेलवे स्टेशन पर हादसा: निर्माण कार्य के दौरान दीवार और प्लेटफार्म का शेड गिरा, एक युवक जख्मी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कटक



कटक रेलवे स्टेशन पर बुधवार को हादसा हो गया। स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्य के दौरान दीवार का एक हिस्सा और प्लेटफार्म का शेड ढह गया। हादसे में एक युवक जख्मी हो गया। वहीं मलबा ट्रैक पर गिर जाने से रेल यातायात प्रभावित हुआ। ओडिशा के कटक रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकास का काम चल रहा है। ईस्ट कोस्ट रेलवे (ईसीओआर) के एक अधिकारी ने बताया कि प्लेटफार्म नंबर एक पर बुधवार को अचानक दीवार गिरने से एक शेड की छत भी ढह गई और पटरियों पर गिर गई। पूर्वी तट रेलवे (ईसीओआर) ने कहा कि कटक रेलवे स्टेशन पर पुनर्विकास कार्यों के दौरान पर्याप्त सुरक्षा सावधानियों के साथ कुछ निर्माण कार्य किया जा रहा था। दोपहर 3.45 बजे एक पुरानी दीवार प्लेटफॉर्म पर गिर गई, जिससे प्लेटफॉर्म 1 और 2 पर ट्रेनों की आवाजाही अस्थायी रूप से बाधित हुई। उन्होंने कहा कि मरम्मत का काम पहले से ही चल रहा है और जल्द ही लाइनें साफ हो जाने की उम्मीद है। लोगों ने बताया कि यह घटना वंदे भारत ट्रेन के प्लेटफार्म से गुजरने के तुरंत बाद हुई। खुर्दा रोड डिवीजन के अतिरिक्त डिवीजनल रेलवे मैनेजर (ऑपरेशन) प्रदीप कुमार बेहरा ने कहा कि घटना में एक व्यक्ति को मामूली चोट आई है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बेहरा ने कहा कि जो ढांचा ढहा वह बहुत पुराना था। पुनर्विकास कार्य चल रहा था, इसलिए किसी भी आम आदमी को उस हिस्से में जाने की अनुमति नहीं थी। उन्होंने कहा कि मरम्मत का काम जोरों पर चल रहा है और रेल सेवा जल्द ही बहाल कर दी जाएगी। कटक के पुलिस उपायुक्त खिलाड़ी ऋषिकेश ज्ञानदेव ने कहा कि घटना के तुरंत बाद जीआरपी, अग्निशमन सेवा, आरपीएफ और एक मेडिकल टीम मौके पर पहुंच गई। अब मरम्मत का काम चल रहा है।

# सीएम भगवंत मान ने राहत कार्यों में लगाया निजी हेलीकॉप्टर, खुद पूरी कैबिनेट के साथ फील्ड पर उतरे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। चंडीगढ़

पंजाब भी मौसम की मार झेल रहा है, वहीं मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार इस कठिन आपदा को एकजुट होकर जनता के लिए राहत और पुनर्वास में जुट चुकी है। बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में मुख्यमंत्री खुद जमीनी हालात का जायजा ले रहे हैं, जबकि पूरी कैबिनेट और प्रशासनिक अमला चौबीसों घंटे मोर्चा संभाले हुए है। मुख्यमंत्री मान ने गुरदासपुर और पठानकोट के बाढ़ग्रस्त गांवों में पहुंचकर न सिर्फ पीड़ितों से मुलाकात की, बल्कि हर परिवार को भरोसा दिलाया कि पंजाब सरकार उन्हें हर हाल में राहत पहुंचाएगी।

# बंगाल: दुर्गा पूजा अनुदान पर कलकत्ता हाईकोर्ट का सख्त निर्देश, कहा, पिछला हिसाब दिए बिना नहीं मिलेगा नया फंड

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता

दुर्गा पूजा समितियों को मिलने वाले सरकारी अनुदान को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। अदालत ने साफ कर दिया है कि पिछले साल मिले अनुदान का पूरा हिसाब-किताब दिए बिना किसी भी क्लब को नया अनुदान नहीं मिलेगा। इसे बंगाल सरकार के लिए बड़े झटके रूप में देखा जा रहा है। बुधवार को न्यायमूर्ति सुजय पाल और न्यायमूर्ति स्मिता दास डे की बेंच ने कहा कि सरकारी पैसे का इस तरह बेतरतीब खर्च नहीं हो सकता। जिन क्लबों ने अब तक बीते साल का हिसाब नहीं दिया है, उन्हें एक महीने की मोहलत दी गई है। तय समय सीमा में उपयोगिता प्रमाणपत्र (यूसी) जमा करने वाले क्लबों को ही इस साल का अनुदान मिलेगा। राज्य सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि साल 2024 में कोलकाता पुलिस इलाके की 2,876 पूजा समितियों को अनुदान दिया गया था और सभी ने उपयोगिता प्रमाणपत्र जमा किया है। वहीं, जिलों में 41,799 चेक जारी किए गए, जिनमें से 41,795 क्लबों ने अनुदान लिया और 41,792 ने हिसाब भी दिया। केवल सिलिगुड़ी पुलिस के अधीन तीन क्लबों ने अब तक प्रमाणपत्र नहीं सौंपा है। इससे पहले कलकत्ता हाईकोर्ट ने कहा था कि राज्य को प्रत्येक आयोजक को 10 लाख रुपये देने पर विचार करना चाहिए, क्योंकि यह पूजा के आयोजन के अनुरूप होगा। 85 हजार रुपये आवश्यक व्यय की तुलना में कुछ भी नहीं है। न्यायाधीश ने कहा कि उन्होंने पिछले दो वर्षों में कई दुर्गा पूजा पंडालों का दौरा किया और महसूस किया कि 85,000 रुपये आयोजन में किए गए खर्च के लिए कुछ भी नहीं है। बता दें कि पिछले साल प्रति क्लब 85,000 रुपये का अनुदान दिया गया था, जबकि इस साल यह राशि बढ़ाकर 1,10,000 रुपये कर दी गई है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी,
(प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)